रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 02 मई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-249 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### डीपफेक वीडियो के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर



**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय में आगामी लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश करने वाले डीपफेक वीडियो के प्रसार के खिलाफ एक जनहित याचिका दायर की गयी। अधिवक्ता जयंत मेहता ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ के समक्ष इस याचिका का उल्लेख किया।

### मिसाइल आधारित स्मार्ट टारपीडो का सफल परीक्षण



**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने नई पीढ़ी की मिसाइल आधारित हल्की टारपीडो प्रणाली स्मार्ट का सफल परीक्षण किया। ओड़िशा के तटीय क्षेत्र में डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किए गए इस परीक्षण से नौसेना की पनडुब्बी रोधी मारक क्षमता में इजाफा होगा और अब नौसेना पारंपरिक रेंज से अधिक दूरी तक मार करने में सक्षम होगी।इस प्रणाली का डिजाइन और विकास डीआरडीओ ने किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस प्रणाली के सफल परीक्षण पर बधाई देते हुए कहा है कि इससे नौसेना की मारक क्षमता बढ़ेगी।

# मोदी के पास 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड और 25 साल का विजन है : अमित शाह

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद समाप्त होने का वादा करते हुए कहा कि जब छत्तीसगढ़ में भूपेश कक्का की सरकार थी, वह नक्सलवाद को बढ़ावा देते रहे। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के पास 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड भी है और आने वाले 25 साल का एजेंडा भी। छत्तीसगढ़ आदिवासी, पिछड़ा वर्ग, दलित समाज का बहुलता वाला क्षेत्र है। मोदी ने 2014 में कहा था कि हमारी सरकार गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों की होगी। अब मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का अर्थ है कि देश और छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद, आतंकवाद से मुक्ति दिलाना, देश के गरीब के कल्याण की चिंता करना, पूरे देश को विकसित और आत्मनिर्भर बनाना, जनजातियों के सम्मान की चिंता करना और छत्तीसगढ़ को देश का सबसे पहले नंबर का राज्य बनाना। मोदी ने पिछले 10 साल में ढेर सारे काम किए। हर गरीब को घर दिया है, हर घर को नल से जल दिया है, हर घर को गैस का सिलेंडर दिया है, 5 लाख रुपए तक का बीमा दिया है, प्रति व्यक्ति प्रतिमाह 5 किलो चावल भेजा है, शौचालय बनाकर दिया है, हर व्यक्ति को कोरोना का निःशुल्क टीका लगवाकर देश को सुरक्षित किया है और उस वक्त राहुल गांधी कहते थे, ये मोदी टीका है, मत लगवाना। ये अच्छा है कि देशवासी उनकी सुनते नहीं हैं और सबने टीका लगवा लिया और फिर खुद भी अपनी बहन के साथ जाकर गुपचुप टीका लगवा लिया। राहुल गांधी को कोरोना जैसी महामारी में भी राजनीति करने के लिए शर्म महसूस करनी चाहिए।




## राकेश चतुर्वेदी बीजेपी में हुए शामिल



**रायपुर।** रिटायर्ड आईएफएस राकेश चतुर्वेदी ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले ली है। चतुर्वेदी राज्य के वनबल प्रमुख रह चुके है। रिटायर्डमेंट के बाद उन्हें जैव विविधता बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया था। चतुर्वेदी ने अपनी राजनीतिक पारी की शुरूआत कोरबा में आयोजित केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सभा से की।

## कर्नाटक में यौन शोषण मामले में मोदी की चुप्पी खतरनाक : राहुल गांधी

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि कर्नाटक में महिलाओं के साथ वीभत्स यौन अत्याचार हो रहे हैं लेकिन मोदी ने इस मामले में चुप्पी साधी हैं जो खतरनाक है। उन्होंने कहा कि देशभर में महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहे हैं लेकिन मोदी हमेशा की तरह इन घटनाओं को लेकर खामोश हैं। कमाल तो यह है कि कर्नाटक में सब कुछ जानते हुए भी उन्होंने यौन शोषण के आरोपी के लिए उन्होंने जनता से वोट मांगे।गांधी ने कहा, कर्नाटक में महिलाओं के साथ हुए वीभत्स अपराध पर भी नरेंद्र मोदी ने हमेशा की तरह शर्मनाक चुप्पी साध ली है। प्रधानमंत्री को जवाब देना होगा- सब कुछ जान कर भी सिर्फ वोटों के लिए उन्होंने सैकड़ों बेटियों का शोषण करने वाले हैवान का प्रचार क्यों किया। आखिर इतना बड़ा अपराधी बड़ी सहूलियत के साथ देश से फरार कैसे हो गया। उन्होंने कहा,कैसरगंज से कर्नाटक और उन्नाव से उत्तराखण्ड तक, बेटियों के गुनहगारों को प्रधानमंत्री का मूक समर्थन देश भर में अपराधियों के हौसले बुलंद कर रहा है। क्या मोदी के 'राजनीतिक परिवार' का हिस्सा होना अपराधियों के लिए 'सुरक्षा की गारंटी' है?

## अमेठी-रायबरेली के उम्मीदवारों के नाम 24 घंटे में कर देंगे तय : कांग्रेस

एजेंसी ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने कहा है कि अमेठी और रायबरेली संसदीय क्षेत्र के लिए उम्मीदवारों के नाम अगले 24 से 30 घंटे के भीतर तय कर दिए जाएंगे। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान सवालों के जवाब में कहा कि उम्मीदवार तय करने में देरी नहीं हुई और अगले 30 घंटे में दोनों सीटों के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर देंगे। उन्होंने कहा कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने कांग्रेस अध्यक्ष को अधिकृत किया है कि वह जल्द से जल्द रायबरेली तथा अमेठी के लिए उम्मीदवारों का चयन कर दें और मुझे लगता है 24 घंटे के अंदर कांग्रेस अध्यक्ष अमेठी और रायबरेली के लिए उम्मीदवारों की चयन की घोषणा कर देंगे। अमेठी रायबरेली से चुनाव मैदान में उतरने को लेकर गांधी परिवार पर डरने के भाजपा के आरोप सम्बंधी प्रश्न पर उन्होंने पलटकर सवाल किया कि क्या भाजपा ने रायबरेली के उम्मीदवार की घोषणा की है।

## महतारी वंदन योजना की तीसरी किश्त महिलाओं के खाते में पहुंची : विष्णुदेव साय



**रायपुर।** साय सरकार ने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत तीसरी किश्त महिलाओं के खाते में ट्रांसफर कर दी है। इसके तहत प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं को एक-एक हजार की राशि उनके खातों में पहुंचाई गई है। सीतापुर की चुनावी सभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने महतारी वंदन योजना की तीसरी किश्त दे दी है। उन्होंने सभी माताओं-बहनों से अपना-अपना खाता चेक करने की बात कही।

## कोविड-कोविशील्ड : उच्चतम न्यायालय में याचिका, दुष्प्रभावों की जांच की मांग

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कोविशील्ड वैक्सीन के कथित दुष्प्रभावों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की देखरेख में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक की अध्यक्षता में चिकित्सा विशेषज्ञों की एक कमेटी गठित करने का निर्देश देने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर की गई है। कोविशील्ड निर्माता की यूनाइटेड किंगडम में टीके के दुष्प्रभावों की स्वीकारोक्ति की रिपोर्ट सामने आने के बाद अधिवक्ता विशाल तिवारी ने यहां यह याचिका दायर की है। यह याचिका 2021 की लंबित एक जनहित याचिका के मद्देनजर दायर की गई है। उन्होंने अपनी याचिका में दलील देते हुए केंद्र सरकार को उन नागरिकों के लिए टीका क्षति भुगतान करने और उसके लिए एक टीका क्षति प्रणाली स्थापित करने का निर्देश देने की मांग की है, जो कोविड-19 महामारी के दौरान टीकाकरण अभियान के परिणामस्वरूप गंभीर रूप से विकलांग हो गए या जिनकी मृत्यु हो गई है। दलील देते हुए आवेदक ने आगे कहा कि सरकार द्वारा सुरक्षा के आश्वासन पर कोविड-19 वैक्सीन अभियान के दौरान बड़ी संख्या में लोगों को कोविशील्ड की वैक्सीन दी गई।



# रायपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को भाटापारा से अधिकाधिक मतों से विजयी बनाने को लेकर भाजपा कार्यालय में बैठक हुई

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



बड़ी तादाद में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कार्यकर्ताओं से आगामी दिनों में भाजपा के होने वाले कार्यक्रम के रूपरेखा बताते हुए कहा कि भाटापारा क्षेत्र में विकास के अधिकांश कार्य बृजमोहन अग्रवाल के माध्यम से ही हुए हैं और अगर वे हमारे जन प्रतिनिधि बनते हैं तो विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रह पाएगी। विधायक शर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आगामी 5 दिन हमारे लिए महत्वपूर्ण दिन है इन पांच दिनों में सब काम छोड़कर आप सब अपने मतदान केंद्रों पर ही ध्यान दीजिए और पर्ची बाटने से लेकर व्यक्तिगत संपर्क बनाए रखिए और अपने बूथों से अधिकाधिक मत दिलाने का प्रयास कीजिए आपके कार्यों की गुणवत्ता के अनुसार ही आगामी आने वाले दिनों में आपको भी वैसे ही जवाबदारी दी जाएगी। शर्मा ने बताया कि 2 मई को शाम 5:00 बजे से भाटापारा में बृजमोहन अग्रवाल का रोड शो होगा, जो कि बस स्टैंड चौक से महासती रोड, सदर बाजार होते हुए भाजपा कार्यालय में समापन होगा एवं 3 मार्च को मुख्यमंत्री की विशाल सभा गुणलिया ग्राम में दोपहर 2 बजे होगी तथा 4 मार्च कोशाम 4 बजे गुरु बालदास साहब की भाटापारा के जयस्तंभ चौक में होगी।

इन सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने की जवाबदारी आप सब कार्यकर्ताओं की होगी। कार्यकर्ताओं को भाजपा के जिला अध्यक्ष डॉ सनम जांगड़े ने संबोधित करते हुए कहा कि जब से देश की बागडोर नरेंद्र मोदी ने संभाली है भारत विश्व के मानस पटेल पर एक बड़ी शक्ति के रूप में उभरा है और विश्व के अनेक देश इसे पचा नहीं पा रहे हैं और वे सभी शक्तियां भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ खड़ी हो गई है हम सब कार्यकर्ताओं की जवाबदारी है कि हम अपने लोकप्रिय प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को आधिकारिक बातों से जीतवा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करें। कार्यकर्ताओं को जिला महामंत्री राकेश तिवारी मंडल अध्यक्ष मनेदर सिंह एवं पूर्व पार्षद आशीष जायसवाल युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुनील यदु ने भी संबोधित किया।

इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ मोहन बांधे महामंत्री योगेश अनंत गोपाल देवांगन नंदू अग्रवाल पुरुषोत्तम यदु सुरेश मिश्रा सुखदेव यदु अशोक साहू मनी साहू राजा कामनानी नीरा देवी साहू चंद्रकला साय तनुजा लहरे आयशा खान रेखा ध्रुव आदि उपस्थित थे।

# कार्यकर्ता गण व नेता जगह-जगह नरेंद्र मोदी की सरकार के 10 वर्षों के कार्यों का लेखा-जोखा जनता के बीच रख रहे

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



रायपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल का इन दिनों प्रचार प्रसार शबाब पर चल रहा है। भाजपा के कार्यकर्ता गण एवं उनके नेता जगह-जगह नरेंद्र मोदी की सरकार के 10 वर्षों के कार्यों का लेखा-जोखा जनता के बीच रख रहे हैं। इसी कड़ी में धमतरी की पूर्व विधायिका रंजना साहू ने नगर के सुभाष वार्ड एवं के के वार्ड में महिलाओं की भारी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारे लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि जब से हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली है उन्होंने सबसे ज्यादा ध्यान हमारी महिला बहनों की ओर ही किया है। आजादी के बाद से ही हमारे विरोधी दल 33 प्रतिशत आरक्षण की बात कर रहे थे लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में वह काम कर दिखाया। अब हम बहनों को सांसद एवं विधानसभा में ही 33 प्रतिशत की हिस्सेदारी रहेगी। हम और आप विधायक और सांसद बन सकते हैं और उन्होंने हम बहनों के लिए निःशुल्क आवास की व्यवस्था की है। प्रत्येक गरीबी रेखा के परिवार को 35 किलो चावल मुफ्त दिया जा रहा है ताकि कोई भी हमारी बहन का परिवार भूखे ना सोए और सबसे बड़ी चीज महिलाओं के खाते में ही जन धन योजना के तहत कई करोड़ खाता खुला और उन्हें खातों में ही अब हमारी बहनों को महतारी वंदन योजना के तहत 1000 महतारी वंदन योजना के तहत सीधा उनके खाते में जा रहा है और उन्होंने सबसे बड़ी उपलब्धि शौचालय के रूप में इज्जत घर हमें बना कर दिया कोरोना वैक्सीन का टीका हमारे प्रत्येक परिवार के सदस्य को लगा और यही नहीं आज जब परिवार का कोई सदस्य गंभीर रूप से बीमार पड़ जाता है हम इलाज के लिए असमर्थ हो जाते हैं तब हमें नरेंद्र मोदी के द्वारा दिया गया। आयुष्मान कार्ड ही याद आता है और उन्होंने प्रत्येक सदस्य के लिए प्रति वर्ष 5 लाख रुपए इलाज की व्यवस्था की है, और सबसे बड़ी चीज छत्तीसगढ़ में विकास की गंगा बह रही है, यह 36 गढ़ राज्य भाजपा ने ही बनाया है, कांग्रेस तो 50 साल से झुनझुना ही हमें दिखाती रही। छत्तीसगढ़ राज्य के कारण ही छत्तीसगढ़ एक विकसित प्रदेश के रूप में गिना जाने लगा है और हमारे लिए यह सौभाग्य की बात है कि रायपुर लोकसभा से इस बार सक्रिय और आठ बार के अजेय विधायक बृजमोहन अग्रवाल प्रत्याशी हैं जो विकास पुरुष के नाम से जाने जाते हैं। हम सब का कर्तव्य है कि हम ज्यादा से ज्यादा वोट देकर उन्हें भाटापारा विधानसभा क्षेत्र से जीतवाकर नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करें महिलाओं को जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों का उल्लेख किया।

# कांग्रेस ने जो पांच साल में किया है, बीजेपी ने 15 सालों में भी नही किया: सुशील सन्नी अग्रवाल



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश के समस्त श्रमिक साथियों को विश्व श्रमिक दिवस और बोरे बासी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सुशील सन्नी अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल ने बीजेपी की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा की छत्तीसगढ़ में पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस की सरकार ने श्रमिक हित में जितने कार्य किए हैं उतना तो बीजेपी की सरकार 15 वर्षों में भी नही कर पाए थे। अग्रवाल ने कहा की 15 सालों तक बीजेपी की सरकार में श्रमिकों के लिए मात्र 5 योजनाएं ही संचालित किया जाता था उसमे भी सिर्फ वही योजनाएं शामिल थे जिसमें कमीशनखोरी हो सके।

श्रमिको को घटिया और निम्न गुणवत्ता वाले टिफिन डब्बा, सायकल, और चप्पल बांटा गया था जो उनके उपयोग के लायक भी नहीं रहता था। किंतु कांग्रेस की सरकार बनते ही पूरे पांच वर्ष श्रमिकों के लिए 30 हितकारी योजनाएं संचालित किया गया जिसमे जन्म से लेकर मृत्यु तक की योजनाएं शामिल था तथा श्रमिक माताओं, बहनों, युवाओं, सियान सभी के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित किया जाता था। प्रत्येक वर्ष श्रमिक भाइयों के सम्मान में मजदूर दिवस मनाया जाता था, जिसमे श्रमिक हितैषी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल स्वयं मजदूर भाइयों के साथ बैठकर बोरे बासी खाते थे तथा मजदूरों का मान बढ़ाते है और हमारी छत्तीसगढ़ के व्यंजन बोरे बासी को पूरे विश्व मे उजागर किये है जिसका श्रेय भूपेश बघेल को जाता है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव को मजदूर दिवस एवं बोरे बासी दिवस मनाने से सख्त परहेज हैं। ये हमारे श्रमिक भाइयों और छत्तीसगढ़ के निवासियों का अपमान हैं। अग्रवाल ने कहा की 15 साल में जो कार्य नही कर पाए उसे कांग्रेस ने 5 सालों में ही कर दिखाया था। आगे भी हम श्रमिक हित एवं छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बचाने के लिए दमनकारी सरकार से लड़ते रहेंगे।

# सीनियर एशियन कुराश चैंपियनशिप के ट्रायल में शामिल होंगे आदित्य और बैजनाथ



पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

ईरान (तेहरान) में जून माह में आयोजित होने वाली सिनियर एशियन कुराश चैंपियनशिप, 8वीं चिल्ड्रन ऑफ एशिया इंटरनेशनल स्पोर्ट्स गेम्स एवं वल्ड नोमाड गेम्स के लिए भारतीय कुराश टीम का सलेक्शन ट्रायल पुणे (येरवडा) के डिविजनल स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में 4 से 5 मई तक आयोजित किया जा रहा है जिसमें छत्तीसगढ़ के स्टार 1 अंतराष्ट्रीय निर्णायक आदित्य सिंह एवं बैजनाथ गुप्ता को ट्रायल में बतौर निर्णायक की अहम भूमिका निभाने के लिए अंतराष्ट्रीय कुराश महासंघ तकनिकी निर्देशक रवि कपूर द्वारा नियुक्त किया गया है, अदित्य सिंह एवं बैजनाथ गुप्ता पूर्व में कई अंतराष्ट्रीय स्पर्धाओं में भारतीय कुराश टीम का हिस्सा रह चुके है, इनकी नियुक्ति पर अंतराष्ट्रीय कुराश महासंघ रवि कपूर, छत्तीसगढ़ ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला, भारतीय कुराश महासंघ अध्यक्ष राजन वर्गीस, भारतीय कुराश महासंघ महासचिव विक्रांत कश्यप, भारतीय कुराश महासंघ तकनीकी कमीशन सदस्य सोमबीर सिंह, राहुल व्यास, राकेश सोलंकी, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन सदस्य आशीष यादव, वर्षा मिरी, ओमप्रकाश मिश्रा, सुकलाल यदु, गोपी देवांगन, जितन्द्र नामदेव, सरस्वती यादव, गौतम मिरी, रोशनी साहू ने शुभकामनाये देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

# किसानों का कर्जा माफ करेगी कॉग्रेस: सुशील शर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने लोकसभा चुनाव में कॉग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय के समर्थन में धुवाँधार प्रचार सुबह 7 बजे से ग्राम सुरखी, खपराडीह, सेंदरी, कलमीडीह, परसवानी, धुर्राबांधा, बिजराडीह, कोसमंदा पहुँच कर दोपहर 02 बजे तक कर नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा की देश में कॉग्रेस के समर्थन से इंडिया (भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन) की सरकार बनने पर देश की किसानो का कर्जा माफ किया जायेगा, महिलाओं को प्रति माह 8500 रूपिया उनके खाते में दिया जायेगा, मनरेगा के सभी मजदूर साथियों को प्रतिदिन की मजदूरी 400 रुपया सहित 150 दिन तक रोजगार दिया जायेगा, देश के विभिन्न विभागों में खाली लगभग तीस लाख नौकरीयों में तत्काल बेरोजगारों की नियुक्ति की जायेगी, शिक्षित महिला बेरोजगारों को नौकरी में 50 प्रतिशत तक आरक्षण दिया जायेगा साथ ही बढ़ती महँगाई पर रोक लगाई जायेगी, इसलिये आप सभी कॉग्रेस कार्यकर्ता और मतदाताओं से अपील करता हूँ की आगामी 07 मई को मतदान के दिन मतदान केंद्र में जाकर 03 नंबर पर पंजा छाप का बटन दबाकर कॉग्रेस प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनायेंगे।

सुशील शर्मा के गाँव पहुँचने पर कॉग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामीण जनो ने पूरे जोश खरोश के साथ गगनभेदी नारा लगाते हुये आतिशबाज़ी कर पुष्प माला से जोरदार स्वागत किया साथ ही सभी ग्रामीण जनो ने कॉग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय को भारी वोटो से जिताने का वादा भी किया, सुशील शर्मा के साथ ब्लॉक कॉग्रेस अध्यक्ष अमर माण्डवी, ज़ोन अध्यक्ष रवि ध्रुव, भूनेश्वर गेंडरे, देवा टंडन, हेमंत वर्मा, कमलेश वर्मा, कन्हैया वर्मा, झाडूराम साहू, उमेश साहू, श्रवण कोसले, महेंद्र यादव, प्रमोद वर्मा, महेश साहू, अनिल दिवाकर, धनेश कुमार सहित कॉग्रेस कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

# पढ़ाई में सफलता के लिए मन की एकाग्रता जरूरी: ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिक्षाविद सेवा प्रभाग द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विश्व शान्ति भवन चौबे कालोनी में आयोजित समर कैम्प प्रेरणा में मन का मालिक बनें विषय पर ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी ने बच्चों को उपयोगी टिप्स दिए। ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी ने कहा कि मन का मालिक बनने और पढ़ाई में सफलता पाने के लिए एकाग्रता बहुत जरूरी है। हम जिस समय और जो कार्य करते हैं उस समय केवल उसी कार्य के विषय में हमारा ध्यान केन्द्रित होना चाहिए। मन को नियंत्रित करने के लिए अच्छा तरीका यह है कि मन को अपना दोस्त बना लें। अपने मन से बातें करें उसे खाली न रखें। राजयोग मेडिटेशन से एकाग्रता और स्मरण शक्ति दोनों बढ़ती है। अपने मन को एकाग्र करने के लिए राजयोग सीखना जरूरी है। ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी ने एकाग्रता के लाभ गिनाते हुए कहा कि इससे हमारी कार्यक्षमता का विकास होता है। कार्य में परिपूर्णता आती है। निर्णय क्षमता का विकास होता है। स्मरण शक्ति बढ़ती है और मन के संकल्प शान्त होते हैं। उन्होंने एकाग्रता की शक्ति बढ़ाने के उपायों की चर्चा करते हुए कहा कि हमें वही बातें याद रहती है जिसमें हमारी रूचि होती है। इसलिए सबसे पहले हमें अपनी पढ़ाई के प्रति रूचि पैदा करना जरूरी है। कभी भी पढ़ाई को बोझ न समझें। उन्होंने बतलाया कि राजयोग माना परमात्मा से जुड़कर उनसे शक्तियाँप्राप्त करना। राजयोग में स्वयं की पहचान जरूरी है। आत्मा और शरीर का सम्बन्ध मोबाईल और सिम की तरह हैं। हमारा शरीर मोबाईल है तो आत्मा उसकी सिम है। मन बुद्धि और संस्कार आत्मा की तीन शक्तियाँ हैं। मन का कार्य है विचार करना। बुद्धि का कार्य है निर्णय करना और बार-बार किए गए कर्मों से हमारे संस्कार बनते हैं। अब हमें सकारात्मक विचारों को ही अपने मन में जगह देना है।




रामगढ़िया सेवक सभा एवं महिला विंग द्वारा स्व. हरभजन कौर राणा के स्मृति में सभी परिवार को गर्मी में पक्षियों के दाना-पानी हेतु कसोरे वितरित किए गए। समाज का मकसद बच्चो द्वारा पक्षियों के प्रति प्रेम जागृत करना है।

## भुवनेश्वर से दिल्ली जा रहे विमान की ओलावृष्टि की चपेट में आने के बाद आपात लैंडिंग

**भुवनेश्वर।** विमानन कंपनी विस्तारा की भुवनेश्वर से दिल्ली जा रहे विमान को ओलावृष्टि की चपेट में आने के कारण बुधवार को बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (बीपीआईए) से उड़ान भरने के दस मिनट बाद वापस उसी हवाईअड्डे पर आपात लैंडिंग करनी पड़ी। बीपीआईए के निदेशक प्रसन्न प्रधान ने बताया कि लगभग 170 यात्रियों को लेकर जा रहा विमान ने 0145 बजे दिल्ली के लिए उड़ान भरी। इसके तुरंत बाद ओलावृष्टि हुई, जिससे यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा के मद्देनजर पायलट को बीपीआईए में विमान वापस लौटना पड़ा। प्रधान ने बताया कि ओलावृष्टि की चपेट में आने के बाद कथित तौर पर विमान की विंडशील्ड में दरारें आ गई थीं। उन्होंने बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं और यात्रियों को दूसरे विमान से भेजने की व्यवस्था की जा रही है।

## अंग्रेजी के परिणाम में फेल छात्रों के मामले की जांच को लेकर कमेटी गठित

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में एमए अंग्रेजी विषय में ड्रामा वर्ल्ड फिंकेशन ड्रामा सब्जेक्ट में अधिकतर कॉलेजों में फेल हुए छात्रों की मांग पर यूनिवर्सिटी प्रशासन ने परीक्षा नियंत्रक की अध्यक्षता में चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। इसमें अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष, पीजी प्रोग्रामर और असिस्टेंट रजिस्ट्रार को कमेटी का सदस्य बनाया गया है। ये कमेटी पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट वीसी को देगी। दरअसल एचपीयू के ईआरपी सिस्टम पर छात्र संगठनों ने सवाल उठाए हैं। इसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने भी विश्वविद्यालय में धरना प्रदर्शन किया था और कहा था कि एचपीयू के नए सिस्टम के तहत बहुत से छात्र फेल हुए हैं। ऐसे में इस पूरे मामले की जांच की जाए। वही सेंटर आफएक्सीलेंस कॉलेज संजौली में भी ऐसा ही मामला सामने आया है।

# साजिश के तहत बढ़ायी गयी अनंतनाग-राजौरी मतदान की तारीख: उमर

एजेंसी ➤ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर चुनाव टालना एक सोची-समझी साजिश है, जिसका मकसद गुज्जर और बकरवाल मतदाताओं के एक बड़े हिस्से को मतदान से वंचित रखना है। चुनाव आयोग ने मंगलवार को प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण साजो-सामान संबंधी मुद्दों का हवाला देते हुए अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट पर मतदान की तारीख सात मई से बढ़ाकर 25 मई कर दी है। इस फैसले पर जम्मू-कश्मीर की दो प्रमुख पार्टियों नेकां और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। अब्दुल्ला ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के दूरू में नेकां और कांग्रेस की संयुक्त रैली के बाद संवाददाताओं से बातचीत में मतदान टालने को बिल्कुल गलत बताते हुए कहा, यह स्पष्ट है कि आबादी के एक बड़े हिस्से को अपने मताधिकार का उपयोग करने से दूर रखने के लिए एक सुनियोजित साजिश के तहत यह कदम उठाया गया है क्योंकि वे मौसम की इस अवधि के दौरान ऊंचे इलाकों से मैदानी इलाकों में जा रहे हैं। उन्होंने कहा, यदि मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है या फिर निर्वाचन क्षेत्र की सड़कें कटी रहतीं तो मैं इसे स्वीकार कर लेता, लेकिन यह वास्तविकता नहीं है।

सड़क मार्ग अब भी दुरुस्त हैं। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि नेकां अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और अनंतनाग-राजौरी के उम्मीदवार मियां अल्ताफ आज जम्मू के रास्ते राजौरी पहुंचे और वे वहां प्रचार अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा, यदि उन्होंने ऐसा किया है तो अन्य लोग भी राजौरी पहुंच सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर दक्षिण कश्मीर में अनंतनाग जिले को राजौरी और पुंछ जिलों से जोड़ने वाली मुगल रोड को बंद भी कर दिया गया तो जम्मू तथा रियासी से अभियान अब भी संभव था। अब्दुल्ला ने कहा कि चुनाव टालने की मांग भारतीय जनता पार्टी और पीपुल्स कॉन्फ्रेंस ने की थी, जो वहां चुनाव नहीं लड़ रहे थे। उन्होंने कहा, हमने चुनाव आयोग से न्याय की उम्मीदें लगायी थीं, लेकिन जिस तरह से उन्होंने भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए चुनाव टाल दिया, अब चुनाव आयोग से कुछ भी उम्मीद करना एक गलती होगी। राजौरी से सामने आये एक वीडियो के बारे में पूछे जाने पर नेका उपाध्यक्ष ने कहा, भाजपा का काम लोगों को धमकाना है। वीडियो में भाजपा कार्यकर्ता कथित तौर पर लोगों से अपने उम्मीदवार के पक्ष में वोट करने के लिए कह रहे हैं।

## कांग्रेस व भाजपा ने एक-दूसरे पर जुबानी हमले किये तेज

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में भले ही अंतिम चरण में चुनाव है, लेकिन सियासी पारा अभी से सातवें आसमान पर है। कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी ने एक दूसरे पर जुबानी हमले तेज कर दिए हैं। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष नरेश चौहान ने यहां पत्रकार वार्ता कर कहा कि चुनी हुई सरकार को गिराने का भाजपा ने प्रयास किया है। जिसका जनता चुनाव में भाजपा को मुंह तोड़ जवाब देगी। चुनाव देश और प्रदेश के मुद्दों पर लड़े जाएंगे, लेकिन भाजपा जनता को मुद्दों से भटकाने में लगी है। चौहान ने कहा कि सत्ता में आने के बाद कांग्रेस को विरासत में खजाना खाली मिला। बावजूद इसके आपदा में सरकार ने बेहतरीन कार्य किया और लोगों को राहत प्रदान की। गत 15 महीने में पांच गारंटियां पूरी की, दूध पर एमएसपी दिया, महिलाओं को 1500 पेंशन दी गई। भाजपा सरकार के समय पेपर बेचे गए, लेकिन कांग्रेस ने पेपर माफिया पर शिकंजा कसा। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार मजबूत है और चुनाव परिणाम के बाद भी मजबूत रहेगी।

## तेलंगाना लोक सभा की 17 सीटों पर 525 उम्मीदवार लड़ रहें चुनाव: सीईओ

एजेंसी ➤ हैदराबाद
www.dailypioneer.com

तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) विकास राज ने बुधवार को बताया कि राज्य की कुल 17 लोक सभा सीटों के लिए आगामी 13 मई को होने वाले चुनाव के लिए कुल 525 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे हैं। राज ने मीडिया को संबोधित करते हुए इस बात का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि सिकंदराबाद संसदीय सीट पर सबसे अधिक 45 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमाने के लिए उतरे हैं, जबकि आदिलाबाद सीट पर सबसे कम 12 उम्मीदवार हैं। उन्होंने बताया कि कुल 525 उम्मीदवारों में से 285 निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि घर पर मतदान की प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू होगी। मतदाता पर्ची का वितरण का काम शुरू हो गया है और संबंधित जिलों में डाक मतपत्र भेजे जा रहे हैं। सुरक्षा उपायों के मद्देनजर केंद्रीय बलों की लगभग 155 कंपनियों को तैनात करने की उम्मीद है। इसके अलावा लगभग 2.94 लाख व्यक्तियों को चुनाव ड्यूटी के लिए सूचीबद्ध किया गया है। राज बताया कि मतदाता चुनाव आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए टोल-फ्री नंबर 1950 के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अच्छा काम कर लाएं बेहतर परिणाम : कलेक्टर विजय दयाराम के.

## कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर विजय दयाराम के.ने कहा है कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता के लिए अच्छा कार्य कर बेहतर परिणाम लाएं। इस दिशा में सभी बीएमओ और सम्बन्धित अधिकारी-कर्मचारी अपने मूल काम को जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें, फील्ड में आम जनता को स्वास्थ्य सेवाओं की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करें। कलेक्टर विजय ने मंगलवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में स्वास्थ्य विभाग की विस्तृत समीक्षा करते हुए उक्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम और राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने पर जोर देते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं का पंजीयन सहित निर्धारित स्वास्थ्य जांच एवं दवाइयों की सुलभता और लक्षित माताओं एवं बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, गर्म भोजन प्रदाय एवं स्वास्थ्य परामर्श का परिणाम सुरक्षित प्रसव में परिलक्षित हो। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के पंजीयन के अनुरूप सभी को संस्थागत प्रसव सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए बेहतर रणनीति के साथ कार्य करने निर्देशित किया कि पर्याप्त चिकित्सक, अमला और सुविधाओं की समुचित व्यवस्था है इसे दृष्टिगत रखते हुए शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने संस्थागत प्रसव हेतु महारानी जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल को पृथक-पृथक लक्ष्य देने के निर्देश दिए।

### एनआरसी में शत-प्रतिशत बेड ऑक्यूपेंसी पर बल

कलेक्टर ने जिले के सभी पोषण पुनर्वास केन्द्रों में शत-प्रतिशत बेड ऑक्यूपेंसी सुनिश्चित करने पर बल देते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर प्रत्येक 15 दिवस के लिए रोस्टर तैयार कर चिन्हित बच्चों को भर्ती कर उपचार किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आवश्यकता के मद्देनजर मानव संसाधन की व्यवस्था कर बस्तर एवं बास्तानार पोषण पुनर्वास केन्द्र में चार-चार बेड वृद्धि किये जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सघन मोतियाबिंद जांच एवं उपचार अभियान का तीसरा चरण शुरू कर चिन्हित मरीजों का ऑपरेशन करवाने कहा। वहीं मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के तहत दरभा, बास्तानार, लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक और जगदलपुर विकासखण्ड के नानगुर ईलाके में सघन मलेरिया जांच एवं उपचार चलाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान भारत के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप आयुष्मान कार्ड प्रदान करने के लिए एनालिसिस कर अभियान संचालित कर पंजीयन पूर्ण किए जाने कहा। बैठक में राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण कार्यक्रम,परिवार कल्याण कार्यक्रम इत्यादि की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरके चतुवेदी, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक महारानी अस्पताल डॉ. संजय प्रसाद सहित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी, बीएमओ तथा बीपीएम मौजूद रहे।

# भाजपा को भारी बहुमत से जिताएं : डॉ. सम्पत अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ➤ चांपा
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के ग्राम बार के गोड़वाना भवन में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कमलेश जांगड़े को पुर्ण बहुमत से विजयी बनानें के लिए आमसभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने ग्रामीणों से मिल कर भाजपा प्रत्याशी के लिए जनसंपर्क किये। सर्वप्रथम विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल एवं सभी अतिथियों ने परम शक्ति बड़ादेव के ऊपर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक ने सभा को संबोधित करते मोदी सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से उल्लेख करते कहा कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा को भारी बहुमत से जिताएं। इस दौरान महासमुंद लोकसभा प्रत्याशी रुपकुमारी चौधरी, पूर्व विधायक बिलाईगढ सनम जांगड़े ने भी अपने विचार रखते हुए भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े को प्रचंड मतों से जीताने की अपील किए। कार्यक्रम के पुर्व ढेबी के कीर्तन मंडली ने अपनी प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक बलौदा बाजार प्रमोद शर्मा, जनपद सदस्य कसडोल खेमराज ठाकुर, बया मण्डल अध्यक्ष देवानंद नायक, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, विधायक कार्यालय पिथौरा प्रभारी छबीलाल रात्रे, संजय गोयल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मन्नु लाल ठाकुर, हनी गम्भीर सिंह, शक्ति केंद्र प्रभारी टहक राम साहू, मिडिया प्रभारी विकास अग्रवाल, महामंत्री वेदराम बरिहा, अजजा मोर्चा अध्यक्ष मोहन नेताम, कसडोल मण्डल पूर्व अध्यक्ष बेनू राम यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सरजु तिवारी, युवा मोर्चा अध्यक्ष नुरपति नायक, संजय यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मदालसा पैंकरा, आदिवासी समाज जिला अध्यक्ष डोली ध्रुव, भुवन यादव, विश्व हिन्दू परिषद राजेश चौधरी, महामंत्री बया राधेश्याम साहू, सुखीराम चौहान, नाथूराम कैवर्त, डान चौहान, रमेश भोई, लोकनाथ रात्रे, चंद्र राम कैवर्त, सुदामा यादव, नित्यानंद पटेल, शशिभूषण शुक्ला के साथ सभी क्षेत्रवासी हजारों कि संख्या में उपस्थित थे।

# कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक पहुंचे मॉडल कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने बुधवार को धरमपुरा मॉडल कॉलेज में स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। कलेक्टर और एसपी ने जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के ईवीएम मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी के द्वारा निगरानी का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सीआरपीएफ के अधिकारियों से परिसर की सुरक्षा, राजनीतिक दलों के द्वारा स्ट्रांग रूम निगरानी के बारे में भी चर्चा की। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान उपरांत सभी मतदान सामग्रियों को स्ट्रांग रूम में रखा गया है इसकी सुरक्षा सीआरपीएफ की कंपनी द्वारा की जा रही है। दोनों अधिकारियों ने स्ट्रांग रूम के बाहर निगरानी हेतु तैनात राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात कर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था की संतुष्टि का संज्ञान लिया।

### कलेक्टर की पाती पहुंचेगी घर-घर, मतदान के लिए होगा सभी से आग्रह

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव-2024 में शत्-प्रतिषत मतदान के उद्देश्य को सफल बनाने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह के नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण पहल किए जा रहें हैं। 2 से 5 मई तक एक विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह की पाती घर-घर पहुंचेगी। तीन हजार से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका घर-घर जाएंगे और यह पाती पहुंचाएंगे, जिसमें महिला बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक सहयोग करेंगे। साथ ही यह अपील करेंगे कि 7 मई सुबह 7 से शाम 6 बजे की अवधि में अपने मतदान केन्द्र में जाकर मतदान अवश्य करें और अपने परिवार के सदस्यों, आस-पड़ोस के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। इस अभियान का नोडल महिला एवं बाल विकास विभाग को बनाया गया है। कलेक्टर की इस पाती में पोस्ट कार्ड में डॉ. गौरव सिंह की अपील लिखी हुई है। जिसमें कहा गया है कि आगामी 07 मई को रायपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए वोट डाले जाएंगे। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हर वोट महत्वपूर्ण है। वोट देना आपका नैतिक दायित्व ही नहीं वरन राष्ट्रीय कर्तव्य भी है। इस पाती अर्थात् पोस्टकार्ड में कलेक्टर ने आम मतदाताओं से राष्ट्र को सशक्त बनाने हेतु 7 मई को मतदान अवश्य की अपील करते हुए कहा है कि जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हैं और जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है उन सभी को मतदान के लिए प्रेरित करें।

# समग्र शिक्षा के अंतर्गत लेखा एवं वित्तीय संधारण प्रशिक्षण में शामिल हुए 4 जिलों के अधिकारी-कर्मचारी



पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर संभाग के 4 जिलों बस्तर, कांकेर, कोंडागांव एवं नारायणपुर के अंतर्गत समग्र शिक्षा के तहत लेखा एवं वित्तीय संधारण प्रशिक्षण कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में बुधवार को सम्पन्न हुई। जिसमें समग्र शिक्षा के वित्तीय नियंत्रक धीरज नशीने, प्रोग्रामर हलधर और राज्य समग्र शिक्षा के आडिटर एवं बैंक ऑफ बड़ौदा जगदलपुर के लव कुमार द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में उक्त सभी जिले के समस्त डीएमसी, एडीपीओ, बीआरसी तथा कस्तूरबा गांधी कन्या आवासीय विद्यालयों के अधीक्षक एवं लेखापाल शामिल हुए।

# 105 वर्षीय कन्हैया राम ने किया होम मतदान परिजनों ने दिया निर्वाचन आयोग को धन्यवाद

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



लोकसभा चुनाव-2024 में निर्वाचन आयोग ने 85 वर्ष और दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा दी है। ग्रामीण विधानसभा के ग्राम कांदुल साहूपारा निवासी कन्हैया राम बंछोड की उम्र 105 वर्ष की उम्र में लोकतंत्र के इस पर्व में भागीदारी निभाने का जज्बा दिखा। बुधवार को उनके घर मतदान दल जब पहुंचा तो वे और उनके परिजन खुशी से खिल उठे। मतदान दल में तहसीलदार तुलसी राठौर सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे। उन्होंने सबसे पहले जाकर उनके परिजनों को कन्हैया राम को बुलाने का आग्रह किया। उस समय क्षण भर के ही भीतर कन्हैया लाल वोटिंग टीम के पास पहुंच गए। दल के सदस्यों ने प्रक्रिया शुरू की और कन्हैया ने अंगुठा लगाकर प्रक्रिया पूर्ण की। उनकी अंगुली पर अमिट स्याही लगाई गई उसके बाद उन्होंने मतदान किया। उन्होंने निर्वाचन आयोग के इस पहल के लिए धन्यवाद दिया। कन्हैया राम बंछोर के सुपुत्र ह्रदय सिंह बंछोर ने बताया कि उनके पिता का जन्म वर्ष 1919 में हुआ। वे हमेश निर्वाचन प्रक्रिया में हिस्सा लेते रहे मतदान करते रहे। उनके सुपुत्र ने कहा कि उनकी स्वयं की उम्र 60 वर्ष है। उन्होंने हमेशा अपने पिता को मतदान करते देखा है। मगर आज इस उम्र में आने के बाद उन्हें मतदान केन्द्र जाने में तकलीफहो रही है। पिछले कुछ चुनाव में उनकी ईच्छा को देखते हुए हम उन्हें सहारे से मतदान के लिए ले जाते थे।

# रोटरी क्लब रायपुर ग्रेटर द्वारा डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग असेंबली संकल्प का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




रोटरी क्लब रायपुर ग्रेटर द्वारा आयोजित दो दिवसीय डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग असेंबली संकल्प कार्यक्रम का शानदार आयोजन हुआ। इस ट्रेनिंग असेंबली में बृहद रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के तीन राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व उड़ीसा से आये रोटरी सदस्यों मे ने कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान की और पूरे देश से आये बहुमुखी प्रतिभाशाली प्रशिक्षण प्रदाताओं ने अपने ओजस्वी उद्बोधन से कार्यक्रम में उपस्थित 400 से अधिक रोटरी सदस्यों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सभी प्रशिक्षणकर्ताओं ने आगामी सत्र के रोटरी पदाधिकारियों को रोटरी के उद्देश्यों और सेवा भाव से कार्य करने के लिये प्रोत्साहित किया। पूरे कार्यक्रम की विशिष्टता महामहिम राज्यपाल छत्तीसगढ़ विश्वभूषण हरिचंदन की गरिमामय उपस्थिति एवं उनका प्रेरक ऊदबोधन रहा। कार्यक्रम में अन्य प्रशिक्षण विभूतियों विशेषतः पंडित विजय शंकर मेहता, राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तनखा जैसे नामचीन व प्रख्यात वक्ताओं की उपस्थिति से रोटरी क्लब रायपुर ग्रेटर गौरवान्वित हुआ। इस तरह का कार्यक्रम रायपुर क्षेत्र में पहली बार संपादित हुआ और हम अपने उद्देश्यों में सफल रहे।

# सपोस में रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट, उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. सम्पत अग्रवाल हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ➤ बसना
www.dailypioneer.com

ग्राम सपोस में ग्रीन स्टार क्रिकेट क्लब के सौजन्य से रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने फीता काटकर कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया और खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने उद्घाटन समारोह में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह मनुष्य को जीवन जीने के लिए भोजन जरूरी है ठीक उसी प्रकार शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल भी जरूरी है। खेल के माध्यम से आपस में भाईचारा बढता है। खेल भी शिक्षा का एक अंग है। खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। हारने वाले को जीतने के लिए तथा जीतने वाले को जीत बरकरार रखने के लिए खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्रिकेट देश में काफी लोकप्रिय खेल है और लगभग हर घर में इसके प्रेमी मिल जायेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। अच्छा खिलाड़ी छोटे गांवों से भी निकल कर देश का नाम रोशन कर सकता है। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि सतपाल सिंह छाबड़ा, भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, जनपद सदस्यगण पुरुषोत्तम धृतलहरें, गुलापी धुबई, सरपंच बबीता बघेल, सरपंच प्रतिनिधि किशोर बघेल, उपसरपंच पूजा ठाकुर, विधायक कार्यालय प्रभारी छबीलाल रात्रे, नरेन्द्र बोरे,नरोत्तम साहू, अश्वनी विशाल, सोनू छाबड़ा, रविशंकर बंजारा, प्यारेलाल कोसरिया, कमलेश डड़सेना, विजय धृतलहरें, हरिचरण प्रधान, मोतीराम ध्रुव, संतोष ठाकुर,उषा धृतलहरें सहित ग्रामीण जन मौजूद थे।

## एक घंटे में दो नौजवान इस देश में आत्महत्या करने मजबूर हैं

# दस साल में बेरोजगारी का पैंतालीस साल का रिकॉर्ड क्यों टूटा : पवन खेड़ा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में कांग्रेस के मीडिया और पब्लिसिटी विभाग के राष्ट्रीय चेयरमेन कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य पवन खेड़ा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि मैं रायपुर ट्रेन से आना चाहता था, मैंने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को बताया, उन्होंने कहा ट्रेन से आयेंगे तो चुनाव के बाद रायपुर पहुंचेंगे, आप मालगाड़ी में आयेंगे तो भले समय से पहुंच जाये। यह हाल है देश में ट्रेनों का। पूरे देश में यह चुनाव इस देश का वोटर लड़ा रहा है, जनता लड़ रही है, और उन्हें लगता है कि कांग्रेस पार्टी उनके जिंदगी से जुड़े हुए मुद्दे उठा रही है, नौकरियों के मुद्दे उठा रही है, किसानों के मुद्दे उठा रही है, आरक्षण का मुद्दा उठा रही है, संविधान का मुद्दा उठा रही है, महिला सुरक्षा का मुद्दा उठा रही है, आदिवासियों का मुद्दा उठा रही है। स्वास्थ्य की बात कर रही है, शिक्षा की बात कर रही है, पेपर लीक की बात कर रही है इन्हीं मुद्दों पर चुनाव में जाना चाहिए और इन्ही मुद्दों पर कांग्रेस पार्टी चुनाव लड़ रही है। वे लोग किन-किन मुद्दों पर चुनाव में है? मंगलसूत्र, मछली, मीट, मुसलमान ये मुद्दे है उनके। 10 साल आप सरकार में रहे और आपके पास बोलने के लिये ये चार शब्द है। कहां है आपकी रिपोर्ट कार्ड? बताइए 10 साल में आपने क्या किया? बताइए दस साल में बेरोजगारी का पैंतालीस साल का रिकॉर्ड क्यों टूटा? बताइए दस साल में लघु और मध्यम उद्योग है वो तबाह क्यों हुए? बताइए आदिवासियों के साथ जो अत्याचार हुआ वो क्यों हुआ? दलितों के साथ जो अत्याचार हुआ वो क्यों हुआ? महिला सम्मान की ये केवल बातें करते हैं, हकीकत यह है कि हर एक घंटे में चार महिलाओं का बलात्कार जहाँ हो रहा प्रधानमंत्री इस तरह की हल्की बातें करते हुए घूमना क्या अच्छी बात है? हर एक घंटे में दो नौजवान इस देश में आत्महत्या करने मजबूर हैं वहाँ के प्रधानमंत्री मीट, मछली, मुसलमान, मंगलसूत्र ऐसी बाते करते है। मोदी राज में हर एक दिन में तीस किसान आत्महत्या कर रहे हैं। कोई और प्रधानमंत्री होता तो प्रचार करने से पहले सोचता कि मैं आँखें कैसे मिलाऊंगा, अपने लोगों के सामने कैसे जाऊंगा? यह चुनाव महत्वपूर्ण इसलिए है कि जब आप दो सौ बहत्तर में सरकार बना सकते हो तो आप चार सौ क्यों मांग रहे हो नीयत क्या है आपका? मैं अभी रायपुर की दीवारों पे देख रहा था लिखा हुआ था चार सौ पार। चार सौ इन्हें इसलिए चाहिए क्योंकि चार सौ से कम होंगी तो संविधान नहीं बदल सकते, ये नियम है, ये कानून है ये रूल्स है। इनके मन में क्या है संविधान बदलने की जो इनकी मंशा है, ये इनके अपने नेताओं के मुँह से बार-बार सुनाई देती है। कभी वो अनंत हेगड़े होते हैं जो कर्नाटक में बोलते हैं, कभी ज्योति मिरधा होती है जो राजस्थान में बोलती है, कभी अरुण गोविल होते हैं जो मेरठ में बोलते हैं। और भी इनके तमाम प्रत्याशी उत्तर प्रदेश के कई बार सुन बोलते हैं कि साहब चार सौ दे दीजिए हम संविधान बदलेंगे, क्यों बदलना है संविधान? हमें याद है 2015 में मनमोहन वैद्य आरएसएस के बहुत बड़े नेता 2015 में बिहार में जाके बोले हम आरक्षण खत्म करने के पक्ष में। जनता ने जवाब दे दिया 2015 में जवाब। फिर पीछे पलटे। इनके अनेक नेता कह चुके हैं आरक्षण के खिलाफ। ज्यादा दूर क्यों जाते हैं रायपुर में अठारह महीने पहले यहाँ की कांग्रेस की राज्य सरकार ने आरक्षण संशोधन विधेयक पारित करा के राजभवन में फाइल भेजी कहाँ है वो फाइल मिट्टी खा रहे हैं। क्या कारण है कि भाजपा, आदिवासियों और दलितों के खिलाफ है, उनके आरक्षण के खिलाफ है और हम तो एक कदम और आगे जाते हैं। हम कह रहे हैं कि पचास प्रतिशत की जो सीमा है आरक्षण के ऊपर वो खत्म होनी चाहिए। जातिगत जनगणना होनी चाहिए और जो कथाकथित अगड़ी जातियां है, उनमें भी जो आर्थिक रूप से हैं उनको भी आरक्षण की पूरी सुविधा मिलनी चाहिए। ये हमारी गारंटी है, ये हमारा मेनिफेस्टो है, ये हमारा न्याय है और ये न्याय पत्र कैसे बना? ये न्याय पत्र आप लोगों की वजह से बना जब राहुल गाँधी भारत जोड़ो यात्रा पर चल रहे थे, 4 हजार किलोमीटर उसके बाद 6 हजार किलोमीटर की एक और यात्रा की।

# मेसर्स मित्तल कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा बनाई गई सड़क, कुछ ही माह में हुई जर्जर

## लोनिवि में चल रहा भ्रष्टाचार का खुला खेल, राजधानी में बैठे अधिकारियों से जांच की मांग

### मामला-करोड़ों की लागत से निर्मित सड़कों का

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

लोक निर्माण विभाग संभाग के अंतर्गत सड़क निर्माण के कार्य में हो रही भर्राशाही सरकार की छवि को धूमिल कर रही है। कार्यवाही नहीं होने के कारण ऐसे अधिकारी और ठेकेदार मिलकर करोड़ों रूपये के निर्माण कार्यों को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा रहे हैं जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण कुछ माह पूर्व मेसर्स मित्तल कंस्ट्रक्शन कंपनी धमतरी द्वारा बनाये गये मेघा से छिपली मार्ग से दिया जा सकता है जो सड़क बनने के कुछ ही दिन बाद उखड़ गई है। हालांकि संबंधित ठेकेदार इसे मरम्मत कर अपने कारनामों को छुपाने का प्रयास कर रहा है। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क पूरी तरह से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। इसकी राजधानी में बैठे अधिकारियों द्वारा उच्च स्तरीय जांच की जानी चाहिये ताकि दोषियों पर कड़ी कार्यवाही हो सके, यह बात ग्रामीणों ने कही है। इसी तरह वर्तमान में करोड़ों रूपये के चल रहे श्यामतराई से संबलपुर मार्ग निर्माण कार्य में भी बिना बेस डाले, साफ सफाई किये बिना जब सारे शहर के नागरिक नींद के आगोश में थे, रातोंरात सड़क निर्माण प्रारंभ किया गया। निर्माणाधीन सड़क में नियमों की अनदेखी को लेकर पॉयनियर में लगातार समाचार का प्रकाशन कर मुख्यमंत्री से लेकर विभागीय मंत्री एवं लोनिवि सचिव तक इसकी जांच की मांग उठ चुकी है। संबंधित ठेकेदार समाचार प्रकाशन के बाद कुछ सड़कों को उखाड़कर पुनः निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया है। जागरूक नागरिकों का कहना है कि उक्त करोडों रूपये की सड़क निर्माण की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिये ताकि जिले में बैठे लोनिवि अधिकारी एवं संबंधित ठेकेदार के बीच चल रहे मिलीभगत की सच्चाई जनता के सामने आ सके। मेसर्स मित्तल कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा श्यामतराई से संबलपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग जो अब लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आ चुका है, के



सड़क निर्माण का कार्य 16 करोड़ 84 लाख रूपये की लागत से करवाया जा रहा है जिसमें अभी से सड़क जर्जर हालत देखकर जागरूक नागरिकों के द्वारा इस पर अफसोस जाहिर करते हुए अधिकारी और ठेकेदार की मिलीभगत पर राजधानी में बैठे विभाग के उच्चाधिकारियों को अनेकों बार अवगत कराये जाने के बाद भी इस पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है जबकि सड़क निर्माण को लेकर न सिर्फ शहर बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी बनाई गई सड़कों में लापरवाही के चलते जगह-जगह से गड्ढे और दरकने जैसी स्थिति बन गई है। इन सड़कों का निर्माण उक्त ठेकेदार द्वारा किया गया है। अभी भी जो सड़क बन रही है, उसमें सोरिद क्षेत्र की सड़क जहां दरक गई थी, वहीं सिहावा चौक में गड्ढे नमूदार हो गये हैं। इस सड़क की स्थिति अभी से लोगों की नजर में खटक रही है जिन्होंने इसे लेकर बताया कि बिना सफाई किये रात्रि में कार्य प्रारंभ किये जाने को लेकर भारी नाराजगी जताई। और तो और इस सड़क में बेसकोट बिना डाले यह निर्माण कार्य शुरू किया गया था। नियमानुसार सड़क के निर्माण के पूर्व ठेकेदार को साफ सफाई और बेसकोट डालना चाहिये था और कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड लगाया जाना चाहिये था। लेकिन उपरोक्त दोनों कार्य नहीं किया गया और प्रथम चरण के कार्य समाप्ति के पश्चात सूचना बोर्ड लगाया गया, वह भी पॉयनियर की खबर का असर रहा। मेघा से छिपली तक लगभग 4.5 किमी सड़क का निर्माण मित्तल कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा कराया गया है जिसमें व्याप्त अनियमितता को लेकर बिजेलाल, देवलाल साहू, हिरदेराम साहू छोटी करेली एवं भीखम मरकाम, छुन्नीलाल साहू, कोमल यदु, मानसिंह साहू, जगतू साहू ग्राम छिपली एवं मोहंदी के लोगों ने बताया कि 3851.12 लाख की लागत से 6 माह पूर्व बनाई गई सड़क जर्जर हो चुकी है, इसके बाद भी विभाग के अधिकारी खामोशी अख्तियार किये हुए हैं जिससे लोगों में भारी असंतोष देखा जा रहा है। बताया जाता है कि करेली छोटी, ग्राम छिपली, मोहंदी, सिंगपुर, मेघा, दुगली, नवागांव, गातापार, बोड़रा सहित अन्य ग्रामों में भी मित्तल कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा कराये गये कार्य में अधिकारियों की मिलीभगत से निर्माण कार्यों में निविदा के अनुसार मसाला मिक्सर नहीं डाला गया है जिसके कारण ये ग्रामों की सड़कें जगह-जगह से उखड़ गई थीं। उपरोक्त ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य के बाद से ही सड़कों में लगे डामर उखड़ने लगे और 3851.12 लाख की लागत से निर्मित उपरोक्त ग्रामों की सड़कें खराब हो गई जिसका प्रमुख कारण लोनिवि के अधिकारियों की घोर लापरवाही है जो स्थल पर कभी भी नहीं जाते और कुर्सी में बैठे-बैठे सारा कार्य संपादित करवा रहे हैं। नियमानुसार इन अधिकारियों को करोड़ों रूपये की लागत से बनने वाली ऐसी सड़कों के निर्माण के पूर्व से कार्य समाप्ति तक ड्यूटी देना रहता है जिसके लिये शासन इन्हें भारी-भरकम वेतन देता है। लेकिन ये अपने कार्य से विमुख होकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर रहे हैं। ये अधिकारी से संपर्क करने पर चौकीदार रटा-रटाया जवाब देता है कि साहब साईट गये हैं। साईट पर जाने पर यह पता चलता है कि वहां भी इनकी उपस्थिति नहीं है। निवास स्थल के चौकीदार से पूछने पर उसने बताया कि साहब घर में आराम कर रहे हैं। एसी और कूलर की आवाज से स्वयं एहसास हो जाता है कि ऐसे अधिकारी करोड़ों रूपये के काम के प्रति कितनी लापरवाही बरत रहे हैं। हद तो यह है कि राजधानी में बैठे प्रमुख अभियंता, मुख्य अभियंता जैसे अधिकारी कभी भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही सड़कों का अवलोकन करने नहीं आते। इसी वजह से अधिकारी और ठेकेदार के पौ-बारह हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मेघा, सिंगपुर, दुगली रोड का निर्माण कार्य पिछले 19.1.2022 को कराया गया था जिसकी म्याद 18.8.2023 थी। सिंगपुर की सड़क वन विभाग की आपत्ति के कारण अधूरी पड़ी है जहां से लोगों का आना-जाना दुभर हो गया है। धमतरी जिले में लोक निर्माण विभाग के अधिकारी जिस प्रकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं, उसे लेकर कोलियारी, दर्री, खरेंगा, जोरातराई जिसकी लागत 84 करोड़ रूपये हैं, अभी से उसमें भ्रष्टाचार प्रारंभ हो चुका है। हालांकि यह कार्य मित्तल कंस्ट्रक्शन का नहीं है। लेकिन उक्त ग्रामों की सड़कों में भी भारी कोताही बरती जा रही है। लोक निर्माण विभाग के अधीन जितने भी कार्य संपन्न हुए हैं, या पूर्व वर्षों में पेचवर्क, सुधार कार्य किये गये हैं, उसे लेकर जागरूक नागरिकों ने लोक निर्माण विभाग मंत्री एवं लोनिवि सचिव छग शासन रायपुर से मांग की है कि करोड़ों रूपये के इन सड़कों के निर्माण को लेकर वे जांच समिति बनाकर संबंधित अधिकारी एवं ठेकेदार पर उचित कार्यवाही करें, अन्यथा यह करोड़ों रूपये की लागत से निर्मित सड़कों की दुर्दशा आगे और भी बढ़ेगी। आम नागरिकों के आवागमन को सुलभ बनाने के उद्देश्य से शासन द्वारा करोड़ों रूपये की राशि आबंटित की गई है। इन राशियों का विभाग एवं ठेकेदार मिलकर जिस प्रकार दुरूपयोग कर रहे हैं, वह छत्तीसगढ़ के इतिहास में संभवतः पहला मामला है। जांच न होने की दशा में ऐसे लोगों के हौसले बुलंद हैं और वे भ्रष्टाचार में कंठ तक डूबे हुए हैं। जागरूक नागरिकों का यह भी कहना है कि जब तक राजधानी में बैठे उच्चाधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देंगे, ऐसा भ्रष्टाचार चलते रहेगा और नागरिकों को पुनः उबड़-खाबड़ सड़कों से दो-चार होना पड़ेगा।

# वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में प्राचार्य मनोज पटेल के मार्गदर्शन में प्रधान पाठक (मिडिल) यशवंत कुमार चौधरी एवं प्रधान पाठक (प्रायमरी) आशा शर्मा के नेतृत्व में कक्षा पहिली से आठवीं तक के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया एवं विद्यार्थियों को प्रगति पत्रक,पूर्णता प्रमाण पत्र भेंटकर मैडल एवं मोमेंटो सहित सम्मानित किया गया।कक्षा छठवीं में प्रथम स्थान टीशा प्रधान,द्वितीय स्थान अलिशा लखानी,तृतीय स्थान पर अन्वेषा प्रधान रहीं। कक्षा सातवीं में प्रथम स्थान स्वाति यादव,द्वितीय स्थान श्रेष्ठ अग्रवाल,तृतीय स्थान पर अनय अग्रवाल रहे।कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान लिजा प्रधान,द्वितीय स्थान रूचिका विशाल,तृतीय स्थान राजेश्वरी चंद्राकर ने प्राप्त किया।छठवीं,सातवीं,आठवीं तीनों कक्षाओं में छात्राओं रहा दबदबा। प्रगति पत्रक लेखन कार्य में शिक्षिका रश्मि राजा,आंकलन परिणाम बनाने में शिक्षक विनोद कुमार चौधरी,अंकों की गणना,दस्तावेजीकरण में शिक्षक श्यामसुंदर दास,प्रारंभिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र बनाने में शिक्षक विशिकेशन नैरोजी,गजानंद प्रधान का योगदान रहा। प्राचार्य मनोज पटेल ने परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए इसे विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, स्वाध्याय का नतीजा करार दिया। प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी ने बताया कि आज वार्षिक नतीजों के माध्यम से विद्यार्थियों के उपलब्धियों से पालक रूबरू हुए और उत्तरोत्तर सर्वांगीण विकास हेतु कठिनाई के क्षेत्रों का चिहनांकन कर उसे दूर करने साझा प्रयास कर सार्थक पहल करने की जरूरत ओर ध्यान देना जरूरी है। वहीं प्राथमिक विभाग में परीक्षा परिणाम बनाने में सहायक शिक्षक एल.बी.पात्रो,धनपत सिदार,नेतराम पटेल, भारती सिदार,शोभाराम भोई का योगदान महत्वपूर्ण रहा। कक्षा पहिली में रीना पटेल,दूसरा प्रत्युष्ठा प्रधान,तृतीय स्थान पर आरोही अग्रवाल रहीं। कक्षा दूसरी में प्रथम शिफा खान,द्वितीय भावना पटेल, तृतीय देवकृष्ण मेहर रहे। कक्षा तीसरी में प्रथम टिकेश साहू,द्वितीय नीतीश दास,तृतीय नम्रता दीवान रहीं । कक्षा चौथी में प्रथम यश निषाद,द्वितीय सुचिता नायक,तृतीय मेघा दीप रहीं। कक्षा पांचवीं में प्रथम अपूर्वा पटेल, द्वितीय कल्प देवांगन तृतीय स्थान पर सोम सिदार रहे।

# गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत




पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

श्री गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर हा.से.स्कूल जोगनीपाली में शिक्षा सत्र 2023-24 का स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।जिसमें कक्षा नर्सरी से प्रथम शनि मांझी द्वितीयअनिल यादव तृतीय भुवनेश्वर निषाद कक्षा एल.के.जी.से प्रथम रिया पटेल द्वितीय रोशन भोई तृतीय मृगोश चौहान कक्षा टू से प्रथम पूजा प्रधान द्वितीय प्रिंस विश्वकर्मा कक्षा थ्री से प्रथम अराध्या दास द्वितीय दिपेश यादव तृतीय अकाश राणा कक्षा फोर्थ से प्रथम सेंजल बंजारे द्वितीय समीर निषाद तृतीय राहुल यादव कक्षा फाईव से प्रथम तुषार नायक कक्षा सिक्स से प्रथम गरिमा दास द्वितीय भुवन यादव कक्षा सेवन से प्रथम मंजु नायक द्वितीय इसकेतन यादव कक्षा एट्थ से प्रथम शिवा यादव कक्षा नाइन्थ से प्रथम सुमित नायक द्वितीय जतिन नायक तृतीय पियुष नायक कक्षा इलेवन से प्रथम दुर्गेश पटेल द्वितीय टिकाराम पटेल। इन प्रतिभावान छात्र को शालेय परिवार ने बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक गोपनाथ गुरूजी प्राचार्य जज्ञसेनी मिश्रा नए संचालक जन्मजय नायक उप संचालक दुर्गा चरण नायक शिक्षक-शिक्षिकाएं पालक और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# भैसबोड में शादी समारोह के दौरान हुए हत्या मामले में पॉच आरोपी गिरफ्तार जिसमें दो बालक भी थे शामिल

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



21 अप्रेल 2024 को ग्राम छतौद निवासी चंद्रकुमार ध्रुव अपने परिजन एवं गांव के अन्य लोगो के साथ बारात लेकर ग्राम भैसबोड़ निवासी टिकेश्वर ध्रुव के घर आये थे जो बारात को परघौनी कर डीजे एवं बाजा में बाराती एवं घाराती के लड़के लोग नाचते गाते दुल्हन के घर के तरफ जा रहे थे की दुल्हन के घर के कुछ दूर पहले चौक के पास बाराती एवं घराती के लड़को बीच नाचने गाने की बात को लेकर आपसी विवाद मारपीट होने लगे तभी मृतक रविकुमार तारक अपने पास रखे चाकू से बाराती में आये लड़के मृतक राकेश ध्रुव के सीने में मार दिया एवं हरिप्रेम निर्मलकर को पेट के पास चाकू मारकर घायल कर दिया राकेश ध्रुव एवं हरिप्रेम निर्मलकर को मारते देखकर विधि से संघर्षरत बालक एवं आरोपी नरोत्तम ध्रुव गुस्सा में आकर मृतक रविकुमार तारक को पकड़कर चैनसिंह साहू पीछे से हाथ मुक्का से मारपीट कर रहा था उसी समय आरोपी नरोत्तम ध्रुव अपने पास रखे चाकू को निकालकर मृतक रविकुमार तारक के पेट में मार कर दोनो आरोपी वहा से भाग कर बाराती गाड़ी में जाकर बैठ गये मृतक रविकुमार तारक को घायल अवस्था में ईलाज हेतु बठेना अस्पताल धमतरी ले गये जो ईलाज के दौरान मृत्यु हो गया कि शव पंचनामा कार्यवाही बाद मर्ग डायरी प्राप्त होने पर मर्ग जांच पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफअपराध धारा 302 भादवि0 कायम कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशन में विवेचना के दौरान चौकी बिरेझर पुलिस एवं सायबर टीम द्वारा अज्ञात आरोपियों के पतासाजी के लिए लगभग 200 सीसीटीवी कैमरे को खंगाला गया, जिस पर आरोपियों को चिन्हांकित भी किया गया। एवं संदेहियों से पूछताछ किया गया एवं वहां उपस्थित साक्षियों से कथन के आधार पर चाकू मारने वाले आरोपियों की पता तलाश कर पहचान कार्यवाही कराया गया है आरोपीगण मृतक रवि तारक की हत्या आरोपी नरोत्तम ध्रुव पिता नारायण ध्रुव एवं आयुष साहू पिता शिवदयाल साहू एवं पोखराज यादव पिता मोहन यादव एवं दो विधि से संघर्षरत बालकों को पहचान कराया गया। आयुष साहू द्वारा घटना में प्रयुक्त चाकू व आरोपी नरोत्तम ध्रुव द्वारा जानबुझकर साक्ष्य छुपाये जाने पाये जाने पर आरोपीगणों की कृत्य अपराध धारा घटित करना पाये जाने से विरुद्ध चौकी बिरेझर थाना कुरूद में अप.क्र .220/24 धारा.302, 201, 34 भादवि0 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं आरोपियों को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर एवं विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड भेजा गया है। पकडे गये आरोपियो में नरोत्तम ध्रुव पिता नारायण ध्रुव उम्र 18 वर्ष 05 माह ग्राम छतौद थाना तिल्दा जिला रायपुर, आयुष साहू पिता शिवदयाल साहू उम्र 19 वर्ष ग्राम हीरमी थाना सुहेला जिला बलौदाबाजार, पोखराज यादव पिता मोहन यादव उम्र 21 वर्ष ग्राम सरसोपुरी थाना अर्जुनी जिला धमतरी, दो विधि से संघर्षरत बालक। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कुरुद, चौकी प्रभारी बिरेझर एवं स्टॉफ व सायबर प्रभारी एवं सायबर टीम की सराहनीय भूमिका रही।

# कलेक्टर ने लू से बचने आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

ग्रीष्म ऋतु में तापमान में वृद्धि के चलते भीषण गर्मी पड़ने तथा नागरिकों को लू लगने की संभावना है, जिससे आम जन जीवन व स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। जिसे देखते हुए कलेक्टर नम्रता गांधी ने लू से बचने आवश्यक सावधानी बरतने की अपील आम नागरिकों से की है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। लू के लक्षण - सिर में भारीपन और दर्द, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख न लगना व बेहोश होना



आदि लक्षण शामिल है। लू से बचाव के उपाय- इसके लिए बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाये। धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध ले। पानी अधिक मात्रा में पिये। अधिक समय तक धूप में न रहे। गर्मी के दौरान मुलायम सूती कपड़े पहने ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ. आर. एस. घोल पिये। चक्कर, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें। शीतल पेय जल पिये, फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श ले। उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से जरूरी सलाह ले। लू लगने पर किया जाने वाला प्रारंभिक उपचार - बुखार से पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठंडे पानी की पट्टी लगायें, कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि, पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेटायें, शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहें, पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जायें, आंगनबाड़ी मितानिन तथा ए.एन.एम. से ओ.आर.एस. की पैकेट के लिए संपर्क करें।

# कलेक्टर ने सेवानिवृत्त 9 शासकीय सेवकों को प्रदाय किया पेंशन प्राधिकार पत्र

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी ने 30 अप्रैल 2024 को सेवानिवृत्त हुए जिले के 9 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर कलेक्टर गांधी ने सेवानिवृत्त हुए सभी अधिकारी, कर्मचारियों को बधाई-शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ रहने की कामना की। सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों में जल संसाधन विभाग के दफ्तरी मानक सिंह ठाकुर, व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक



विद्यालय बेलरगांव भूप नारायण सिंह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दरबा हीरा लाल कंवर, प्रधानपाठक प्राथमिक शाला मगरलोड सियाराम साहू, प्राथमिक शाला नगरी जयश्री अहिरकार, प्रताप सिंह अग्रवानी, प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला कुरूद गिरवर प्रसाद साहू, देवल सिंह कंवर और लोक निर्माण विभाग के सहायक वर्ग-02 भूनेश्वर सिंह धुर्वे शामिल हैं।

# प्राचार्य एस पी पांडेय को सेवानिवृत्ति पर शिक्षको ने सम्मान कर दी बिदाई

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

अमेरा हायरसेकेण्डरी मे पदस्थ प्राचार्य एस पी पांडेय को शिक्षा विभाग मे सफलता पूर्वक सेवाअवधि पूर्ण होने पर स्कुल एव संकुल केन्द्र अमेरा सहित आसपास के स्कूलो के शिक्षक शिक्षिकाओ ने उनका सम्मान किया एवं बिदाई दी। इसके साथ ही अमेरा मिडिल स्कूल मे प्रधानपाठिका के रूप कार्य कर सेवानिवृत्त हुई पुष्पांजली मंडावी, एव केशला के प्रधानपाठक दाउराम वर्मा का भी सम्मान करते हुए बिदाई दी गयी। सम्मान समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। बिदाई समारोह मे सेवानिवृत्त प्रधानपाठक एवं प्राचार्य के उनके कार्य के दौरान किये गये कार्यो को याद किया गया एवं उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। प्राचार्य सत्यप्रकाश पांडे की जीवन शैली पर हायरसेकेण्डरी स्कुल अमेरा के प्रभारी प्राचार्य आत्मानंद जायसवाल ने प्रकाश डालते हुए बताया कि पांडेय अपनी 37 वर्ष 6



माह की शिक्षकीय कार्य पूरा कर सेवानिवृत्त हो रहे है । इस शिक्षकीय कार्य के दौरान उन्होने शिक्षा के क्षेत्र मे बहुत ही बेहतरीन एवं प्रेरणादायी कार्य किये है उनके अपने कार्यो के प्रति लगन एवं कर्तव्यनिष्ठा मे हमे कही भी नही हो सकते पर उनसे प्रेरणा अवश्य लेगे। उन्होने अपनी 37 वर्षो की सेवा मे कभी भी स्वास्थ्य गत अवकाश नही लिया और अनवरत शासन द्वारा दिये गये कार्यो को ईमानदारी पूर्वक किया । इस दौरान वे चुनाव कार्यो मे मास्टर ट्रेनर भी रहे और मतदानदलो को प्रशिक्षित भी किया उन्हे नियम कानून की बारिकी से जानकारी थी तथा किताब देखने की आवश्यकता नही पडती थी। यहां तक की वे समय से पहले स्कुल आते और समय पश्चात स्कुल से वापस जाते थे और हर समय अपने साथी शिक्षको अधीनस्थ कर्मचारियो के प्रति सहायता एवं सहयोग के लिए उपस्थित रहते थे । प्राचार्य एस पी पांडेय सेवानिवृत्ति पर भावुक भी हुए और कहा कि मैने अपने जीवन के 37 वर्ष शिक्षकीय कार्य मे लगाया इस दौरान केवल पांच दिनो की छुटटी ली और जो भी कार्य शासन द्वारा दिया गया उसे पूरी ईमानदारी से पूरा किया और आपसे भी कहना चाहुंगा कि शिक्षा ऐसा क्षेत्र है जहां सम्मान मिलता है यदि इसे हम कर्तव्यनिष्ठा के साथ पूरा करे तो हमे सम्मान मिलता है और यही हमारा पुरूस्कार है। इस सेवाअवधि के दौरान मैने जनगणना का कार्य किया तो बच्चो को पोलियो की दवाई भी दिये साथ ही लोकतंत्र के महान पर्व पर भी हिस्सा लिया और मास्टर ट्रेनर बनकर कर्मचारियो के अलावा जिला निर्वाचन अधिकारीयो को भी प्रशिक्षित किया यह मेरी उपलब्धि है इन 35 वर्षो मे मुझे 2020 में सर्वश्रेष्ठ प्राचार्य का सम्मान, मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान, विधानसभा चुनाव मे सर्वश्रेष्ठ कार्य करने, प्रशिक्षण देने, डा भीमराव अम्बेडकर सम्मान मिला और आप सबके द्वारा जो सम्मान मिल रहा है यही मै अपने साथ लेकर जा रहा हुं और एक शिक्षक और गुरू को क्या चाहिए आप सभी ने मुझे यहां सम्मानित किया इसके लिए मै आप सभी को धन्यवाद देता हूं। और उम्मीद करता हूं कि आप सभी अपने कार्यो के प्रति ईमानदार रहते हुए बच्चो की शिक्षा मे कोई भी कमी नही होने देगे। इस अवसर पर प्राचार्य कोसमंदी यू के नागवंशी, कोनारी प्राचार्य राधेश्याम पटेल, अमेरा के प्रभारी प्राचार्य आत्मानंद जायसवाल, शिक्षक कर्मचारी संध अध्यक्ष अभिषेक महोबे, संकुल समन्वयक संध के प्रांताध्यक्ष विक्रम कुमार राय, शिक्षिका उहुती साहू, गायत्री साहू, ममता मिश्रा, ललिता वर्मा, विधाचरण वर्मा, शशिप्रभा वर्मा, योगिता वर्मा, उषादेवी वर्मा,लता ध्रुव, सुखदेव कुमार साहू, नरेन्द्र कुमार पटेल समन्वयक कोनारी, छन्नुलाल वर्मा समन्वयक कोसमंदी, हेमलाल साहू, उमाशंकर भारती, सरिता खुंटे, अनुराधा वर्मा, शत्रुपा ध्रुवंशी, सहित शिक्षक शिक्षिकाये उपस्थित थे। कार्यक्रम कां संचालन भैलेन्द्र कुमार रात्रे द्वारा किया गया।

# महिला का शारीरिक शोषण कर जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

अभियान सृजन के तहत पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश सिंह के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी गिधौरी निरीक्षक के.सी.दास के नेतृत्व में क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से शराब बिक्री, जुआ सट्टा आदि अंवैधानिक कार्यों का संचालन करने वाले आरोपियों के साथ-साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था प्रभावित करने वाले, गाली गलौज, वाद विवाद एवं मारपीट आदि करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही भी लगातार जारी है। इसी क्रम में 30.04.2024 को शिवरीनारायण मेला दिखाने के बहाने महिला को गिधौरी लाकर उसका शारीरिक शोषण करने एवं किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। विवरण इस प्रकार से है कि 29.02.2024 को पीड़ित महिला अपने मायके आई थी, कि आरोपी द्वारा महिला को शिवरीनारायण मेला दिखाने के बहाने गिधौरी लेकर आया एवं उसका शारीरिक शोषण किया तथा किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए 01.03.2024 को महिला को अकेले छोड़कर फरार हो गया। कि रिपोर्ट पर थाना गिधौरी में आरोपी के विरुद्ध अपराध क्र. 70/2024 धारा 376,506,367,34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में 30.04.2024 को आरोपी लक्ष्मीधर साहू उर्फ छुनू साहू पिता निरंजन साहू उम्र 40 वर्ष साकिन चांदन थाना राजादेवरी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

# मतदान दिवस श्रमिकों के लिए सवेतन अवकाश घोषित

बलौदाबाजार। कारखाना अधिनियम 1948 तथा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1953 के अंतर्गत आने वाले कारखानों, संस्थाओ एवं स्थापनाओं में कार्यरत प्रत्येक श्रमिक एवं कर्मचारियों के लिए राज्य शासन द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु नियत मतदान दिवस को सवेतन अवकाश घोषित किया गया है। जिले में लोकसभा निर्वाचन तृतीय चरण अन्तर्गत 7 मई 2024 को नियत है। ऐसे कारखाना जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2- 2 घंटे का अवकाश तथा जो कारखाना निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आये हैं उनमें काम करने वाले श्रमिको को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा दी जाएगी।

# कलेक्टर की नाराजगी के बाद भी पीएचई अधिकारी कार्यालय में गुणवत्ता और प्रगति ठेकेदार के कर्मचारी भरोसे

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com





कछुए की चाल में निर्माण पानी टंकी और गुणवत्ताहीन नल जल कनेक्शन देने की सुर्खिया बटोरते देख कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने बीते 29 अप्रैल को पीएचई विभाग ईई एसडीओ इंजिनियर की बैठक लेकर विकासखंड वार एक एक गांव की जानकारी लिया जल जीवन मिशन अन्तर्गत पानी टंकी निर्माण कनेक्शन पाइप लाइन फिटिंग सहित अन्य कार्यों की प्रगति और भौतिक सत्यापन रिपोर्ट फोटोग्राफ्स के साथ प्रस्तुत करने के निर्देश दिए लेकिन कलेक्टर की नाराजगी का पीएचई अधिकारियों पर कोई असर नहीं पड़ा शायद यही वजह है की इंजिनियर एसडीओ सहित ईई कार्यालय में बैठे बैठे निरीक्षण और प्रगति का दावा करते है जिसकी पोल कई दिनों से बंद पड़ी पानी टंकी कार्य खोल रहा है अगर बंद पड़ी पानी टंकी की बात करें तो देवभोग ब्लॉक के खोकसरा सुपेबेड़ा मोटरापारा खोकसरा रोहनागुड़ा सहित मैनपुर ब्लॉक के सरना बहल जैसे कई पंचायत में पानी टंकी निर्माण से लेकर छुट मूठ काम बीते कई दिनों से बंद पड़ा हुआ है और नल जल कनेक्शन के हालात तो टूटी फूटी पाइप चबूतरे की तस्वीर ही बयां करती है जिसका प्रमुख कारण है अधिकारियो का ठेकेदार को संरक्षण देने को माना जाता है सबसे ख़ास बात तो यह है कि जिस तरह विभाग ने आंख मूंद कर पैसा जारी किया है उसके अनुरुप बिल्कुल भी कार्य नही होने की बात सरपंच ग्रामीण कहते बकायदा कई दफा मैनपुर देवभोग गरियाबंद के विभागीय अधिकारियों को अवगत भी कराया गया फिर भी ना मूल्यांकन में कटौती होती है और राशि जारी करने में इसलिए संपूर्ण गांव को पानी की तंगी से मुक्ति दिलाने की कल्पना फिजूल बताया जाता है आपको बता दें की पुरे जिला मे 1 लाख 53 हज़ार 932 घरों में नल से शुद्ध पेयजल आपूर्ति करने की स्वीकृत है और विभाग के फाइल मे 1 लाख 24 हज़ार 391 घरों कनेक्शन देने का दावा किया है जिसे खोखला दावा बताते हैं क्योंकि कई गुणवत्ताहीन कनेक्शन से पानी का बूंद नही आ रहा है।

**बिछाए पाइप लाइन के खोदाई गड्ढा की जांच-** गांव गांव में पाइप लाइन बिछाने के लिए ठेकेदारों ने गड्ढा खोदा है वह भी सवालों के घेरे में इसलिए पाइप लाइन कार्य को भी जांच करने की दरकार बताया जाता है क्योंकी अधिकारियों के साथ मिलकर ठेकेदार ने गड्ढा खोदाई में कांटा मारने की बात कही जाती है मतलब निर्धारित खोदाई बिल्कुल भी नहीं हुआ है खासकर मैनपुर के जंगली इलाकों में फिर ऐसे कार्यों का मूल्यांकन सत्यापन को अंजाम दिया जाता है। कलेक्टर ने बैठक लेकर यह दिया निर्देश द्धः कलेक्टर दीपक अग्रवाल बीते 29 अप्रैल कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के तहत जिले में चल रहे कार्यों की समीक्षा करते जिले के सभी गांवों में जल जीवन मिशन के तहत घर पहुंच नल जल कनेक्शन, पानी टंकी निर्माण, पाइपलाइन फिटिंग आदि कार्यों की विस्तृत जानकारी लिया विकासखंड वार एक एक गांवों की जानकारी लेकर कलेक्टर अग्रवाल ने गांव वार सभी कार्यों के डेडलाइन समय तय कर निर्धारित अवधि में कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए कलेक्टर ने सपष्ट कहा कि लोगों को पेयजल सुविधाओं से लाभान्वित करने प्रगतिरत कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करे जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी इसके अलावा विभागीय अधिकारियों के साथ राजस्व अधिकारियों को भी प्रगतिरत कार्यों का निरंतर निरीक्षण करने के निर्देश दिए कलेक्टर ने जल जीवन मिशन से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों का व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाने के निर्देश दिए जिसमें कार्यों के प्रगति से संबंधित जानकारी फोटोग्राफ्स के साथ शेयर की जायेगी कलेक्टर अग्रवाल ने एक सप्ताह के भीतर जल जीवन मिशन के प्रगतिरत कार्यों का भौतिक सत्यापन फोटो के साथ प्रस्तुत करने

## पीएमश्री शास प्रा शाला चनाट में कक्षा 1 से 5 तक के सभी बच्चों का परीक्षा परिणाम घोषित



पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

पीएमश्री शास. प्रा. शाला चनाट में कक्षा 1 से 5 तक के सभी बच्चों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसे साल भर की खेती का उपज भी कहा जा सकता है। जिसमे कक्षा 5 वीं से कक्षा मे प्रथम राज गिरी, अभिषेक पटेल एवं वोगेश यादव रहे एवं द्वितीय खिलेश्वरी एवं माधुरी रहे। इसी प्रकार कक्षा 4थी मे प्रथम रिया गिरी एवं संजना बरिहा एवं भावेश का द्वितीय तथा सोनालिका तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 3 री मे कु. नीतू प्रथम, कु. हीना द्वितीय एवं पवन अजगर तृतीय स्थान पर रहा। बच्चे अपने साल भर की कमाई अर्थात परीक्षा परिणाम देख सुन कर बहुत खुश हुए। प्राथमिक शाला चनाट का परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा। सभी बच्चों को प्रधान पाठक नीलाम्बर नायक एवं शिक्षिका प्रभा जगत ने बधाई एवं शुभकामनायें दी।

# वोट डालने के बाद पत्रकारों ने कहा 'हमने तो मतदान कर दिया, अब आपकी बारी'

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



भारत निर्वाचन आयोग ने पहली बार मीडिया कर्मियों को भी डाक मतपत्र से मतदान करने की सुविधा मुहैया कराया है। दुर्ग जिले के वरिष्ठ पत्रकार पवन देवांगन, धनेंद्र सिंह चंदेल, अशोक पंडा और इलेक्ट्रानिक मीडिया प्रतिनिधि रघुनंदन पंडा और अनिल पंडा ने भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) में जिला प्रशासन द्वारा मतदान हेतु बनाये गये सुविधा केन्द्र में अपने मताधिकार का प्रयोग किये। उन्होंने लोगों को संदेश दिया कि हमने अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर लिया, अब आप लोगों की बारी है। पत्रकार बंधुओं ने लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत 7 मई मतदान तिथि को अधिक से अधिक लोगों से अपने मतदान केन्द्र में जाकर मतदान करने की अपील की है। अभी तक सरकारी महकमे के वे लोग ही डाक मतपत्रों से अपने मताधिकार का उपयोग करते थे, जिनकी चुनाव में ड्यूटी लगी हो, या फिर सुरक्षा बल में कार्यरत हो। लेकिन इस बार निर्वाचन आयोग ने लोकतंत्र के चौथे प्रहरी मीडिया कर्मियों को भी इस दायरे में लाकर सुविधा देने का अभिनव पहल किया है। इसी कड़ी में जिन पत्रकारों को चुनाव आयोग ने निर्वाचन कार्यों की रिपोर्टिंग के लिए प्राधिकार पत्र जारी किया है। साथ ही जिन्होंने डाक मतपत्र से मतदान हेतु निर्धारित अवधि तक प्रारूप-12डी भरकर प्रस्तुत किये है, उन्हें डाक मतपत्र से मतदान करने की सुविधा दी है। अब मतदान के दिन ये लोग अपना वोट डालने की चिंता छोड़कर आम चुनाव का वृहत कवरेज कर सकेंगे। सभी ने निर्वाचन आयोग के इस पहल का भूरी-भूरी प्रशंसा की है।

# रैली निकालकर मतदान करने किया गया जागरूक

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com




स्वीप कायक्रम अंतर्गत लोरमी विकासखण्ड के ग्राम कलमीडीह में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई तथा रंगोली के माध्यम से ''शतप्रतिशत मतदान, मुंगेली का अभिमान'' का संदेश दिया गया। मछली पालन विभाग के सहायक संचालक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि मतदाताओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई और मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में 07 मई को मतदान कर अपनी सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और ग्रामवासी मौजूद रहे।

# 12 प्रकार के पहचान पत्रों में से किसी भी एक से कर सकते हैं मतदान

## मतदान केंद्रों पर पेयजल, छाया, प्रतीक्षा कक्ष सहित दिव्यांग मतदाताओं को मिलेगी व्हीलचेयर की सुविधा

**मुंगेली।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार जिले में 07 मई को लोकसभा चुनाव संपन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव ने बताया कि मतदाता वोट डालने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 प्रकार के पहचान पत्रों में से किसी भी एक को दिखाकर मतदान कर सकते हैं। मतदाताओं को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र या राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान आदि दस्तावेजों में से किसी भी एक को प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने सभी मतदाताओं से वोट करने जाते समय पहचान पत्र अवश्य रखने के लिए कहा है। कलेक्टर ने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र में मतदाता सुविधा केंद्र भी बनाया जाएगा, जिसमें कोई भी मतदाता आसानी से अपना नाम मतदाता सूची में देख सकते हैं। प्रत्येक मतदान केंद्रों में पीने का साफपानी, छाया, शौचालय, प्रतीक्षा कक्ष एवं संकेत बोर्ड आदि की व्यवस्था की जा रही है। दिव्यांग मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र में रैंप तथा व्हीलचेयर की व्यवस्था की जा रही है। मतदाताओं की सुविधा की दृष्टि से जगह-जगह पर संकेत के बोर्ड भी बनाए जाएंगे, इससे मतदाताओं को पता चलेगा कि उन्हें कहां जाकर मतदान करना है।

# खनिज अधिकारी के नाक नीचे जिला के कई घाट से रेत की अवैध उत्खनन सरकार को लाखो की चपत

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com





गरियाबंद खनिज अधिकारी फागूलाल नागेश के नाक नीचे बीते कई महीना से रेत का अवैध उत्खनन राजिम से लेकर देवभोग के कई घाट में किया जा रहा है बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी हाथ पर हाथ धरे नजर आ रहे हैं अगर राजिम इलाके के सिंधौरी चौबे बांधा रावड पिताईबंद परसदा जोशी हथखोज मैनपुर के झापेननाला और देवभोग के सेंदमुड़ा तेलनदी सहित जिला मुख्यालय के आजू बाजू कई घाट से रेत निकासी होता है जिसकी पुरी जानकारी खनिज विभाग के अधिकारी को होती है कब कहा कितने बजे रेत का उत्खनन किया जाता है ऐसे तमाम खबर होती हैं फिर भी कार्यवाही की जहमत नहीं उठाते शायद यही वजह है की ज़िम्मेदार अधिकारियों रेत माफियाओं से सांठ गांठ का आरोप लगाया जाता है मगर इस सांठ गांठ खेल के बीच सरकार को लाखो रुपए की राजस्व नुकसान हर माह उठाना पड़ता है कई रेत माफिया तो रेत घाट बंद होने और बारिश से पहले रेत माफिया काफी मात्रा में रेत जगह जगह भंडारण कर रहे हैं ताकि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बारिश के अवसर को मुनाफा मे बदला जाए जिसका सीधा सीधा प्रभाव आम लोगों में देखने को मिलता है क्योंकि डबल ट्रिपल दाम पर रेती लेना मजबूरी होता है इसलिए बड़े बड़े हाइवा टैक्टर सहित अन्य वाहन से रेत की जोरदार अवैध उत्खन को अंजाम दे रहे हैं अगर ज्यादातर अवैध रेत निकासी की बात करें तो राजिम गरियाबंद मैनपुर और देवभोग के सेंदमुड़ा कुमडाई सहित कई नदी इलाकों से आय दिन 300 से 500 ट्रीप ट्रैक्टर हाइवा में रेत निकाला जा रहा है और यह सिलसिला सुबह से लेकर रात के अंधेरे तक देखा जाता है फिर भी खनिज अधिकारी इंस्फेक्टर सहित पुरा अमला मौन नज़र आ रहा है ग्रामीणों की मानें तो वर्तमान की तरह आने वाले दिनों तक रेत का निकासी किया जाता है। तो नदी किनारे काफी ज्यादा कटाव होगा जिससे नाराज किसान भी अब खुलकर रेत माफियाओं के खिलाफ मोर्चा खोल कलेक्टर से शिकायत करने की बात कह रहे हैं क्योंकि चंद पैसा कमाने के लिए रेप कारोबारी पर्यावरण की परवाह किए बिना लगातार नदी का दोहन कर रहे है बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रहा है।

**जनवरी में कार्यवाही:** रेत की अवैध उत्खनन पर खनिज विभाग कितना गंभीर है कार्यवाही के आंकड़े को देखकर समझा जा सकता है अगर देवभोग में कार्यवाही की बात करें तो बीते जनवरी माह में खनिज अधिकारी अपने दल बल के साथ पहुंचकर करीब रेत से भरी 6 टैक्टर और गिट्टी से लदी 1 हाइवा को जब्ती की कार्यवाही किया जा था तब से लेकर आज तक ऐसी कोई बड़ी कार्यवाही को अंजाम नही दिया है ऐसे ही मैनपुर ब्लॉक पर भी हुआ है यहां भी छूट मूठ खानापूर्ति कार्यवाही कर पीठ थफथफाने का काम किया है लेकिन राजिम और गरियाबंद के कई घाट में आंख बंद कर अधिकारी बैठे हुए हैं तभी कोई बड़ी कार्यवाही नही हो रहा है और इसका फायदा उठाते रेत माफ्यिा खूब नदी का दोहन कर रहे हैं।

**महिला बच्चें परेशान:** जिस तरह हाइवा और टैक्टर गांव से होकर गुजरती हैं उससे बच्चें और महिलाएं काफी परेशान नजर आते हैं क्योंकि बिना रेत को कवर किए रेत सपलाई किया जाता है ऐसे में उड़ते धूल से हालाकन होने के अलावा गाड़ियों से दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है जिसके मद्दे नजर खनिज विभाग को शिकायत भी किया जाता है मगर अफसोस की बात है खनिज अधिकारी रेत माफियाओ के बीच नतमस्तक दिखाई पड़ रहें तभी रेत निकासी खुलेआम किया जा रहा है।

# शासकीय प्राथमिक शाला कुरमाडीह के प्रधान पाठक बिहारी लाल जगत सेवानिवृति हुए

पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



बसना विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला कुरमाडीह के प्रधानपाठक बिहारी लाल जगत सेवानिवृति हुए। उनका शैक्षिक कार्यकाल अपने गाँव कुरमाडीह में पूरा हुआ। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक लोग शामिल हुए। जिसमें सकुल केन्द्र जमदरहा से उत्तर कुमार चौधरी नोडल प्राचार्य, डिजेन्द्र कुर्रे समन्वयक, महेंद्र प्रधान पूर्व समन्वयक, दयामणि सिदार, जगन्नाथ राणा पूर्व समन्वयक, बेलटिकरी समन्वयक गोसाई राम खूंटे, मिलन सिंह खरे सेवानिवृत शिक्षक, बड़े साजापाली समन्वयक त्रिलोचन पटेल, सरपंच ललिता कश्यप, सोनसाय बरिहा जनपद सदस्य, दुर्योधन पटेल जमदरहा सरपंच मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्त प्रधानपाठक बिहारी लाल जगत ने कहा कि मुझे कुरमाडीह की जनता ओर से ढ़ेर सारा प्यार और स्नेह मिला है। जिसे मैं कभी भुला नहीं पाऊंगा। उन्होंने यह भी कहा कि नौकरी में संकुल जमदरहा, संकुल बेलटिकरी में रहा शिक्षकों के बीच अच्छा सबंध रहा है। अपने गृह ग्राम से प्रधानपाठक के पद से सेवानिवृत्त हो रहा हूँ। अपने शिक्षा कार्यकाल में मुझे अपनापन लगने लगा है इसमें आप सभी का स्नेह प्यार के वज़ह से है। सभी अतिथियों ने दीर्घायु की कामना करते हुए श्री जगत को साल, श्रीफल, अभिनन्दन पत्र, स्मृति चिन्ह, डायरी, पेन, संविधान पुस्तक, भगवत गीता, रामायण, काव्य संग्रह सुमता के अंजोर, सतनाम चालीसा भेंट कर सम्मानित किया गया। तीनों संकुल जमदरहा, बड़े साजापाली, बेलटेकरी से आए शिक्षक शिक्षिका जिसमें टेकचंद नायक, रजनी सिदार, भूपेंद्र देवांगन, लीलाधर पटेल, आशीष कुजूर, राजन कर, कमलेश कमार, चंद्रशेखर दिवान, डोलामणि पटेल, जितेन्द्र नाग, शिमला चौहान, रुपलता कुर्रे, सतकुमारी चतुर्वेदी, देवकी साहू, बसंत साहू, प्रहलाद साहू, गंगाधर प्रसाद द्विवेदी, मनोज नायक, जगदीश मांझी, सुखीराम बसंत, ज्वाला प्रसाद, विजय चतुर्वेदी, डोसराम बसंत जगदीश मांझी, विषम्भर ठाकुर, अशोक सोनवानी, संगीता साहू, सुकांति साहू, घनश्याम साहू, यशपाल ठाकुर, शंकर सिंह सिदार के अलावा अन्य शिक्षकों ने उनके योगदान की सराहना करते हुए भविष्य में भी उनके मार्गदर्शन के लिए आग्रह किया।

**नागरिक एकादश ने 116 रन के साथ जीत दर्ज की, दोनों टीम ने मतदान जागरूकता के लगाए नारे, खेल के माध्यम से दिया मतदान का संदेश**

# मतदाता जागरूकता बढ़ाने प्रशासन एकादश एवं नागरिक एकादश के मध्य आयोजित हुआ फ्लड लाइट फ्रैंडली क्रिकेट मैच

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com





लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान जागरूकता की विभिन्न गतिविधियों के साथ-साथ भिलाई नगर निगम एवं जिला प्रशासन दुर्ग के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता हेतु फ्लड लाइट फ्रैंडली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। यह मैच प्रशासन एकादश एवं नागरिक एकादश के मध्य खेला गया।

जिसमें प्रशासन एकादश के कप्तान आईजी रामगोपाल गर्ग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। प्रशासनिक एकादशी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 115 रन बनाए। जिसमें नगर निगम भिलाई के अधिकारी अरविंद शर्मा ने 42 रन तथा एसपी दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला ने 35 रन का बड़ा योगदान दिया। जिसके जवाब में नागरिक एकादश की टीम ने ताबड़ तोड़ बल्लेबाजी करते हुए ग्यारहवें ओवर में ही 116 रन बनाकर मैच की जीत अपने नाम की। इस मैच में प्रशासन एकादश एवं नागरिक एकादश के खिलाड़ियों ने जोर शोर से मतदाता जागरूकता के लिए अपनी प्रदर्शनी दिखाई। साथ ही अन्य नागरिकों ने भी खेल का आनंद लिया। इस मैच में प्रशासन 11 की ओर से सामान्य प्रेक्षक श्रीकेश लथकर (आईएएस),संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी दुर्ग आर जी गर्ग, एसपी दुर्ग जितेंद्र शुक्ला, सीईओ जिला पंचायत अश्विनी देवांगन, एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे, कमिश्नर भिलाई नगर निगम देवेश कुमार ध्रुव, कमिश्नर रिसाली नगर निगम मोनिका वर्मा, एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे, डिप्टी कलेक्टर हरिवंश मिरी, डिप्टी कलेक्टर लवकेश ध्रुव, डिप्टी कलेक्टर मुकेश कोठारी, डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण शामिल हुए एवं नागरिक एकादश की ओर से राजेंद्र ठाकुर की अगुवाई में जिले के नागरिकों ने शिरकत की।

## मतदान दिवस और मतदान के एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का कराना होगा पूर्व प्रमाणीकरण

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के साथ ही प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन को रोकने के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत मतदान दिवस और उसके एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणीकरण आवश्यक है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी परिपत्र के अनुसार लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान दिवस यानि तृतीय चरण के मतदान के एक दिन पहले एवं मतदान दिवस यानि 06 और 07 मई 2024 को प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक पार्टी, अभ्यर्थी एवं अन्य संस्थान के राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व जिला अथवा राज्य स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से विज्ञापनों का अभिप्रमाणन (प्री-सर्टिफिकेशन) अनिवार्य किया गया है।

## चालू वर्ष की संपत्तिकर अदायगी पर अप्रैल से जून तक 6% छूट

**दुर्ग।** नगर निगम दुर्ग क्षेत्र में रहने वाले कर दाताओं को अप्रैल से जून तक के चालू वर्ष की संपत्तिकर अदायगी पर 6 फीसदी छूट देने का निगम प्रशासन ने फैसला लिया है।

आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर शहर में निवासरत वार्ड क्रमांक 01 से 60 वार्ड के संपत्तिकर करदाताओं द्वारा अपने भवनों -भूमियों का सनहाल वित्तीय वर्ष 2024-25 का टैक्स राशि जमा करने वाले करदाताओं को वर्ष 2024-25 के संपत्तिकर पर छूट का लाभ दिया जाएगा। बता दे कि करदाताओं के लिए इस सुनहरा अवसर का लाभ ले सकते है।

# पूर्वोत्तर क्षेत्र
## समस्या समाधान के प्रयास

**भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र** लंबे समय से विद्रोह, आंतरिक टकराव तथा उन चुनौतियों का सामना कर रहा है जो जटिल इतिहास, भौगोलिक अलगाव तथा केन्द्र सरकारों द्वारा लगातार कथित 'अनदेखी' से गंभीर हुई हैं, लेकिन इनसे निपटने के प्रयास जारी हैं। यहां प्रमुख समस्या उसकी सीमाओं के भीतर होने वाले आंतरिक टकराव हैं। इसके अनेक कारण हैं जिनमें नस्ली तनाव से लेकर संसाधनों पर विवाद तक शामिल हैं जिनसे हिंसा और विस्थापन के दुष्चक्र पैदा हुए हैं। चीन और दक्षिणपूर्व एशिया से निकट होने के रणनीतिक महत्व से यह प्रतियोगी भू-राजनीतिक हितों के टकराव वाला क्षेत्र रहा है। इससे स्थिति और जटिल होती है। परंपरागत रूप से पूर्वोत्तर में टकराव को भारतीय मुख्यभूमि से जुड़ाव में कमी, निवासियों के बीच कबीलाई व सामुदायिक मतभेद तथा असम सब-डिवीजन में विभाजक रेखाओं से हवा मिलती रही है। इसके साथ ही बाहरी शक्तियां, जैसे चीन, म्यांमार और बांग्लादेश भी यहां अपनी भूमिका निभाती हैं। इस क्षेत्र की समस्याओं के अनेक कारण हैं जो अशांति के रूप में दिखते हैं। अतीत में आर्थिक विकास तथा ढांचागत विकास में कमी से लोगों में हाशियाकरण और वंचना की भावना पैदा हुई जिससे 'विद्रोही आंदोलनों' को निराश नौजवानों को भर्ती करने का मौका मिला। इसके साथ ही खासकर म्यांमार और बांग्लादेश से सटी इस क्षेत्र की सीमाओं पर आवागमन से विद्रोही समूहों को यहां अपने अड्डे बनाने तथा हमारे सुरक्षा बलों पर हमलों का मौका मिला है। बाहरी कारकों द्वारा सीमापार से घुसपैठ तथा विद्रोही समूहों को समर्थन से भारत की सुरक्षा अवस्थापना को लगातार चुनौती मिलती रही है।



पूर्वोत्तर की समस्यायें देश की स्वतंत्रता के बाद से ही गंभीर होती रहीं, लेकिन उन पर समुचित ध्यान नहीं दिया गया। हालांकि, पिछले एक दशक से केन्द्र सरकार ने पूर्वोत्तर की समस्याओं के आमूल समाधान पर जोर दिया है। प्रधानमंत्री, केन्द्रीय गृह मंत्री तथा अनेक केन्द्रीय मंत्रियों ने इस क्षेत्र का बार-बार दौरा कर विकास परियोजनाओं को गति दी है जिससे इस क्षेत्र की जनता अब स्वयं को बाकी भारत की तरह विकास और प्रगति में भागीदार मानती है। केन्द्र सरकार के प्रयासों से पूर्वोत्तर के विभिन्न 'विद्रोही' समूहों से बातचीत कर उनको मुख्यधारा में लाने में सफलता मिली है। म्यांमार से 'घुसपैठियों' और हथियार तस्करों के प्रवेश पर लगाम लगाने के लिए सीमा पर भारत-बांग्लादेश सीमा की तरह बाड़बंदी की जा रही है। पूर्वोत्तर में दशकों से जारी अशांति के कारण वहां सशस्त्र सेना विशेषाधिकार कानून-अफस्पा लागू रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में इसके क्षेत्र में लगातार कमी की गई है। पिछले महीनों में केवल मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदायों के बीच टकराव की बड़ी घटना सामने आई है, लेकिन फिलहाल स्थिति शांत है। मणिपुर की समस्या के पीछे 'घुसपैठियों' द्वारा सरकारी जमीनों, वनभूमि तथा बहुसंख्यक मैतेई समुदाय की जमीनों पर अवैध कब्जा था। इसे म्यांमार से आने वाले हथियार तस्करों और नशे के व्यापारियों ने और गंभीर बनाया था। राज्य सरकार ने कड़ाई से जमीनों पर अवैध कब्जों के खिलाफ न केवल अभियान चलाया, बल्कि वह कानून-व्यवस्था पर नियंत्रण करने में भी सफल रही। पूर्वोत्तर राज्यों में असम विकास की नई बुलंदियां छू रहा है और यह अन्य पूर्वोत्तर राज्यों के लिए आदर्श बन गया है। वर्तमान लोकसभा चुनाव में पूर्वोत्तर की जनता ने भारी मतदान कर न केवल भारतीय लोकतंत्र में पूर्ण विश्वास प्रकट किया है, बल्कि उसका देश के साथ ही अपने विकास के प्रति विश्वास भी बढ़ा है।

# युवाओं का राजनीति से अलगाव

बड़ी संख्या में मतदाता युवा पीढ़ी के हैं। लेकिन चुनाव प्रक्रिया से उनका अलगाव चिन्ता का विषय है। उनकी सहभागिता बढ़ाने के लिए अनिवार्य मतदान जैसे प्राविधान लागू करने पर विचार होना चाहिए।



**प्रफुल्ल गोराडिया**
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



देश में वर्तमान समय में बड़ी संख्या में मतदाता युवा पीढ़ी के हैं। लेकिन व्यापक रूप से राजनीति तथा उसका अभिन्न अंग मानी जाने वाली चुनाव प्रक्रिया से उनका अलगाव चिन्ता का विषय है। भारतवर्ष का संबंध अधिकाधिक उसके युवा नागरिकों से है। ऐसे में यह तथ्य चिन्ताजनक है कि हाल ही में 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके युवा बड़ी संख्या में मतदान प्रक्रिया से बाहर हैं। इन मतदाताओं में से बहुत कम ने ही मतदाता के रूप में अपना पंजीकरण कराया है। देश का संबंध उन युवाओं से अधिक मजबूत है जिनकी औसत आयु 18 वर्ष है। देश में पिछले लगभग 60 साल में 12 आम चुनाव हुए हैं। मोटेतौर से कहा जाए तो आज पांच साल का बच्चा अपने जीवनकाल में पांच व संभवतः 6 आम चुनाव देखेगा। देश की यह युवा पीढ़ी अपने साथ देश का भविष्य निर्धारित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। लेकिन इस युवा पीढ़ी में 18 वर्ष की मतदान योग्य आयु प्राप्त करने पर मतदान करने की इच्छा तुलनात्मक रूप से काफी कम है।

देश की सर्वाधिक संख्या वाले राज्य उत्तर प्रदेश में मतदान योग्य आयु वाले केवल 25 प्रतिशत नौजवानों ने मतदाताओं के रूप में अपना पंजीकरण कराया है। ऐसे में इसके कारणों पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। आखिर क्या कारण है कि इस पीढ़ी में अपने देश का संचालन करने की इच्छा की कमी है? क्या अधिकांश युवाओं को उम्मीद है कि सरकारी प्रतिनिधि उनसे पुरानी 'माई बाप' शैली में संपर्क करेंगे? अथवा क्या उनको उम्मीद है कि राजनीतिक पार्टियों में उनके वोट प्राप्त करने के लिए ज्यादा प्रतियोगिता नहीं होगी? कहीं ऐसा तो नहीं कि युवा पीढ़ी में पूरी राजनीतिक प्रक्रिया और स्वयं लोकतांत्रिक संस्था के प्रति एक अनिच्छा वाली स्थिति पैदा हो गई है? पिछले वर्षों में देश में युवाओं की बड़ी संख्या ने विश्वास कर लिया है कि सत्ता में चाहे जो आए, उससे उनके जीवन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इसका कारण संभवतः यह है कि देश में राजनेताओं की बड़ी संख्या को ऐसे वर्ग के रूप में देखा जाता है जो केवल अपने हित में ही काम करते हैं। लेकिन इस प्रकार की संदेहवादी भावना अपने मन में पालने वाले युवा भूल जाते हैं कि अपनी निष्क्रियता से वे राष्ट्र के संचालन में अपनी इच्छा प्रकट करने का अधिकार खो देते हैं।

हालांकि, बड़ी संख्या में युवाओं में राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश करने तथा देश के जीवन में सार्थक भूमिका निभाने की इच्छा उस सीमा तक बलवती नहीं है जिसकी वर्तमान समय में आवश्यकता है। देश में स्वतंत्रता के लगभग पचास साल पहले से ही राजनीतिक प्रकृति का सार्वजनिक जीवन रहा है। इसकी शुरुआत सेवानिवृत्त ब्रिटिश नौकरशाह एलेन आक्टावियन ह्यूम द्वारा 1885 में कांग्रेस की स्थापना से हुई थी। इसी प्रकार मुस्लिम लीग की स्थापना 1906 में, हिंदू महासभा की 1916 में तथा कम्युनिस्ट पार्टी की 1925 में हुई थी। इस प्रकार भारतीयों को राजनीतिक सार्वजनिक जीवन में प्रवेश का अवसर मिला था। इसके पीछे सत्ता प्राप्त करने का उद्देश्य न होकर, एक आदर्शवाद-संचालित इच्छा थी कि देश को आजाद कराना है। लेकिन विडंबना है कि इसके कुछ ही समय बाद निराशा की भावना फैलने लगी तथा शुरुआती आदर्शवाद में तेजी से कमी आई। आदर्शवाद में इस कमी के साथ ही देश के नैतिक व सामाजिक मूल्यों में पतन भी दिखने लगा। ऐसे में यह सवाल सर्वाधिक महत्वपूर्ण है कि क्या निराशा की इस भावना के पीछे राजनेताओं की गुणवत्ता के प्रति निराशा थी? निश्चित रूप से सभी पार्टियों में ऐसे सदस्य नहीं थे जो समाज के शिक्षित व ज्ञानवान तबकों से आते हों। लेकिन अतीत की तुलना में वर्तमान समय में काफी परिवर्तन आया है। देश की वर्तमान केन्द्र सरकार पहले शासन कर चुकी सरकारों की राजनीतिक अवस्थापना की तरह अधकचरी तथा अनिर्णय की शिकार नहीं है।

हालांकि, वर्तमान केन्द्र सरकार भी अभी राजनेताओं व राजनीति के प्रति जनता में व्याप्त निराशावादी भावनाओं का पूरी तरह निराकरण करने में सक्षम नहीं हुई है और जनता के बड़े हिस्से में पहले से व्याप्त भावनाओं ने जड़ें जमा रखी हैं। लेकिन इसके बावजूद उसने पिछले दशक में काफी परिवर्तन किया है और आज यह कहना उचित नहीं होगा कि अच्छे लोगों की राजनीति में दिलचस्पी नहीं है। राजनीति में दिलचस्पी लेने वालों की संख्या बढ़ी है तथा अच्छे लोग राजनीति में आने लगे हैं। हाल के वर्षों में अनेक अकादमिक और पेशेवर रूप से सक्षम लोग राजनीति में आए हैं और उनमें से कुछ मंत्री भी बने हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में अनेक पूर्व वरिष्ठ नौकरशाह तथा विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ मंत्री बने हैं और उन्होंने अतीत के अनेक राजनेताओं की तुलना में बहुत अच्छा काम भी किया है। लेकिन स्पष्ट रूप से अभी हमें इस दिशा में काफी लंबी यात्रा करनी है।

किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में बहुत बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति तथा चुनाव लड़ने के भारी खर्च भी निराशा के कारण हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि इस समस्या का काफी समाधान चुनाव क्षेत्रों के नए परिसीमन से हो जाएगा। इससे निर्वाचित प्रतिनिधियों की संख्या में लगभग 50 प्रतिशत वृद्धि होगी। इसके साथ ही चुनाव लड़ने पर आने वाला भारी खर्च भी चिन्ता और अधिकांश लोगों में निराशा का कारण है। इसके चलते कोई आम आदमी हर निर्वाचन क्षेत्र में लगभग दो मिलियन मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के लिए बहुत अधिक पैसा नहीं खर्च कर पाता है। यह भी स्पष्ट है कि केवल परिसीमन तथा सीटें बढ़ाने से चुनाव खर्च की समस्या हल नहीं होगी।

अमीर उम्मीदवारों के राजनीति के प्रति आकर्षित होने का एक कारण यह परंपरागत विश्वास भी है कि उम्मीदवार चुनाव खर्च में काला धन प्रयोग करने में सफल होगा और इसके बाद और अधिक मात्रा में काले धन का सृजन करने में भी सफल होगा। लेकिन यदि राजनीति और चुनावी राजनीति में 'भ्रष्टाचार के दरवाजे' बंद हो जाएं तो अवसरवादियों के विभिन्न पार्टियों से या निर्दलीय उम्मीदवार बनने के अवसर कम हो जाएंगे। यह बात उन लोगों के लिए भी सही है जो राजनीति को पैसा कमाने का माध्यम मानते हैं। 'अनिवार्य मतदान' न केवल चुनाव व्यवस्था को अद्यतन बनाने, बल्कि चुनाव लड़ने व चुनाव प्रचार का खर्च घटाने में भी सहायक होगा। अनिवार्य मतदान का प्राविधान करने से 'वोटबैंक' राजनीति चलाते रहना भी असंभव हो जाएगा। अतीत पर गौर करें तो एक समय ऐसा भी था जब कुल मतदान 50 प्रतिशत या इससे भी कम होता था। ऐसे में यदि किसी उम्मीदवार या राजनीतिक पार्टी का सुनिश्चित वोटबैंक होता तो उसे चुनाव जीतने में कोई कठिनाई न होती। हालांकि, वोटबैंक की राजनीति आज भी एक सीमा तक जारी है, पर बदलती परिस्थितियों में इसे ज्यादा लंबे समय तक चलाते रहना कठिन होता जा रहा है। धर्म, जाति, समुदाय, आदि के आधार पर चलने वाली वोटबैंक राजनीति पर पिछले दशक में केन्द्र सरकार द्वारा व्यापक रूप से जमीन पर पहुंचाई जाने वाली कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रभाव पड़ा है। इससे एक 'लाभार्थी' समूह विकसित हुआ है जो सभी धर्मों, जातियों व समुदायों तक विस्तारित है और इसने परंपरागत 'वोटबैंक' पर व्यापक प्रहार करने में सफलता पाई है।

मतदान प्रतिशत में वृद्धि के साथ ही प्रतिबद्ध वोटबैंक की शक्ति और प्रभाव घटा है। उदाहरण के लिए, यदि एक लाख मतदाताओं में किसी खास उम्मीदवार का वोटबैंक 25 प्रतिशत या 25,000 मतदाता हैं। ऐसे में यदि उस सीट पर मतदान 50 या 55 प्रतिशत होता है तो यह प्रतिबद्ध वोटबैंक उस उम्मीदवार की विजय सुनिश्चित करता है। लेकिन यदि अनिवार्य मतदान की स्थिति में मतदान 100 प्रतिशत हो तो ऐसे वोटबैंक का कोई निर्णायक लाभ नहीं होगा। राजनीतिक प्रक्रिया में सार्थक सहभागिता के लिए 'खैरातों' की भूमिका पर भी लगाम लगाने की जरूरत है। खैरातों से लोकतंत्र में चुनावों की भूमिका पर व्यापक असर पड़ता है क्योंकि यह 'मतदाताओं को रिश्वत' के सिवा और कुछ नहीं है। यदि यही स्थितियां बनी रहें तो इस बात का कोई अर्थ नहीं होगा कि नौजवान लोग मतदान करने वालों में बड़ी संख्या में क्यों शामिल नहीं होते हैं। नौजवानों को मतदान प्रक्रिया में अधिकाधिक सहभागी बनाने के लिए चुनाव प्रक्रिया के साथ ही राजनेताओं की गुणवत्ता तथा राजनीतिक पार्टियों के कामकाज में भी व्यापक सुधार की आवश्यकता होगी।

# नृत्य की सार्वभौमिक भाषा

> पारंपरिक भारतीय शास्त्रीय नृत्य रूपों से लेकर समकालीन वैश्विक नृत्य घटनाओं तक, नृत्य समुदायों को प्रेरित, स्वस्थ और एकजुट करता रहता है

**राजदीप पाठक**
(लेखक, गांधी स्मृति दर्शन समिति के कार्यकारी हैं)



पिछले साल 14 अप्रैल को, भारत के असम में इतिहास रचा गया था, क्योंकि बिहू नर्तकों की सबसे बड़ी सभा के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया था। विभिन्न समुदायों और पृष्ठभूमि के 11,000 से अधिक नर्तक असम के पारंपरिक नृत्य करने के लिए एक साथ आए, जिसे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने लाइव देखा। यह सांस्कृतिक विविधता और एकता का शानदार प्रदर्शन था।

यह कार्यक्रम इस बात का चमकदार उदाहरण था कि सांस्कृतिक विविधता कैसे लोगों को एक साथ ला सकती है और भावनात्मक जुड़ाव और एक-दूसरे की संस्कृति और परंपराओं की सराहना की भावना को बढ़ावा दे सकती है।

अभी हाल ही में कालातीत अनुग्रह और अटूट जुनून के लुभावने प्रदर्शन में राग सेवा के हिस्से के रूप में, 90 वर्षीय अभिनेता-नर्तक और पद्म विभूषण पुरस्कार विजेता वैजयंतीमाला बाली ने अयोध्या में अपने अलौकिक भरतनाट्यम प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मानवीय अभिव्यक्ति की इस समृद्ध पच्चीकारी में, नृत्य एक कालजयी रत्न के रूप में उभरता है, जो पीढ़ियों पर अपना जादू बिखेरता है और युगों-युगों तक दिलों को लुभाता है। केवल गति से परे, यह रचनात्मकता की एक सिम्फनी का प्रतीक है, जो आत्मा को बेलगाम आनंद से भर देती है। लय और भावना का एक सुंदर अंतर्संबंध, यह आधुनिक जीवन के बोझ से सांत्वना प्रदान करता है, अस्तित्व के ताने-बाने में खुशी के धागों को जोड़ता है।

जीवन की लय में आपका स्वागत है, क्योंकि हम 1982 से हर साल 29 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाते हैं। नृत्य जीवन को बदलने में मदद करता है। नवरस, जिसका उपयोग खुशी, उदासी, प्रेम, क्रोध और कई अन्य भावनाओं को व्यक्त करने के लिए किया जाता है, जीवन का जश्न मनाने और समुदाय की भावना पैदा करने का एक तरीका है।

यह दिवस नृत्य के आंतरिक मूल्य के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने और नृत्य समुदाय के प्रयासों के व्यापक प्रचार को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से एक मंच के रूप में कार्य करता है। इसके मिशन के केंद्र में यह आकांक्षा है कि सरकारें और प्रभावशाली हस्तियां नृत्य के महत्व को पहचानेंगी और इसकी खेती के लिए समर्थन बढ़ाएंगी। हम सभी यो-यो मा के सिल्क रोड एन्सेम्बल से परिचित हैं, जो सेलिस्ट यो-यो मा द्वारा स्थापित एक संगीत समूह है, जहां चीन, ईरान, भारत और स्पेन के संगीतकार एक साथ आते हैं और संस्कृतियों के बीच एक पुल बनाने के लिए अपने संगीत का उपयोग करते हैं। विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों के बीच समझ को बढ़ावा देना। सांस्कृतिक सहयोग के माध्यम से, यह सीमाओं के पार विचारों, परंपरा और नवाचार के आदान-प्रदान का एक मंच है।

इसके अलावा, वनबीट पहल, जो दुनिया भर के संगीतकारों को सहयोग करने और नया संगीत बनाने के लिए एक साथ लाती है - को अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा वित्त पोषित किया गया था - इसका उद्देश्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना और संगीतकारों का एक वैश्विक समुदाय बनाना है। %वनबीट% ने सीरिया, रूस और क्यूबा जैसे देशों के संगीतकारों को एक साथ लाया है, न केवल संगीतकारों को अपना संगीत साझा करने के लिए एक मंच प्रदान किया है बल्कि सांस्कृतिक और भाषाई बाधाओं को पार करने वाले नए सहयोग भी तैयार किए हैं। नृत्य अंतरसांस्कृतिक संवाद को बढ़ावा देने में भी मदद करता है। दुनिया भर की नृत्य कंपनियाँ नए कार्य बनाने के लिए एक साथ आती हैं जो उनकी सांस्कृतिक परंपराओं को दर्शाते हैं और सामान्य विषयों का पता लगाते हैं। ऐसा ही एक उदाहरण %एल्विन ऐली अमेरिकन डांस थिएटर% है, जो 60 वर्षों से अधिक समय से नृत्य के माध्यम से विविधता और समावेशन को बढ़ावा दे रहा है। कंपनी के प्रदर्शन अफ्रीकी-अमेरिकी सांस्कृतिक अनुभव का जश्न मनाते हैं और प्रेम, हानि और पहचान जैसे सार्वभौमिक विषयों का पता लगाते हैं।

इतना ही नहीं, नेशनल बैले ऑफ क्यूबा एक डांस कंपनी है जो अपने प्रदर्शन के जरिए अंतरसांस्कृतिक संवाद को बढ़ावा देती है। 1948 में 20वीं सदी की सबसे प्रसिद्ध बैले नृत्यांगनाओं में से एक, एलिसिया अलोंसो द्वारा स्थापित, यह अपनी अनूठी शैली के लिए जाना जाता है जो एफ्रो-क्यूबा और स्पेनिश नृत्य परंपराओं के साथ शास्त्रीय बैले के तत्वों को जोड़ती है।

भारत में, द कलाक्षेत्र फाउंडेशन, - भारतीय शास्त्रीय नृत्य रूपों को लोकप्रिय बनाने के लिए मौजूद कई फाउंडेशनों और संस्थानों में से - चेन्नई स्थित नृत्य विद्यालय, जिसकी स्थापना 1936 में रुक्मिणी देवी अरुंडेल ने की थी, ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य रूपों को पुनर्जीवित करने और बढ़ावा देने की मांग की और आज एक अग्रणी संस्थान है जो छात्रों को भरतनाट्यम, कथकली और कुचिपुड़ी सहित भारतीय शास्त्रीय नृत्य के विभिन्न रूपों में प्रशिक्षित करता है।

इसी तरह, बैंगलोर के पास %नृत्यग्राम डांस विलेज%, जिसकी स्थापना 1990 में प्रसिद्ध भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगना प्रोतिमा गौरी ने की थी, एक अनूठी संस्था है जो नृत्य प्रशिक्षण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करती है, जो न केवल नृत्य तकनीकों पर ध्यान केंद्रित करती है, बल्कि योग, ध्यान और भारतीय पौराणिक कथाओं जैसे पहलू। संस्थान ने वैश्विक मान्यता प्राप्त की है और भारतीय शास्त्रीय नृत्य को समकालीन नृत्य रूपों के साथ मिश्रित करने वाले नए कार्यों को बनाने के लिए कई अंतरराष्ट्रीय नृत्य कंपनियों के साथ सहयोग किया है।

हम बॉलीवुड डांस को मिस नहीं कर सकते, जो एक वैश्विक घटना बन गई है और इसने विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों को एक साथ आने और भारत की जीवंत संस्कृति का जश्न मनाने के लिए एक मंच तैयार किया है। भारतीय शास्त्रीय रूपों से लेकर बैले तक विभिन्न नृत्य शैलियों का उपयोग करना; कैबरे के लिए, हिप-हॉप, ब्रेक डांस इत्यादि - प्रत्येक चरण में एक अद्वितीय लय समाहित होती है

## आप की बात

### कांग्रेस की असलियत

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने कहा कि जब तक वे ज़िंदा हैं धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होने देंगे। उनकी बात बिल्कुल सही है। धर्म के आधार पर आरक्षण क्यों, जबकि देश भारतीय संविधान से चलता है? संवैधानिक प्रक्रिया के अनुसार हर व्यक्ति, समूह, सम्प्रदाय व समाज के हर वर्ग को सुविधाएं देना भारत सरकार का कर्तव्य है। एक तरफ कांग्रेस देश के संविधान पर खतरे की बात करती है, वहीं दूसरी और मनमाने ढंग से कर्नाटक में संविधान को ताक पर रखकर मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास कर रही है। मोदी का यह कहना सही है कि संविधान पर खतरे की बात करने वाली कांग्रेस ने ही संविधान के साथ सबसे ज्यादा छेड़छाड़ की है। इतिहास गवाह है कि आपातकाल में संविधान को आमूल रूप से बदलने का कुत्सित प्रयास किया गया था तथा जनता के मूलाधिकारों तक को स्थगित कर पूरे देश को कैदखाने में बदल दिया गया था। देश की जनता भूली नहीं है कि-इंदिरा इज़ इंडिया एंड इंडिया इज़ इंदिरा का नारा देने वाली कांग्रेस स्वयं को हमेशा देश के कानून और आम जनता से ऊपर मानती रही है। उसने पूरी बेशर्मी से नेहरू-गांधी परिवार को ही भारत रत्न समेत सर्वोच्च पुरस्कारों से नवाजा था। आज जनता कांग्रेस की असलियत अच्छी तरह समझ गई है।

**- शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### मोदी की गारंटी

**जब** देश का प्रधानमंत्री अच्छा, ईमानदार, देशभक्त हो और केवल अपने देश के हित में सोचता हो तो फिर वह देश तो तरक्की करेगा ही। हमारे देश को भी ऐसा ही प्रधानमंत्री मिला है जिसने पिछले दस साल में सारे देश को अपना परिवार माना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता को विश्वास दिलाया है कि जब तक वह प्रधानमंत्री है तब तक देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं चलने दिया जाएगा। प्रधानमंत्री का यह निर्णय सबके लिए लाभदायक होगा। कांग्रेस, सपा, बसपा जैसी अनेक पार्टियां धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण की पक्षधर हैं, भले ही इससे हिंदू दलितों, आदिवासियों व ओबीसी को कितना ही नुकसान क्यों न हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा संघ प्रमुख मोहन भागवत ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जब तक आवश्यक हो तब तक एससी, एसटी व ओबीसी का आरक्षण जारी रहेगा। मोदी ने बार-बार कहा है कि स्वयं बाबा साहेब अंबेडकर भी इस स्थिति को बदल नहीं सकते हैं। ऐसे में आरक्षण के सवाल पर कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों द्वारा मोदी व अमित शाह तथा अन्य भाजपा नेताओं के फेक वीडियो का मुकाबला करना और जवाब देना सभी जागरूक लोगों का कर्तव्य ही नहीं, दायित्व भी है।

**- एमएम राजावत,** शाजापुर

### कमाई पर नजर

**सैम पित्रोदा** के पैतृक संपत्ति में 55 परसेंट सरकार द्वारा ले लिए जाने के संबंध में दिए बयान की तरह सुप्रीमकोर्ट में भी ऐसे ही एक याचिका पर विचार चल रहा है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस पार्टी की नजर जनता की कमाई पर है। हालांकि, सरकार की अनेक टैक्सों से काफी आमदनी हो रही है, पर इसके बावजूद खासकर कांग्रेस की नजर जनता के धन पर लगी रहती है। सभी तरह के टैक्स चुका कर कठोर परिश्रम से एकत्र किए गए धन पर कांग्रेस या किसी अन्य पार्टी की फिर से कुंडली मारने की मंशा स्वीकार करने योग्य नहीं है। हालांकि, भाजपा सरकार ने विगत वर्षों में मध्य वर्ग को राहत देने के प्रयास किए हैं तथा कार्पोरेट कर को भी वैश्विक स्तर पर ले आई है। कांग्रेस ने ऐसे में संपत्ति के पुनर्वितरण के नाम पर इंदिरा गांधी युग के स्टेट ड्यूटी टैक्स या मृत्यु कर जैसे करों की वापसी के संकेत दिए हैं जिनसे देश की अर्थव्यवस्था को कोई लाभ नहीं मिला था। देश के मध्य वर्ग तथा खासकर पढ़े-लिखे नौजवानों को वोट के माध्यम से जनता की कमाई पर नजर रखने वाली ऐसी नकारात्मक प्रवृत्तियों का डट कर विरोध करना होगा। यदि कहीं दुर्भाग्य से विपक्षी गठबंधन सत्ता में वापस आ गया तो वह देश को फिर से अंधकार में धकेल देगा।

**- विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### ममता की घोषणायें

**तृणमूल कांग्रेस** ने अपना चुनाव घोषणापत्र जारी किया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी ने वादा किया है कि वह बंगाल में सीएए, एनआरसी और समान नागरिक संहिता कानून लागू नहीं होने देंगी। टीएमसी का यह घोषणापत्र संविधान की मूल अवधारणा और संघीय ढांचे की अवहेलना करता है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कोई पार्टी खुले आम संविधान की इस तरह धज्जियां उड़ा रही है। स्पष्ट है कि टीएमसी किस वर्ग को लुभाना चाह रही है। वह अवैध घुसपैठियों की हिमायत कर राष्ट्रीय सुरक्षा व्यवस्था को खुलेआम खतरे में डालने का प्रयास कर रही है। आश्चर्य है कि संविधान-विरोधी वादे करने वाले इस चुनाव घोषणापत्र पर चुनाव आयोग ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। देश में संविधान की शपथ लेकर चुनाव में भाग लेने वाले किसी राजनीतिक दल को यह अधिकार नहीं है कि वह संसद द्वारा पास तथा राष्ट्रपति द्वारा स्वीकृत कानून को देश के किसी भाग में लागू न करने की बात करे। इससे अधिक देशद्रोह की बात भला और क्या हो सकती है। विपक्षी दल इस पर चुप क्यों हैं?

**- अंकित सोनी,** मनावर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ की आम जनता को समृद्ध बनाया : आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



दुर्ग लोकसभा चुनाव अंतर्गत बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के बेरला ब्लाक के बारगांव जोन, बेरला जोन एवं दारगांव जोन स्तरीय कार्यकर्ताओ की बैठक आयोजित किया गया बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा सहित ब्लॉक अध्यक्ष रामेश्वर देवांगन, दिलीप साहू उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि हमारे कांग्रेस पार्टी के जबाज सिपाही, हमारे कार्यकर्ता ही हमारी ताकत हैं आप सभी के सहयोग से कांग्रेस पार्टी इस लोकसभा चुनाव में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी हमारे दुर्ग लोकसभा सांसद प्रत्याशी भाई राजेन्द्र साहू को प्रचण्ड मतों से जितना है,और इस जीत में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र का अहम योगदान होना चाहि जब हम बटन दबाते थे तो किसानों के, युवाओं के, महिलाओं के, मजदूरों के खातों में पैसे जाता था अब आप को बटन दबाना है, कांग्रेस का बटन दबाएंगे तो फिर से न्याय के दिन आएंगे-पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री मोदी ने देश को छलने का काम किया है. बेरोजगारी देश में चरम सीमा पर हो गई है. महंगाई देश में बढ़ती ही जा रही है. पेट्रोल के दाम भी आसमान छू रहे हैं। पूरे देश में किसान परेशान है, इसलिए आंदोलन कर रहे हैं और इन किसानों पर कार्रवाई की जा रही है,हम सभी को एकजुटता का परिचय देते हुए क्षेत्र के प्रत्येक घरों में जाकर,अंतिम व्यक्ति तक पहुंच केंद्रीय योजनाओं की विफलताओं को बताना है, हम सभी को अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करना है, दुर्ग लोकसभा सांसद प्रत्याशी राजेंद्र साहू को 02 नंबर पंजा छाप में बटन दबाकर प्रचण्ड मतों से जिताने की हम सभी की जवाब दारी और जिम्मेदारी है, प्रचार-प्रसार में कोई कसर बाकी नहीं होनी चाहिए हम सभी को कमर कस कर जुट जाना है, और दुर्ग लोकसभा से कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक जीत दर्ज करना है, अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अपने चुनावी सभा में कहा है की देश में कांग्रेस की सरकार आते ही सभी किसानों का कर्ज माफ किया जायेगा और एमएसपी का कानून भी कांग्रेस लाएगी कानून बनाकर मीनिमम सपोर्ट प्राइज कांग्रेस देने जा रही है.कांग्रेस की न्याय गारंटी के अंतर्गत महालक्ष्मी नारी न्याय योजना के तहत साल में जहां उन्हें 01 लाख रुपए दिया जाएगा वही महीना के हिसाब से 8333 रुपए मिलेंगा इस योजना को लेकर महिलाओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला और बड़ी संख्या में महिलाएं फॉर्म भरने के लिए उत्सुक दिखी कांग्रेस पार्टी द्वारा विभिन्न न्याय की बात घोषणा पत्र में कही गई है जिससे कहीं ना कहीं आम लोगों के जीवन में सुधार आएगा एक तरफ जहां महिलाओं के लिए महालक्ष्मी नारी न्याय योजना है तो वहीं मनरेगा मजदूरों के लिए 400 रुपए मजदूरी, युवाओं को 30 लाख पदों पर नौकरी सहित विभिन्न बातें शामिल है कांग्रेस पार्टी द्वारा जो भी वादा किया जाता है उसे पूरा किया जाता है इस अवसर पर कविता साहू अध्यक्ष जिला महिला कांग्रेस, बल्लू सिंह राजपूत, सूर्यप्रकाश शर्मा, ओनी महिलांग, राजेश दुबे, रासबिहारी कुर्रे,मोहन हिरवानी,भारत भूषण साहू,राजेश चंदेल,सविता हिरवानी, तखत राम साहू, इंद्रचंद जैन, शुभम वर्मा, सिद्दिक खान, टिकेंद्र परगनिया, रामसिंग वर्मा, युवराज साहू, सुनील जैन, धनराज बंजारे, रामायण साहू, दाऊ राम यादव, दुर्गा राम साहू, ऋषि साहू, किसन साहू, रामखिलावन साहू, ऋषि, युवराज साहू, माधव साहू, जितेंद्र साहू, तुम्मन साहू, रामखिलावन परगनिया, रीना बघेल, अर्जुन साहू, रामाकांत साहू, मोहित साहू, ईश्वर सिन्हा, जीवन साहू, लक्ष्मण साहू, बीरू साहू,पिंटू साहू, महावीर साहू, संतोष पाण्डे, कविलाश साहू, उमाशंकर साहू, राधेश्याम देवांगन, हरिनारायण साहू, बाबूलाल साहू, तोरण साहू, राजकुमार सेन, गुड्डू सेन, गोविंदा राजपूत, मोनल सिन्हा, डिंप्पी वर्मा, राकेश सोनी, विक्की द्विवेदी, राजकुमार बंजारे, अनिल सेन, अमित राजपूत, अजय वर्मा, लोकराम साहू, परीक्षित पटेल, जितेंद्र जोशी, चैतराम साहू, लोकराम साहू, रवि बंजारे, गुनाराम साहू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारीगण/ सदस्यगण उपस्थित

# दाढ़ी नगर पंचायत के सीमाओं ने मजदूर दिवस पर श्रमिकों का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाता है जबकि इस दिन मजदूरी देने के नाम पर मजदूरों के साथ होने वाली अत्याचार शोषण को रोकने के लिए मजदूर दिवस मनाया जाता है साथ ही श्रमिक दिवस को सम्मान देने की प्रथा भी आवश्यक थी तब से मजदूर दिवस पर विभिन्न संगठनों के द्वारा सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित किए जाने लगे उन्हें अपने हक के लिए संगठित होकर आवाज बुलंद करना सिखाया जाता है इस दिन को मजदूर दिवस,कामगार दिवस, श्रम दिवस, और श्रमिक दिवस जैसे नाम से जाना जाता है हर साल अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस की खास थीम दिन चुनी जाती थी जलवायु परिवर्तन के बीच काम की जगह और सुरक्षा को सुनिश्चित करना इन सब बातों को आज नगर पंचायत दाढ़ी के सीएमओ निवास द्विवेदी ने याद करते हुए अपने श्रमिकों के साथ एक जगह बैठकर जलपान किया और श्रमिकों को अपनी ओर से सहानुभूति पूर्वक फल भेंटकर कर श्रमिक दिवस मनाया द्विवेदी ने बताया इसकी शुरुआत 135 साल पहले हुई थी मजदूरों को काम के घंटे को कम करते हुए 8 घंटे किया गया है इसके लिए संघर्ष भी मजबूत संगठनों ने किया साथ ही श्रमिकों के लिए अन्याय के खिलाफ समय-समय पर आवाज उठाई जाती रही है श्रमिक आंदोलन की इतिहास काफी पुराना है आज श्रमिकों के साथ सीएमओ द्विवेदी ने स्वयं साथ बैठकर जलपान किया और आज 1मई को श्रमिक दिवस मना कर श्रमिक दिवस को याद किया श्रमिकों में झमन जयसवाल संकल्प शर्मा चित्रेश चंद्राकर मनोज ध्रुव धनु मरकाम दीनू वाल्मीकि धूप बाल्मिक सम्मिलित हुए

# ट्रेनों की लेटलतीफी को लेकर व्यापारी संघ ने डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत दल्लीराजहरा से रायपुर के बीच चलने वाले ट्रेन के लेट लतीफी होने के समस्या का निराकरण करने राजहरा व्यापारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने रेलवे स्टेशन मास्टर एस. के.देवांगन को डीआरएम रायपुर के नाम ज्ञापन सौंपा है। पत्र में कहा गया है कि विगत कुछ दिनों से दल्ली राजहरा से चलने वाली सभी ट्रेन अपने निर्धारित समय से विलंब से चल रही है। पिछले कुछ महिनों से सभी ट्रेनों में यह समस्या हो रही है। जबकि इस ट्रेन में व्यापारी, नौकरीपेशा एवं छात्र सफर करते है। सफर में विलंब होने के कारण बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मांग की गई है कि सभी ट्रेनों को निर्धारित समय से चलाने की व्यवस्था करें ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं, दूसरी ओर व्यापारियों ने एसडी एम कार्यालय जाकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को बायपास सड़क निर्माण के संबंध में स्मरण पत्र सौंपा। जिसमें कहा गया है कि पिछले कई वर्षों से मुख्य सड़क पर ट्रैफिक के दबाव को कम करने एवं विभिन्न माइंस से चल रही भारी वाहनों के आवाजाही में रोकथाम हेतु दल्ली राजहरा व्यापारी संघ एवं विभिन्न संगठनों ने बाईपास सड़क निर्माण हेतु कई आवेदन देकर इस समस्या की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया था किंतु इतने वर्षों बाद भी इस पर किसी प्रकार की पहल नहीं हुई। हालांकि यहां बताना लाजिमी है कि बाईपास सड़क निर्माण का कार्य स्वीकृत हो गया है परंतु यह काम कतिपय कार्यों से अटका हुआ है। अभी कुछ दिन पूर्व रात को भी मुख्य मार्ग में तेज रफ्तार से चल रही दो ट्रकों की आपसी भिड़ंत से सड़क पर खड़ी एक कार एवं मुख्य मार्ग के कुछ दुकानें क्षतिग्रस्त हो गई। पूर्व में भी मुख्य मार्ग पर बहुत सी दुर्घटनाएं हो चुकी है। ऐसी स्थिति को देखते हुए राजहरा व्यापारी संघ ने बाईपास सड़क निर्माण के कार्य को अति शीघ्र प्रारंभ कराए जाने की मांग की है ताकि भविष्य में पुनः कोई भी दुर्घटना घटना घटित ना हो। ज्ञापन सौंपने के दौरान व्यापारी संघ के प्रेम जायसवाल, संदीप गोगड़,आलोक गुणधर,महावीर जैन उपस्थित थे।

# पार्षद टी.ज्योति, एस आई रमेश चंद्र शर्मा द्वारा किया गया समर कैंप 2 का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

रेल विभाग द्वारा आयोजित समर कैंप वार्ड नं 26 रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे इंस्टीट्यूट में 1 मई को समर कैंप 02 का शुभारंभ टी.ज्योति पार्षद, एस आई रमेश चंद्र शर्मा व विजय सिंह सब इंस्पेक्टर के द्वारा शुभारंभ किया गया। गत वर्ष भी रेलवे इंस्टीट्यूट में एक महीने समर कैंप का आयोजन किया गया जिसमे 250 बच्चे निःशुल्क समर कैंप में होने वाली खेल, संगीत व अन्य विधाओं का भरपूर लाभ प्राप्त किया।1 मई को एडवर्ड स्टीफन द्वारा कार्यक्रम का संचालन व शुभारंभ रेलवे इंस्टीट्यूट के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया। रेलवे एस आई रमेश चंद्र शर्मा द्वारा कहा गया की समर कैंप से बच्चों को बहुत फायदा मिलेगा, बच्चे इससे खेल के साथ साथ संस्कार भी सीखेंगे। टी.ज्योति पार्षद द्वारा कहा गया की खेल बच्चों के शारीरिक विकास के साथ साथ मानसिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्कूल की छुट्टियां होते ही बच्चे मोबाईल में व्यस्त हो जाते हैं जिससे माता पिता भी परेशान रहते हैं। समर कैंप से बच्चों में भी बहुत फर्क दिखेगा जिससे बच्चे का दिनचर्या भी सही रहेगा। इसलिए सभी बच्चे को अवश्य ही इसका लाभ लेना चाहिए। रेलवे इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से रेलवे इंस्टीट्यूट के उपाध्यक्ष संतोष डडसेना, सह सचिव एडवर्ड स्टीफन, सचिव टी.रमना राव, कोषाध्यक्ष धनसिंह ध्रुव, अरूण कुमार,बसंत कुमार, कुशाल सिंह, दीपक कुमार, मुकेश साहू,काकू रंधावा, परमेश्वर डहरवाल, मोहम्मद फारुख, संजय पाल, मोहम्मद फिरोज, मुक्कू, शशि मंडावी, खेमवती साहू का योगदान रहता है। सभी ट्रेनर व इंस्टीट्यूट के पदाधिकारीयों को टी शर्ट, केप, सिटी व हैकी दिया गया। कार्यक्रम के संचालन एडवर्ड स्टीफन द्वारा किया गया व 2 मई से बच्चों का प्रातः 5 .30 से 8 बजे सुबह तक समर कैंप लगाया जाएगा। 120 बच्चों का पंजीयन हुआ,खेल पश्चात् अंत में बच्चो को केला व अन्य पौष्टिक आहार दिया जायेगा।

# बेमेतरा कलेक्टोरेट परिसर के 100 मीटर के दायरे में धारा 144 दो माह के लिए पुनः लागू

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टोरेट परिसर में शांति व कानून व्यवस्था समेत सुरक्षा बनाए रखने के लिए कलेक्टर एवं ज़िला दंडाधिकारी रणबीर शर्मा ने आज ताजा आदेश जारी कर आगामी दो महीने के लिए 01 मई 2024 से 01 जुलाई 2024 ( दो माह)तक धारा 144 पुनः लागू किया है। उल्लेखनीय है की पहले 01 मार्च 2024 से 01 मई 2024 ( दो माह)तक धारा 144 लागू किया था। कलेक्टोरेट परिसर में शांति व कानून व्यवस्था समेत सुरक्षा बनाए रखने के लिए कलेक्टर एवं ज़िला दंडाधिकारी रणबीर शर्मा ने आज ताजा आदेश जारी कर आगामी दो महीने के लिए 01 मई 2024 से 01 जुलाई 2024 ( दो माह)तक धारा 144 पुनःलागू किया है। कलेक्टोरेट परिसर के 100 मीटर की परिधि में विभिन्न विभाग खाद्य शाखा, आदिवासी विकास विभाग, कृषि विभाग, आबकारी विभाग, खनिज विभाग आदि संचालित हैं, जहां दिव्यांगजन, वृद्धजन व महिलाओं का आवागमन रहता है। संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि के भीतर जुलूस-धरना पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कलेक्टर ने आदेश में स्पष्ट तौर पर कहा है कि परिसर में प्रदर्शन होने से दिव्यांगजन, वृद्धजन व महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा शासकीय कार्य प्रभावित होता है। इसलिए परिसर के 100 मीटर की परिधि के आसपास शांति, विधि व्यवस्था व सुरक्षा बनाए रखना आवश्यक है, ताकि शासकीय कार्य सुगमता से सम्पन्न कराया जा सके। अब इस क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक आदेश प्रसारित कर जुलूस, धरना, सभा व प्रदर्शन आदि के आयोजन को रोका जाए। आदेश में कहा गया कि यह संवेदनशील क्षेत्र है जिसके आसपास लोक शांति बनाए रखने के लिए यह जरूरी है।

# अनिवार्य सेवा श्रेणी अन्तर्गत पत्रकार मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




लोक सभा सामान्य निर्वाचन - 2024 संसदीय क्षेत्र 07- दुर्ग अन्तर्गतज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र 68 सजा, 69 बेमेतरा व 70 नवागढ़ के कर्तव्य पर तैनात अधिकारी/ कर्मचारी एवं अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र से संयुक्त ज़िला कार्यालय भवन (कलेक्ट्रेट) के कक्ष क्रमांक 5 और 6 में बनाये गये सुविधा केंद्रों में में मतदान किया। अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं में स्वास्थ्य विभाग से 7 और प्रिंट मीडिया के 3 मतदाताओं नए डाक मतपत्र से मतदान करने आवेदन दिये थे। इनके लिए संयुक्त ज़िला कार्यालय भवन कक्ष क्रमांक 5 (पी.वी.सी.) में सुविधा केंद्र बनाया गया है। ये मतदाता आज 1 मई, 2 मई और 3 मई 2024 को मतदान कर सकते है। समय प्रातः: 9 बजे से शाम 5 बजे तक है। अनिवार्य सेवा श्रेणी के अन्तर्गत (प्रिंट मीडिया) के प्राप्त तीन आवेदन मतदाताओं दिनेश दुबे, ज़िला ब्यूरो चीफ पायोनियर, दिनेश दत्त दुबे ज़िला ब्यूरो चीफ द हितवाद (अंग्रेज़ी) और आनंद प्रकाश साहू ज़िला ब्यूरो चीफ दबंग दुनिया ने आज सुविधा केंद्र में पोस्टल बैलेट से मतदान किया। पत्रकार दिनेश दुबे ने मतदान के बाद त्वरित प्रक्रिया में कहा कि निर्वाचन आयोग से प्राधिकार पत्र प्राप्त मीडिया प्रतिनिधियों को अनिवार्य सेवा श्रेणी में रखा जो सुविधा दी गयी उसकी उन्होंने प्रशंसा की। क्योंकि कई बार पत्रकार मतदान समाचार कवरेज में व्यस्तता के चलते अपना वोट देने से वंचित हो जाते है। उनके लिए यह सुविधा बहुत लाभकारी है। उन्होंने कहा कि मुझे मतदान करते बहुत खुशी हुई। दिनेश दत्त ने भी निर्वाचन आयोग की इस पहल की तारीफ़ की। उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलेट से मतदान करने का अलग अनुभव हुआ। वही दबंग दुनिया के पत्रकार आनंद प्रकाश साहू ने निर्वाचन आयोग को धन्यवाद देते हुए पत्रकारों को दी गयी सुविधा के लिए आभार जताया। अनिवार्य सेवा श्रेणी के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने भी मतदान किया। जो मतदान नहीं कर पाये वह 2 और 3 मई को मतदान कर सकते है। इसी प्रकार निर्वाचन ड्यूटी में लगे सुरक्षा बल/ पुलिस ,ड्राइवर,/ क्लीनर, एवं अन्य ज़िला में पदस्थ कर्मचारी संयुक्त ज़िला कार्यालय भवन कक्ष क्रमांक 6 में डाक मतपत्र के माध्यम से 1 मई से 5 मई 2024 को मतदान कर सकते है। मतदान का समय प्रातः: 10 बजे से शाम 5 बजे तक है। इन मतदाताओं ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

# पर्यावरण प्रेमी संगठन के सदस्य ने अपनी जन्मदिन पर पौधारोपण किया

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पर्यावरण प्रेमी संगठन के सदस्य गणेश साहू ने अपने जन्मदिन पर बरगद का पौधे लगाने कार्य किया गया ग्राम कठिया के मुक्ति धाम पर गणेश साहू ने बताया कि हमें सभी लोकतंत्र अवसर पर अपना मतदान जरूर करने का सलाह दिया इस दौरान अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू सचिव गणेश कुमार साहू सदस्यगण खोमन चन्द्राकार, सुनील बल्लु चम्मन निषाद, रामकृष्ण सेन,धनेश साहू,डिकेन्द साहू, लक्ष्मी साहू, केदार साहू, परदेशी साहू,अक्षय साहू, दिनेश साहू, प्रकाश साहू,हेमा साहू शामिल थे बता दे कि पर्यावरण प्रेमी संगठन के द्वारा विगत दिनों से पौधारोपण करने का बीड़ा उठाया है इस संगठन के प्रेरणा से कई लोगों के द्वारा पौधारोपण किया गया है ।

# नवयुगल जोड़ी ने अपनी शादी पर लगाए बादाम के पौधे

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पर्यावरण प्रेमी संगठन जिला बेमेतरा के नेतृत्व में ग्राम कठिया के मिडिल स्कूल में नवयुगल जोड़ी मुकेश साहू संग सावित्री साहू ने अपने विवाह के पावन अवसर पर गायत्री मंत्रो एवं गाजेबाजे के साथ बादाम का पौधारोपण किया। नवयुगल जोड़ी ने अपने नए गृह प्रवेश के पूर्व पेड़ लगाकर समाज को यह संदेश दिया कि हमे पर्यावरण के प्रति जागरूक होकर के पेड़ पौधे लगाना चाहिए। बिसौहा राम साहू ने पर्यावरण प्रेमी संगठन जिला बेमेतरा की सराहना करते हुए कहा कि मेरे पोते मुकेश साहू के विवाह के शुभ अवसर संगठन के सहयोग से वृक्षारोपण किया गया वह मेरे जीवन की सबसे यादगार पल है। दादा ने आगे कहा कि मेरे पोते द्वारा लगाए गए इन पेड़ पौधों का मैं अपने बच्चों की तरह देखभाल करूंगा। उल्लेखनीय है कि मायन , चिकट हरदाही के दिन संगठन के द्वारा हल्दी रस्म के समय नवयुगल जोड़ी की घर बाड़ी में जामुन का पेड़ लगाया गया था। पर्यावरण प्रेमी संगठन का लगातार लोगों को पेड़ पौधों के प्रति जागरूक करने का कार्य निरंतर जारी है। वृक्षारोपण में नवयुग जोड़ी मुकेश संग सावित्री, लालाराम साहू (पिता) ,बिसौहा राम साहू (दादा) नरसिंग साहू(चाचा) सहित संगठन अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू ,सचिव गणेश साहू, सदस्यगण- परदेसी साहू, किशन साहू, डिकेन्द्र साहू ,चम्मन निषाद, धनेश साहू ,सुनील( बल्लू) खोमन चंद्राकार, गणेश सेठ, प्रकाश साहू ,अक्षय साहू केदार रोजगार सहायक ,लक्ष्मी नारायण साहू, दिनेश, बिरेन्द्र साहू, कु. हेमा साहू, सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स व मध्य प्रदेश पुलिस के अधिकारियों एवं जवानो का स्वागत

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मीटिंग हाल में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स व मध्य प्रदेश पुलिस के अधिकारियों एवं बेमेतरा जिले के राजपत्रित अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें सर्व प्रथम केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स व मध्य प्रदेश पुलिस के अधिकारियों एवं जवानो का बेमेतरा आगमन पर स्वागत कर सम्मान किया गया। तथा एसपी बेमेतरा ने सभी अधिकारियों से बारी-बारी से परिचय लिया। समस्त अधिकारियों को कानून व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने एवं भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किये जाने के संबंध में चर्चा किया गया। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से केन्द्रीय सुरक्षा बल व मध्य प्रदेश पुलिस एवं जिला पुलिस के बेहतर समन्वय के लिए, केन्द्रीय सुरक्षा बलों व मध्य प्रदेश पुलिस को जिले की भौगोलिक व राजनीतिक स्थिति एवं पोलिंग बूथों की जानकारी तथा लोकसभा चुनाव के लिये आदर्श आचार सहिता लगने के बाद बेमेतरा जिले में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन कार्य संपादित करने के लिए स्स्ञ एवं स्र्रस्ञ निगरानी टीम का गठन, तथा आगामी लोकसभा चुनाव के लिये आदर्श आचार सहिता लगने के बाद स्थानीय स्तर पर की गई तैयारियों के संबंध में अवगत कराया गया। पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा मनोज तिर्की ने लोकसभा निर्वाचन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था संबंधी प्रशिक्षण एवं लोकसभा चुनाव में पुलिस की कार्य योजना और पुलिस की ड्यूटी के बारे में जानकारी दी। जिसमें मतपेटी एवं स्ट्रांग रूम सुरक्षा, संचार उपकरण की जांच कराकर सुनिश्चित कर ले कि सभी उपकरण ठीक स्थिति में है यदि कनेक्टिवीटी में कोई समस्या हो तो अभी से संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर दुरूस्त कराने, पोलिंग बूथों में आदर्श आचार संहिता का कडाई से पालन सुनिश्चित करने एवं लोकसभा चुनाव के संबंध में चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा - निर्देशों की कडाई से पालन किये जाने के संबंध में प्रशिक्षण के बारे में अवगत कराया गया। केन्द्रीय सुरक्षा फेर्स व मध्य प्रदेश पुलिस के अधिकारियों ने अपना-अपना अनुभव साझा किये और लोकसभा चुनाव निष्पक्षता से सम्पन्न कराने हेतु अपनी जवाबदारी एवं भूमिका का कुशल निर्वहन करने के लिए उपस्थित सभी अधिकारियों को अश्वस्त किया। उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) बेमेतरा राजेश कुमार झा ने केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स व मध्य प्रदेश पुलिस के अधिकारियों एवं जवानों का अभार व्यक्त किया गया। उक्त बैठक में मध्य प्रदेश पुलिस एवं केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स, कमांडेंट पुरूषोत्तम, डिप्टी कमांडेंट विशाल सिंह, डिप्टी कमांडेंट अभिजीत काले, एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, रक्षित निरीक्षक मनीष सिंह राजपूत, प्रशिक्षु डीएसपी बृजकिशोर यादव व मध्य प्रदेश पुलिस एवं केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स के अन्य अधिकारी सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# मजदूर दिवस के अवसर पर मनरेगा श्रमिकों ने कार्यस्थल पर मतदाता जागरूकता की ली शपथ

## 50 हजार से ज्यादा श्रमिकों ने ली मतदाता शपथ

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत संकल्प चुनाव का पर्व देश का गर्व के तहत जिले में लगातार मतदाता जागरूकता से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता अपने मताधिकार का शत प्रतिशत उपयोग करें इस उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान करने 1 मई मजदूर दिवस के अवसर पर जिले के समस्त जनपद पंचायत अंतर्गत कार्यरत मनरेगा श्रमिकों का कार्यस्थल पर मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई 7 बता दें की जिले के लगभग 50 हज़ार श्रमिकों से ज्यादा मनरेगा में कार्य करने वाले श्रमिकों ने मतदाता शपथ ली। श्रमिकों का उत्साह देखते बन रहा था। इस दौरान श्रमिकों ने मतदाता जागरूकता शपथ लेकर कहा कि हम स्वयं जागरूक रहकर मतदान करेंगे साथ ही अन्य लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। लोकतंत्र में अपनी आस्था रखते हुए इस महापर्व में बढ़-चढकर हिस्सा लेंगे। इस दौरान लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा गया कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्रात्मक प्रणाली में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया तथा उन्हें अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने कहा तथा बिना किसी भय व लोभ के निष्पक्ष मतदान करने की बात कही।

# मायुम ने नगर पालिका की स्वच्छता दीदियों एवं स्वच्छता मित्रों का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com






जनहित, सेवा के काम एवं रचनात्मक कामों में विगत 25 सालों से शक्ति शहर में काम करने वाली मारवाड़ी युवा मंच शाखा ने 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर नगर पालिका शक्ति कार्यालय परिसर में पहुंचकर वहां स्वच्छता दीदियों, स्वच्छता मित्रों एवं श्रमिकों का भीषण गर्मी को देखते हुए गमछा एवम माला पहनाकर तथा उन्हें जलपान कराकर उनका स्वागत- अभिनंदन किया तथा उन्हें मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी, इस अवसर पर जहां श्रमिकों को एवं मंच सदस्यो की उपस्थिति में पदाधिकारी सदस्यों ने भी स्वयं 7 मई को होने वाले लोकसभा निर्वाचन के मतदान में अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ एवं संकल्प ली तो वहीं सभी ने अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रोत्साहित करने का भी संकल्प लिया,इस दौरान काफी संख्या में मारवाड़ी युवा मंच की शक्ति शाखा के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे तथा सभी ने श्रमिकों को मजदूर दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही कहा कि आप सभी की मेहनत एवं अथक परिश्रम से यह शहर, प्रदेश तथा राष्ट्र निरंतर प्रगति के पद पर अग्रसर है, तथा आप हमेशा सकारात्मक सोच के साथ अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करते हैं, कायक्रम के पश्चात सभी श्रमिकों को शक्ति शाखा की ओर से जलपान कराया गया एवं जलपान के पश्चात नगर पालिका शक्ति के मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह ने भी मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा के कार्य की प्रशंसा करते हुए उनसे अपने कार्यालय में ले जाकर चर्चा की तथा 7 मई को होने वाले मतदान में नगर पालिका क्षेत्र शक्ति के एक मतदान केंद्र में मुख्य नगर पालिका शक्ति संजय सिंह के आग्रह पर मंच की शक्ति शाखा ने जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के पोलिंग बूथ में आने वाले मतदाताओं को शरबत एवं ठंडे पानी की व्यवस्था करने की भी बात कही साथ ही मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा के इस कार्य की सभी ने प्रशंसा की,वहीं मंच के नव नियुक्त अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल साइ कंप्यूटर का भी पूर्व अध्यक्ष मनीष कथूरिया ने स्वागत करते हुए उनके कुशल नेतृत्व में साल भर सक्रियता के साथ कार्य होने की बात कही वही पूर्व अध्यक्ष मनीष कथूरिया के भी बेहतर कार्यकाल के लिए उनका साधुवाद व्यापित किया गया मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा द्वारा 1 मई को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष संजय रामचंद्र, मंच के वरिष्ठ संरक्षक हरिओम अग्रवाल, कन्हैया गोयल, पूर्व शक्ति शाखा के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल राजू, सुधीर सराफ़मानस अग्रवाल,मनीष कथूरिया, शक्ति शाखा के नवनियुक्त अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल (साइ कंप्यूटर), रवि अग्रवाल अशोका,सुमित शर्मा, रितेश अग्रवाल मुन्चु गजेंद्र गज्जू डालमिया,अनिल सराफसहित काफी संख्या में मंच के सदस्य उपस्थित रहे।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत कृषक संगोष्ठी सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com




लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो और स्वीप नोडल अधिकारी बी पी भारद्वाज के निर्देशन में जिले में लगातार विभिन्न नवाचारी स्वीप गतिविधियां आयोजित कराई जा रही है। इसी कड़ी में आज कृषक संगोष्ठी सम्मेलन कार्यक्रम में किसानो को मतदान के महत्व के बारे में बताते हुए मतदान करने प्रेरित किया गया । जागरूकता कर्यक्रम के तहत कृषक संगोष्ठी सम्मेलन व शपथ ग्रहण कार्यक्रम के साथ ही रैली के माध्यम से ग्राम डोंगिया के आस-पास रहने वाले ग्रामीणों को 7 मई 2024 को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए जागरुक किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो ने समस्त जिलेवासियों से 7 मई 2024 को होने वाले मतदान के महापर्व पर अपने मताधिकार का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने की अपील की।

## जिले में 12 वैकल्पिक दस्तावेजों से मतदाता कर सकेंगे मतदान

**सक्ती।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान केंद्रों में मतदाताओं को मतदान करने में सहायता हेतु दिशा-निर्देश जारी कर एपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य प्रकार के पहचान पत्रों को प्रस्तुत कर मतदान करने की सुविधा प्रदान की गयी है, मतदाता पहचान पत्र के अलावा इन 12 प्रकार के पहचान पत्रों को अपने सम्बद्ध मतदान केन्द्रों में प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं। जिसके तहत आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक अथवा डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य बीमा स्कीम के तहत जारी स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पैन कार्ड, रजिस्ट्रार जनरल ऑफइंडिया द्वारा नेशनल पापुलेशन रजिस्टर के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र अथवा राज्य सरकार या पब्लिक लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों को जारी किया गया फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों को जारी किया गया शासकीय पहचान पत्र एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी युनिक निःशक्त ता पहचान पत्र (यूडीआईडी) के माध्यम से मतदान किया जा सकता है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने अर्द्धसैनिक बलों के साथ निकाला फ्लैग मार्च

- **रायगढ़ पुलिस ने नागरिकों को भय मुक्त होकर 07 मई को अधिक से अधिक मतदान करने का दिया संदेश**

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com




लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में 07 मई को जिले में मतदान होना है। चुनाव कार्य के लिए जिले में अर्द्धसैनिक बलों की कंपनियों के आने का सिलसिला जारी है जिनके ठहरने हेतु अलग-अलग थानाक्षेत्र में व्यवस्था की गई है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन पर आज जिले के सभी थानाक्षेत्र अंतर्गत राजपत्रित पुलिस अधिकारियों व थाना/चैकी प्रभारियों ने अर्धसैनिक बल के जवानों ने साथ शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पैदल फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधिकारियों ने फ्लैग मार्च दौरान नागरिकों को भय मुक्त होकर मतदान दिवस 07 मई को अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया गया। जिला मुख्यालय में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल की अगुवाई में शहर के प्रमुख चैंक-चैराहों पर सुरक्षा बलों ने फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य जिले के नागरिकों को सुरक्षा का बोध कराना एवं असामाजिक तत्वों तक संदेश पहुंचाना है कि शांति व्यवस्था को प्रभावित करने की हिमाकत न करें। जिले में शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने जिला प्रशासन, पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध व तत्पर है।

# हाईड्रा की चपेट में आकर बिजली मिस्त्री की मौत, एक अन्य घायल

## एमएसपी प्लांट के बाहर हुई घटना, आरोपी वाहन चालक गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले के पूर्वांचल क्षेत्र में स्थित एमएसपी पावर प्लांट के बाहर मंगलवार की सुबह हाईड्रा की चपेट में आने से एक बिजली मिस्त्री की मौत हो गई। वहीं एक अन्य युवक को गंभीर चोट आई है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए पूरे मामले को जांच में ले लिया है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गजानंद प्रधान निवासी बोईरदादर जो कि पिछले कुछ सालों से चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मनुवापाली में रहते हुए एमएसपी पावर प्लांट में बतौर बिजली मिस्त्री के रूप में काम करते हुए आ रहा था। मंगलवार की सुबह तकरीबन 8 बजे गजानंद प्रधान एवं उसका साथी सन्यासी यादव रोजाना की भांति अपने काम में एमएसपी प्लांट जा रहे थे इसी बीच जब वह कंपनी के गेट के पास पहुंचे ही थे कि पीछे की तरफ से आ रहे हाईड्रा चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक सवार गजानंद को अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में बाईक चला रहे सन्यासी घायल हो गया है जबकि पीछे बैठे गजानंद की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घायल युवक को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है। इस संबंध में चक्रधर नगर पुलिस ने बताया कि मंगलवार की सुबह एमएसपी प्लांट के बाहर हाईड्रा की चपेट में आकर बाईक सवार एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने इस मामले में हाईड्रा को जब्त करते हुए आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# वेज के ऑर्डर पर शुद्ध शाकाहारी ब्राह्मण ग्राहक को परोस दिया चिकन लॉलीपॉप

## मुंह में हड्डी आई तब पता चलने पर मामला पहुंचा थाने

पायनियर संवाददाता कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा अंचल में संचालित होटल डिलीशियस में प्रबंधन की लापरवाही के चलते बुजुर्ग माता-पिता और बच्चों सहित रविवार की छुट्टी सेलीब्रेट करने रात्रि भोज पर पहुंचे परिवार की खुशी में खलल पड़ गया। जानकारी के अनुसार उन्होंने परिचारक को वेज लॉलीपॉप लाने का ऑर्डर दिया था। पर उसने अपने शुद्ध शाकाहारी ब्राह्मण ग्राहक की टेबल पर चिकन लॉलीपॉप परोस दिया। बताया जा रहा हैं की इस हरकत से उनकी धार्मिक भावनाएं तो आहत हुई ही, विरोध शिकायत करने पर होटल वालों ने गलती पर खेद जताने की बजाए दुर्व्यवहार भी किया। यह मामला थाने पहुंच गया है और आहत परिवार की शिकायत पर पुलिस ने होटल संचालक और परिचारक पर केस भी दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार 21 अप्रैल को यह मामला ट्रांसपोर्ट नगर लालूराम कॉलोनी स्थित होटल डिलीशियस वर्ल्ड का है। इसका विरोध करने पर धमकाने और धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने का भी आरोप पीड़ित परिवार ने लगाया है। पुलिस ने बताया कि बालको नगर में रहने वाले एक ब्राम्हण व्यक्ति अपने माता-पिता, पत्नी और बच्चों को लेकर इस होटल में पहुंचा था। इसमें उसके माता-पिता की उम्र 65 से 76 वर्ष के बीच की है। परिवार होटल के अंदर गया और खाने की टेबल पर बैठ गया।

# अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा ने 1 मई को मजदूर दिवस पर श्रमिक भाइयों को करवाया भोजन

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय महिला सम्मेलन की शक्ति शाखा सेवा कार्यों की एक मिसाल बनती जा रही है,यह शाखा जहां निरंतर वर्ष भर विभिन्न अवसरों पर श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों का आयोजन कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही है, तो वहीं शाखा के पुनर्गठन के बाद सभी पदाधिकारी भी उत्साहित होकर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यालय के निर्देशानुसार समस्त कार्यक्रमों का बेहतर ढंग से क्रियान्वन कर रहे हैं,तो वहीं वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए शाखा ने पशुओं के लिए पानी के बड़े कोटने रखे हैं, तथा इसमें जहां प्रतिदिन नियमित रूप से पानी डालकर पशुओं को जल की सेवा दी जा रही है, तो वहीं आज 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर शाखा के सदस्यों ने श्रमिक भाइयों को बैठाकर भोजन कराया तथा इस अवसर पर जहां शाखा के सदस्यों ने अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस की श्रमिक भाइयों को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी तो वहीं शाखा के सदस्यों ने कहा कि आज का दिन मजदूर भाइयों के लिए एक विशेष दिन है, तथा मजदूर भाई अथक मेहनत परिश्रम कर इस राष्ट्र को प्रगति की ओर अग्रसर करते हैं तथा हम उन्हें आज नमन करते हैं, इस अवसर पर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शक्ति शाखा की अध्यक्ष सुमन अग्रवाल, सचिव सीमा अग्रवाल, कोषाध्याय संगीता केडिया, उषा अग्रवाल पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष, मामला देवी अग्रवाल, मीना दिलीप अग्रवाल, राखी अग्रवाल, संगीता खेतान सहित शाखा के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# डाक मतपत्र से मतदान, सेल्फी प्वाइंट में मतदाता उत्साहपूर्वक ले रहे अपनी सेल्फी

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जिला कार्यालय सहित ब्लॉक स्तर पर सुविधा केंद्र बनाए गए है। इन सुविधा केंद्रों के माध्यम से पत्रकार, पुलिस, होमगार्ड, वन विभाग, सुरक्षा कर्मी, ड्राइवर, एफएसटी, एसएसटी, अनुपस्थित मतदाताओं, अनिवार्य सेवा मतदाताओ, मतदान दलों में नियुक्त अधिकारियो कर्मचारियों एवं अन्य पात्र नागरिकों द्वारा सुविधा केन्द्रों में पहुंचकर लगातार मतदान किया जा रहा है। डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान के लिए मतदाताओं द्वारा बारी बारी से अपने मताधिकार का प्रयोग किया जा रहा है। ब्लॉक स्तर पर बनाए गए मतदान केंद्रों में मतदान दलों में नियुक्त अधिकारियो कर्मचारियों द्वारा 29 अप्रैल से 1 मई तक मतदान किया जा सकता है। इसी प्रकार कलेक्टर कार्यालय में डाक मतपत्र के माध्यम से पुलिस, होमगार्ड, वन विभाग, सुरक्षा कर्मी, ड्राइवर, एफएसटी, एसएसटी, अनुपस्थित मतदाताओं, अनिवार्य सेवा मतदाताओ एवं अन्य मतदाता 29 अप्रैल, 30 अप्रैल, 1 मई, 4 मई और 5 मई को मतदान कर सकते है। जिला कार्यालय में बने सुविधा केन्द्र सहित ब्लॉक स्तर पर बनाए गए सुविधा केंद्रों में लोकसभा चुनाव के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया जारी है। सुविधा केन्द्रों में बनाये गए सेल्फी प्वाइंट में मतदाता उत्साहपूर्वक अपनी सेल्फी भी ले रहे है, डाक मतपत्र से मतदान के लिए कलेक्टर कार्यालय सक्ती में बनाए गए सुविधा केंद्र में पहुंचे पत्रकार शेख मुबारक ने डाक मतपत्र से मतदान करने के बाद बताया कि मैंने कलेक्ट्रेट परिसर जेठा में बनाये गए सुविधा केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग किया है जिससे मुझे बहुत अच्छा महसूस हो रहा है । इसके साथ ही उन्होंने सभी लोगों से 7 मई को अपने घरों से निकलकर अधिक से अधिक संख्या में अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की है। इसी प्रकार पत्रकार नेतराम बघेल ने भी कहा ही मैंने भी डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया है जिससे मुझे बहुत अच्छा महसूस हुआ है। उन्होंने समस्त जिलेवासियों से 7 मई को अपने मताधिकार का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने की अपील की है। इसी प्रकार शिक्षा विभाग के रामशंकर राठौर ने बताया कि उनकी वर्तमान पदस्थापना बैकुंठपुर में है और उनकी ड्यूटी पीठासीन अधिकारी के रूप में लगी है। उन्होंने कहा कि उनकी ड्यूटी निर्वाचन कार्य में लगने के कारण कलेक्टोरेट परिसर सक्ती में बने सुविधा केन्द्र में डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग किया। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से 07 मई को मतदान केन्द्रों में जाकर वोट देने की अपील की है। इसी तरह नगर सैनिक हेमलता कंवर ने बताया की वे नगर सेना कोरबा में पदस्थ है और मैंने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया है।

# महुआ बंटवारे में विवाद के बाद मां की निर्मम हत्या सो रही अपनी ही माँ को डंडे से पीट-पीटकर मार डाला

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले के आदिवासी बाहुल्य इलाकों में छोटी-छोटी बातों को लेकर अक्सर बड़ी घटनाएं सामने आते रही है। इसी बीच महुआ बंटवारे की बात को लेकर हुए विवाद के बाद एक बेटे ने सो रही अपनी ही मां को डंडे से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामला कापू थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के कापू थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम धौराडांड निवासी चमरू राम बैगा 60 साल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 28 अप्रैल की देर रात उसकी पत्नी ढरको बाई 55 साल को उसके ही बेटे जनेव सिंह बैगा 30 साल ने डंडे से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। चमरू राम बैगा ने बताया कि जनेव सिंह बैगा अपनी पत्नी के साथ अलग रहता है। अपने खेत का महुआ बीनने के बाद वे लोग आपस में महुआ का बंटवारा नही किये थे इस बीच 28 अप्रैल को महुआ बंटवारा करने के लिए जनेव सिंह बैगा ने कहा तो उसकी मां ढरको बाई बैगा ने बाद में महुआ का बंटवारा करने की बात कही जिसके बाद दोनों के बीच विवाद हो गया था। इस बीच घर के सभी सदस्य रात में खाना खाकर अपने-अपने कमरे में सोने चले गए इसी बीच रात करीब 11 बजे रात्रि में जनेव सिंह बैगा ने घर बाड़ी में लगाये लकड़ी का डंडा को उखाड़ कर सो रही ढरको बाई के सिर में ताबड़तोड हमला कर दिया जिससे सिर में गंभीर चोट पहुंचने और खून अधिक बहने की वजह से रात करीब 12 बजे महिला की मौत हो गई। बेटे के द्वारा अपनी ही मां की हत्या करने की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर मृतका

## डाक मतपत्र से मतदान करने सुविधा केंद्र स्थापित, मतदान दल के कर्मचारी डालेंगे वोट

**कोरबा।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय क्षेत्र क्रमांक 04 कोरबा के तहत आने वाले सभी अधिकारी/कर्मचारी जो सामान्य निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात है के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु सुविधा केंद्र तथा अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवा के मतदाताओं हेतु सुविधा केंद्र स्थापित किये गए है। इसके अंतर्गत जिला पंचायत संसाधन केंद्र परिसर कोरबा में मतदान दल कर्मचारी एवं अन्य जिलों से प्राप्त डाक मतपत्र के आवेदक, वाहन चालक हेतु 01 से 06 मई तक, अनिवार्य सेवा श्रेणी मतदाता हेतु 01 से 03 मई प्रातः 09 बजे से शाम 05 बजे तक मतदान कर कर सकते हैं।

### प्रबंधन ने स्थानीय पुलिस को दी सूचना, पुलिस ने किया महिला के खिलाफ मामला दर्ज

# गोमती देवी हॉस्पिटल की सजगता से नवजात बच्ची की बचाई गई जान

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com




सक्ती के गोमती देवी अस्पताल प्रबंधन की सजगता ने एक नवजात कन्या की जान बचाने में अपनी अहम भूमिका निभाई तथा शक्ति पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गोमती देवी हॉस्पिटल द्वारा उन्हें जानकारी दी गई की 26 अप्रैल को सुबह 6:00 बजे उनके अस्पताल में एक महिला पेट दर्द की शिकायत लेकर आई थी, तथा टेस्ट करने पर यूरिन प्रेगनेंसी टेस्ट पॉजिटिव आया तथा उक्त लड़की को अस्पताल में भर्ती करके इलाज करने हेतु बताया गया, जिस पर लगभग दोपहर 12:30 बजे के आसपास उक्त लड़की के बाथरूम जाने के बाद अस्पताल की लेडी स्टाफ नंदिनी बाथरूम गई तो वहां कमोड में एक नवजात शिशु था, जिसे देखकर लेडी स्टॉप कमरे से चिल्लाते हुए बाहर आई एवं और अन्य स्टाफ जब बाथरूम में जाकर देखें तो एक नवजात शिशु जो की लड़की थी उसका सिर ऊपर और पैर कमोड के नीचे की ओर था, तथा वहां कमोड के अंदर पड़ी हुई थी, एवं कमोड का ढक्कन बंद था, तथा जिसे जो स्टाफ पहले बाथरूम गई थी उसने खोला था कमोड में से तुरंत बच्चों को बाहर निकाल कर इमरजेंसी में भर्ती किया गया एवं उपरोक्त बच्ची के संबंध में संबंधित महिला से पूछताछ करने पर उन्होंने बच्चों को बाथरूम में जन्म देने की बात स्वीकार की।

जिस पर तत्काल अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस थाना शक्ति में इसकी जानकारी दी, तथा शक्ति पुलिस ने उपरोक्त घटना में महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया है, तथा शक्ति पुलिस टीआई विवेक शर्मा का कहना है कि अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें सूचना दी थी जिस पर पुलिस द्वारा जाकर मामले की जांच की गई तथा संबंधित महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, एवं नवजात बच्ची को स्वास्थ्य को देखते हुए मां के सुपुर्द किया गया है, ज्ञात हो की अस्पताल प्रबंधन यदि समय पर इसकी सूचना पुलिस को नहीं देता तो कहीं ना कहीं एक नवजात बच्ची जो इस संसार में जन्म ली है वह कहीं ना कहीं गलतियों का शिकार हो जाती, वही शक्ति के गोमती देवी अस्पताल प्रबंधन की इस सजगता एवं सूझबूझ पर भी लोगों ने उनका साधुवाद ज्ञापित किया है।

# जुर्म साबित होने पर दो गांजा तस्करों को दस-दस साल की सुनाई गई सजा

**कोरबा।** जानकारी के अनुसार कोरबा जिलान्तर्गत रामपुर पुलिस ने रिसदी चौक में घेराबंदी कर गांजा से भरे स्कार्पियो सहित चालक को पकड़ लिया, जबकि वाहन में सवार एक अन्य आरोपी को 8 माह बाद गिरफ्तार किया गया। मामले में करीब ढाई साल तक चली सुनवाई के बाद जुर्म साबित होने पर गांजा तस्करों को दस-दस साल सश्रम कारावास व एक-एक लाख रुपये जुर्माना से दंडित किया गया है। यह फैसला एनडीपीएस के कोर्ट ने दिया है।जिला सत्र न्यायालय के अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक कौशल प्रसाद श्रीवास ने बताया 17 जुलाई 2021 को रामपुर पुलिस चौकी के तत्कालिन प्रभारी मयंक मिश्रा को सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग के स्कार्पियों में गांजा भरकर रिसदी के रास्ते पेंड्रा ले जाया जा रहा है।

# विधायक के पिताजी के निधन पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल




**जांजगीर चांपा।** जैजैपुर विधानसभा के विधायक बालेश्वर साहू के पिता स्वर्गीय तेरस राम साहू का 27 अप्रैल को स्वर्गवास हो गया था, ज़िले दौरे पर आये पूर्व मुख्यमंत्री जैजैपुर विधायक के गृह ग्राम सरवानी पहुँच कर इनके पिता के निधन पर उनके छाया चित्र पर पुष्पर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किए, विधायक साहू अस्थि विसर्जन के लिए इलाहाबाद गये हुए थे,श्रद्धांजलि देने पहुँचे पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल के साथ कसडोल विधायक संदीप साहू, चन्द्रपुर विधायक रामकुमार यादव, बिलाईगढ़ के पूर्व विधायक चन्द्रदेव राय,पूर्व कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष मंजु सिंह,जैजैपुर विधायक के बड़े भाई अजीत साहू,मनोज साहू,ब्लॉक अध्यक्ष रवींद्र शर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रामराज्य पांडेय, शाश्वतधर दीवान, नवधा साहू, हेमंत साहू, भोलाशंकर साहू, गुलबुद्दीन ख़ान सहित परिवारजन और साथी मौजूद थे।

# डिज़्नीलैंड मेला रावांभाठा ग्राउंड में शुरू

## इस बार का नया आकर्षण 80 फीट का टनलनुमा फिश एक्वेरियम

पायनियर संवाददाता ⟨ रायपुर
www.dailypioneer.com





नए बस स्टैण्ड के पास स्थित रावांभाठा ग्राउंड में डिज़्नीलैंड मनोरंजन मेला शुरू हो गया है। यह अब तक का सबसे अनूठा मेला है जिसमें इंटरनेशनल फिश टनल मेले की शोभा बढ़ा रही है। 80 फीट के टनलनुमा इस एक्वेरियम में 45 प्रजाति की 15000 से ज़्यादा रंग-बिरंगी मछलियां हैं। छः हजार वर्गफीट में तैयार इस एक्वेरियम में 25 छोटे एक्वेरियम भी हैं जिसमें अलग-अलग तरह की मछलियां रखी गयी हैं। यहां 4 टनल बने है जिसमें से गुजरने पर कई तरह की मछलियां दिखती हैं, जिसमे प्रमुख है विण्डो, जेबरा, शॉर्क, पिरान्हा, ऑस्कर, येरापोमा, एलीगेटर गार, पुली वागा, गोरामी, शकरा, टिनफोइल, एंजेल, कोईकॉर्प आदि। उपरोक्त जानकारी मेले के संचालकगण ने दी। उन्होंने बताया कि इस बार यह मेला नए कलेवर और नए तेवर के साथ प्रारम्भ हुआ। इसमें बच्चों के फन जोन का विशेष ध्यान रखा गया है। मेले में बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले आकर्षण का केंद्र है। इस बार झूलो में दो नए आइटम्स सुनामी और जायन्ट फ्रिस्बी जोड़े गए हैं। आयोजन में घर सजाने के लिए एक से बढ़कर एक सामान जैसे शोपीस, फर्निचर, होम एप्लायंसेस और टेराकोटा के एक से बढ़कर एक आईटम के अलावा इस आयोजन में क्राफ्ट बाजार का एक अलग ही सेक्शन है जहां देश भर के बुनकरों के हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, लाईफ स्टाईल, होम डेकोर, फर्नीचर व एसेसरीज की विशाल श्रृंखला किफायती दरों में उपलब्ध हैं। एक्सपो में इनके कई स्टाल लगे हुए है जिसमे मुख्य आकर्षण के रूप में कश्मीरी साड़ी, कोलकाता साड़ी, कोसा सिल्क, बम्बू सिल्क, बनारसी सिल्क, भागलपुरी लिनेन साड़ी, चंदेरी सिल्क, लखनवी चिकन, डेनिम कुर्ती, बाटिक प्रिंट, जयपुरी वन पीस, पंजाबी फुलकारी, खादी शर्ट, मोदी जैकेट, अफगानी सुट, झांसी बेडशीट, केकडा बेडशीट, जयपुरी बेडशीट, फैंसी ज्वेलरी, स्टोन ज्वेलरी, राजस्थानी एंटीक ज्वेलरी, फिरोजाबाद के कलरफुल बैंगल्स ही नही बल्कि कपड़ों में टी-शर्ट, लोअर, वूलन लेडिज जैकेट व फुटवियर में पटियाला जूती, राजस्थानी जूती, बॉम्बे सैंडल तथा हैण्डलूम में बेहतरीन कार्पेट, वुडन पेंटिंग, सारंगपुरी फर्नीचर, बेड व सोफा कवर, राजस्थानी बैग, पश्मिना शॉल, कश्मीरी कुर्ती के अलावा कॉस्मेटिक, होम एप्लायंसेस की विशाल रेंज रखी गई है। उन्होंने आगे बताया कि डिज़्नीलैंड मेला राजधानीवासियों को काफी पसंद आता है। आयोजन में लोग ब्रेक डांस झूला, कोलंबस झूला, जाइंट व्हील, सिलंबो झूला, डेशिंग कार और ड्रैगन झूला समेत एरो प्लेन, मिनी ट्रेन, कार झूला, मिकी माउस आदि का आनंद ले सकते हैं। यहां स्वाद प्रेमियों के लिए फूड जोन भी है जिसमें स्वादिष्ट फूड के अनेक स्टॉल है। ज्ञात हो कि इस बार मेले में खास तैयारी की गई है जो कि मेले के लुक में भी देखने को मिलेगा। मेले का समय रोजाना शाम 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक है।

# 5-स्टार सुरक्षित कुशाक और स्लाविया एमवाय-24 अपडेट के साथ और भी सुरक्षित हुई

पायनियर संवाददाता ⟨ रायपुर
www.dailypioneer.com



कुशाक एसयूवी,अक्टूबर 2022 में और अप्रैल 2023 में स्लाविया सेडान के साथ सुरक्षा के नए मानक स्थापित करने के बाद, स्कोडा ऑटो इंडिया ने कुशाक और स्लाविया के सभी वैरिएंट में स्टैंडर्ड तौर पर छह एयरबैग्स की पेशकश कर सुरक्षा की दिशा में आगे बढ़ना जारी रखा है। यह पेशकश कंपनी के ऐतिहासिक मेड-फॉर-इंडिया, रेडी-फॉर-द-वर्ल्ड इंडिया 2.0 प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो के लिए एमवाय-24 अपडेट का हिस्सा है। अपग्रेड के बारे में स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक पीटर जनेबा ने कहा, स्कोडा डीएनए में सुरक्षा हमेशा से उसकी बुनियाद रहा है। हम ग्लोबल एनसीएपी परीक्षणों के तहत वयस्कों और बच्चों के लिए पूरे 5-स्टार स्कोर करने वाले पहले ब्रांड थे। सुरक्षा पर हमारा जोर हमारे मानवीय जुड़ाव के दृष्टिकोण का प्रतीक है और एक पारिवारिक ब्रांड होने पर हमारे फोकस को सामने लाता है। हमने हमेशा अपने बेस वैरिएंट में फ्रंटल एयरबैग और अपने उच्च वैरिएंट में छह एयरबैग्स की पेशकश की है, जो दूसरे की तरह पूरी तरह से सुरक्षित है। हमारे एमवाय-24 अपडेट के तहत अब हम कुशाक और स्लाविया के सभी वैरिएंट में छह एयरबैग्स प्रदान करते हैं। हम हमेशा अपने ग्राहकों की बात सुन रहे हैं और अपने प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो और हमारे वैरिएंट लाइन-अप के भीतर जरूरी अपग्रेड्स और महत्वपूर्ण प्रॉडक्ट एक्शंस मुहैया कराना जारी रखेंगे। स्कोडा ऑटो इंडिया ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, अब कुशाक और स्लाविया दोनों के लाइन-अप में स्टैंडर्ड तौर पर छह एयरबैग्स पेश किए हैं। कुशाक एक्टिव वैरिएंट से शुरू होता है और एम्बिशन तक जाता है। मोंटे कार्लो और एलिगेंस एडिशन जैसे वैरिएंट के साथ स्टाइल में शीर्ष पर है जो एसयूवी के वैरिएंट मिक्स के ऊपरी पायदान पर है। स्लाविया भी एक्टिव से शुरू होता है, जो स्टाइल एडिशन और एलिगेंस एडिशन के साथ आगे बढ़ता है और इसमें स्टाइल एडिशन और एलिगेंस एडिशन शीर्ष पर है, जो सभी रेंज के ग्राहकों के लिए जबरदस्त वैल्यू सुनिश्चित करता है। दोनों कारें ट्रांसमिशन ड्यूटीज के लिए छह-स्पीड मैनुअल, छह-स्पीड ऑटोमैटिक और सात-स्पीड डीएसजी के विकल्प के साथ प्रमाणित, शक्तिशाली और कुशल 1.0 टीएसआई और 1.5 टीएसआई इंजन विकल्पों के साथ आता है। कुशाक और स्लाविया की एमवाय-24 रेंज में किया गया एन्हैंसमेंट कंपनी द्वारा 2023 की चौथी तिमाही में पहले से पेश किए गए अपडेट के अलावा है। यह तब हुआ जब दोनों कारों के टॉप-ऑफ-द-लाइन वैरिएंट में इलेक्ट्रिक सीटों जैसे नए फीचर्स को जोड़ा गया, जो ड्राइवर और को-ड्राइवर के लिए सेगमेंट फर्स्ट और रोशनी वाला फुटवेल क्षेत्र है।

# एसजी मार्ट के तहत लॉन्च किए गए एपीएल अपोलो एसजी टीएमटी ने छत्तीसगढ़ किया विस्तार

पायनियर संवाददाता ⟨ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत में बिल्डिंग मैटेरियल्स के लिए प्रीमियर वन-स्टॉप शॉप एसजी मार्ट ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र के विदर्भ, झांसी और उड़ीसा के कुछ हिस्सों में अपनी नई स्टील पेशकश एपीएल अपोलो एसजी मार्ट लॉन्च की है। नया टीएमटी बार इंडस्ट्री के हाइएस्ट स्टैंडर्ड को पूरा करते हुए बेजोड़ मजबूती और टिकाऊपन का भरोसा प्रदान करता हैं। अपने इनोवेटिव डिजाइन और बेहतरीन क्वॉलिटी के साथ एपीएल अपोलो एसजी मार्ट इस क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में क्रांति लाने के लिए तैयार है। एक विश्वसनीय ब्रांड के रूप में कंपनी हाई क्वॉलिटी वाले प्रोडक्ट प्रदान करने के लिए जानी जाती है। कंपनी के सभी प्रोडक्ट इंडस्ट्री स्टैंडर्ड को पूरा करते हैं और अपने मूल्यवान ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करते हैं। विकसित भारत पहल के साथ तालमेल बिठाते हुए लेटेस्ट एपीएल अपोलो एसजी मार्ट स्टील बार को कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट्स की अलग अलग रेंज के लिए बेहतर स्थायित्व, ताकत और लचीलापन सुनिश्चित करने के लिए इंजीनियर किया गया है। टीएमटी बार की प्रभावशाली स्थायित्व उन्हें मजबूत संरचनाओं को बनाने के लिए कंक्रीट के साथ मिश्रण करने के लिए एकदम सही बनाती है। स्ट्रक्चरल इंटेग्रिटी (संरचनात्मक अखंडता) सुनिश्चित करने में टीएमटी स्टील बार के महत्व को समझते हुए यह नया प्रोडक्ट कंस्ट्रक्शन कामों के लिए बेजोड़ क्वॉलिटी और उपभोक्ता संतुष्टि प्रदान करता है। कंपनी एक्सीलेंस के प्रति प्रतिबद्धता को कायम रखते हुए इंडस्ट्री के लिए लगातार इनोवेशन करने और विश्वसनीय समाधान प्रदान करने के लिए समर्पित है। एसजी मार्ट लिमिटेड के ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर शिव बंसल ने लॉन्च के बारे में बात करते हुए कहा, भारतीय कंस्ट्रक्शन सेक्टर के तेजी से बढ़ते लैंडस्केप में हम अपने ग्राहकों की बदलती जरूरतों को समझते हैं। एपीएल अपोलो एसजी मार्ट एक स्टील प्रोडक्ट से कहीं ज्यादा महत्व रखता है, यह विश्वास, इनोवेशन और ताकत का प्रतीक है।

# सीडीआरआई निभा रहा है मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए निवेश बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका

पायनियर संवाददाता ⟨ रायपुर
www.dailypioneer.com

नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में इंटरनेशनल कॉन्फेरेंस ऑन डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर की शुरुआत हुई। आईसीडीआरआई, कोएलिशन फॉर डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर का एक प्रमुख ईवेंट है। सीडीआरआई 2019 में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। सीडीआरआई में वर्तमान में 46 सदस्य हैं। इस साल आयोजित हो रहे आईसीडीआरआई 2024 का विषय 'इनवेस्ट टुडे फॉर ए मोर रेजिलिएंट टुमॉरो' है। आईसीडीआरआई एक दो दिवसीय ईवेंट है। इस कार्यक्रम में आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे के विकास में मदद करने के लिए सरकारों, वैश्विक इंफ्रास्ट्रक्चर समुदाय, बहुपक्षीय विकास बैंकों, निजी क्षेत्र और मीडिया को एक साथ लाने का प्रयास किया जाएगा। वर्चुअल रूप से इस ईवेंट का उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। उद्घाटन के मौके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोर डालते हुए कहा कि आपदाओं के कारण बुनियादी ढांचे को होने वाले नुकसान का आंकड़ा डॉलर में पेश किया जाता है, लेकिन वास्तव में इसका असर आम लोगों और समुदायों पर पड़ता है। प्रधानमंत्री ने सीडीआरआई को 2019 के बाद से इसकी जबर्दस्त ग्रोथ और इसके कार्यक्रमों के लिए बधाई दी। सीडीआरआई 13 छोटे द्वीपीय विकासशील राज्यों सहित देश में मजबूत बुनियादी ढांचे के विकास में अपना योगदान दे रहा है। उन्होंने इस उम्मीद के साथ अपनी बात खत्म की कि 'साझा वैश्विक मजबूती' हासिल करने में आईसीडीआरआई दुनिया भर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# न्युवोको विस्टास ने वित्तवर्ष 24 में कर उपरांत 147 करोड़ रुपए का लाभ कमाया, वित्तीय परिणाम जारी

पायनियर संवाददाता ⟨ रायपुर
www.dailypioneer.com

न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत की अग्रणी निर्माण सामग्री निर्माता कंपनी ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तवर्ष 24 में बिक्री और लाभ में बढ़ोतरी की घोषणा की है। कंपनी ने समाप्त वित्तवर्ष 24 के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। 25 एमएमटीपीए की संयुक्त स्थापित क्षमता के साथ, न्युवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत में पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह है और पूर्वी भारत में प्रमुख सीमेंट निर्माता कंपनियों में से एक है। वित्तवर्ष 24 में कंपनी की कंसोलिडेटेड सीमेंट बिक्री की मात्रा 18.8 एमएमटी थी। कंपनी संचालन से कंसोलिडेटेड आय इसी अवधि के दौरान 10,733 करोड़ रुपये दर्ज की गई। सालाना आधार पर कंपनी का कंसोलिडेटेड एबिटिडा 35 प्रतिशत बढ़कर 1,657 करोड़ रुपये रहा। इसके अलावा, कंपनी ने शुद्ध ऋण 384 करोड़ रुपये कम करने में भी सफलता हासिल की है। बीते साल के मुकाबले कंपनी ने अपने शुद्ध ऋण में 384 करोड़ रुपये की कमी कर उसे 4,030 करोड़ रुपये पर लाने में सफलता हासिल की है, जिसके परिणामस्वरूप नेट डेट/एबिटिडा 2.4 गुणा रह गया है। इस वर्ष हरियाणा सीमेंट प्लांट में 1.2 एमएमटीपीए ग्राइंडिंग यूनिट की सफल शुरुआत हुई, जो कंपनी के क्षमता विस्तार में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस नए यूनिट के चालू होने से कंपनी की कुल क्षमता में उत्तर की हिस्सेदारी को 20 प्रतिशत से बढ़कर 24 प्रतिशत कर दिया है और इस क्षेत्र में हमारी मौजूदगी को और मजबूत किया जाएगा। कंपनी ने रिस्दा और निंबोल प्लांट्स में डीबॉटलनेकिंग परियोजनाएं पूरी कीं, जिसके परिणामस्वरूप क्लिंकर क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कंपनी प्रीमियमाइजेशन में अपनी रणनीतिक अनिवार्यता के प्रति समर्पित है और उसने पश्चिम बंगाल और झारखण्ड के बाजारों में अपने प्रीमियम उत्पादों ड्यूरागार्ड एफ2एफ और कंक्रीटो यूनो का विस्तार किया है। कंक्रीटो यूनो की बेहतरीन वाटर- रिपीलिंग प्रॉपर्टीज़ और डम्प लॉक फॉर्मूला निर्माण उद्योग की लगातार बदलती जरूरतों को पूरा करते हैं। कंपनी ने अपने प्रोटेक्ट आवर प्लैनेट एजेंडे के तहत सस्टेनेबिलिटी प्रयासों में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिसमें कार्बन उत्सर्जन में 2 प्रतिशत सालाना से 454 किलोग्राम कार्बन-डाई-ऑक्साइड (सीओ2) प्रति टन सीमेंटटियस मैटीरियल्स 1 की कमी की गई है, जो कम कार्बन उत्सर्जन में इंडस्ट्री लीडर्स में हमारी स्थिति को बेहतर करता है। अल्टरनेट फ्यूल रेट (एएफआर मिक्स) में प्रभावशाली सुधार देखा गया, जो वित्त वित्तवर्ष 2023 में 9 प्रतिशत से बढ़कर वित्तवर्ष 24 में 13 प्रतिशत हो गया, जो इंडस्ट्री में सर्वश्रेष्ठ में से एक है।

# मारुति सुज़ुकी ने शुरू की अपनी बहुप्रतीक्षित कार एपिक न्यू स्विफ्ट की प्री-बुकिंग

पायनियर संवाददाता ⟨ रायपुर
www.dailypioneer.com




देश की अग्रणी कार निर्माता कंपनी मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड ने अपनी बहुप्रतीक्षित कार चौथी पीढ़ी की एपिक न्यू स्विफ्ट के लिए प्री-बुकिंग शुरू करने की घोषणा की है। ग्राहक 11,000/- रुपए का भुगतान कर एपिक न्यू स्विफ्ट की प्री-बुकिंग करा सकते हैं। इस ऑल न्यू जेनेरेशन, एपिक न्यू स्विफ्ट को पहले से बेहतर डायनेमिज्म और मजेदार ड्राइविंग के अनुभव के साथ इसकी बहुचर्चित सिग्नेचर स्पोर्टी डिजाइन के साथ तैयार किया गया है। मारुति सुज़ुकी की स्विफ्ट भारत की नंबर 1 प्रीमियम हैचबैक कार रही है। लॉन्च के बाद से इसकी 29 लाख से अधिक कारें बिक चुकी हैं। अपने बेशुमार प्रशंसकों के साथ, इस स्पोर्टी प्रीमियम हैचबैक ने स्पोर्टी और डायनेमिक ड्राइविंग पर्फोर्मेंस के मामले में अपने सेगमेंट के बेंचमार्क को नए सिरे से परिभाषित किया है। अब, एपिक न्यू स्विफ्ट दमदार तरीके से अपनी इस समृद्ध विरासत को आगे ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस घोषणा पर मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड के सीनियर एग्जिक्यूटिव ऑफिसर, मार्केटिंग एंड सेल्स, पार्थो बनर्जी ने कहा, मारुति सुज़ुकी के लिए स्विफ्ट एक सबसे प्रतिष्ठित ब्रांड रहा है। यह एक ऐसा ब्रांड है जिसने बदलते समय के साथ ग्राहकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए अपने में बड़े बदलाव किए हैं। 29 लाख ग्राहकों के साथ इसका मजबूत आधार और बीते वक्त में जीते गए विभिन्न पुरस्कार और सम्मान इस बात का प्रमाण हैं कि यह लोकप्रिय स्विफ्ट किस प्रकार लगातार बाजार में अपनी मजबूत पकड़ बनाती गई है। एपिक न्यू स्विफ्ट को अपने बहुचर्चित स्पोर्टी डीएनए के साथ पेश किया गया है। इसी के साथ ही जहां नई पीढ़ी का अत्यधिक जोर पर्यावरण सुरक्षा की ओर है, इस दिशा में बेहद कम उत्सर्जन के साथ यह कार इस अपेक्षा को भी पूरा करती है। हमेशा की तरह, अगली पीढ़ी की स्विफ्ट प्रीमियम हैचबैक सेगमेंट में नए मानक स्थापित करने और 'जॉय ऑफ मोबिलिटी' की सोच को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

# शिक्षिका कोल्हे के सेवा निवृत्त होने विदाई समारोह आयोजित

पायनियर संवाददाता ⟨ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका विद्यावती कोल्हे जी का संस्था मे अर्धवार्षिक आयु 62 वर्ष पूर्ण होने पर शाला परिवार द्वारा उनकी विदाई का कार्यक्रम रखा गया।कोल्हे मैडम ने 2028 मे यु.डी. टी. के पद पर कन्या पूर्व माध्यमिक शाला में पदोन्नौती मे कार्यभार ग्रहण किया। दो साल उन्होंने पूर्व माध्यमिक शाला मे अपनी सेवा दी इसके पश्चात उनकी व्यवस्था कन्या हाय सेकेंडरी स्कूल मे कर दी गई।मैडम कोल्हे अपने अनुशासन और कर्त्तव्यनिष्ठा के लिए शाला मे हि नहीं अपितु शिक्षा विभाग जिला बेमेतरा मे जानी जाती है ।वे अपने दिये गये दायित्वों को पूर्ण निष्ठा से भली-भांति निभाती थी । संस्था की प्रचार्य कविता बाजपेयी मैडम ने अपने उदाबोधन मे कोल्हे मैडम के उज्वल भविष्य व स्वस्थ स्वास्थ की कामना की तथा संस्था मे उनके द्वारा किये गये योगदान की चर्चा की।,प्रधान पाठक रामेश्वर प्रसाद बंजारे व शाला परिवार के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं कार्यालय स्टॉफसभी ने उनके उज्वल् भविष्य व अच्छे स्वस्थ की कामना कि ।संस्था की प्राचार्य एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने उन्हे नारियल सॉल व भेट देकर उन्हे विदाई दी ।तथा शाला में उनके अमूल्य समय को याद किया गया।



**महासमुन्द।** छत्तीसगढ़ अस्मिता के प्रतीक मजदूर दिवस पर बासी खाते हुए किसान नेता दाऊलाल चंद्राकर।

# जिले के वरिष्ठ पत्रकार के पिता रवानी के निधन पर विभिन्न लोगों ने शोक व्यक्त कर दिए श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ⟨ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले के वरिष्ठ पत्रकार अमीन पप्पू रवानी एवं पार्षद वाहिद रवानी के पिता एएम रवानी का 25 अप्रैल को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से उनके बेमेतरा स्थित आवास पर अंचल के पहुंच दुख की इस घड़ी मे लोगो ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार को ढ़ाढस बंधाया। उनकी मृत्यु की सूचना आने के बाद जिले में कई संगठनों ने शोक व्यक्त कर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की। उल्लेखनीय है कि दिवंगत एएम रवानी का जन्म 6 नवम्बर 1939 को रायपुर के बैरन बाजार नयापारा में हुआ था। उन्होंने अपनी शिक्षा गवरमेंट स्कूल महाराणा प्रताप हलवाई लाइन रायपुर में किया थे, ततपश्चात वे बेमेतरा में रहने लगे। जहाँ उन्होंने व्यापार जमाकर समाजसेवा भी की। उनके समजिक कार्यों को लेकर पूरे शहर में उनके निधन पर शोक का वातावरण रहा। उनके निधन के बाद से ही लगातार रवानी निवास पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समस्त राजनीतिक दलों के नेतागण, प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी, पत्रकार संगठन एवं वरिष्ठजनों आवागमन लगातार हो रहा है, सभी ने उनके निधन पर भावपुर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने कहा कि रवानी जी बड़े खुशमिजाज एवं मिलनसार व्यक्ति त्व थे। वे हमेशा जनहित के कार्यों में आगे रहते थे।उनके निधन से हम सबको बढ़ी क्षति हुई है, इस दुःख की घड़ी में पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने की बात कही। पूर्व विधायक बेमेतरा आशीष छाबड़ा ने भी रवानी जी के निधन पर शोक व्यक्त किया। साथ ही इस घटना को बेमेतरा शहर के लिए अपूरणीय क्षति होना बताया। सिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष दिनेश दुबे एवम वरिष्ट पत्रकार महेश दुबे, किशोर तिवारी,शरद बाजपाई ने कहा रवानी जी के निधन होने से अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी पूर्ति होना संभव नहीं है और पूरा संघ इसको लेकर अंतरात्मा से दुःखी है, हम परिवार के साथ खड़े है। दूरभाष से महासमुंद के पूर्व सांसद व भाजपा नेता चंदूलाल साहू एवं विधायक राजेश मूणत ने भी शोक व्यक्त किया। इनके अतिरिक्त जिला भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी,राजेंद्र शर्मा,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा,जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा, प्रहलाद रजक , अनिल माहेश्वरी, दीपक मोटवानी, राजीव चौबे,सुरेश पटेल,दीपक नामदेव, पूर्व एल्डरमेन गौरव साहू,विकाश तंबोली,समाज सेवी ताराचंद माहेश्वरी,पत्रकार आनंद साहू ,नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष प्रणिश चोबे,पार्षद रश्मि फ्रेंद्र मिश्रा, रानी डेनिम सेन, जया साहू ,जोगेंद्र छाबड़ा ,दुर्ग लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू की धर्मपत्नी राधिका राजेन्द्र साहू ,सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, लुकेस वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, शकुंतला साहू अध्यक्ष नगर पालिका बेमेतरा,जोगेंद्र छाबड़ा, मंगत साहू ,पार्षद मनोज शर्मा , रश्मि मिश्रा,रानी सेन, जया साहू , धरम वर्मा ,रीता पांडे शहर महिला अध्यक्ष,कुमार वर्मा , पप्पू साहेब, नारायण छाबड़ा,लक्ष्मी डेहरे, चमरू वर्मा, गोलू साहू, शिव वर्मा ,जयप्रकाश साहू , सहोदरा नवरंगे, हेमिन यादव, भावसींग राज, सहित वरिष्ठजनों ने निवास स्थान पहुंच कर शोक व्यक्त किए ।

# ठंडे तेल का राजा नवरत्न, इस गर्मी में कॉमेडी किंग कपिल शर्मा और उनके गैंग के साथ और भी कूल हो जाएगा

पायनियर संवाददाता ⟨ रायपुर
www.dailypioneer.com




इमामी लिमिटेड का आयुर्वेदिक ठंडे तेल मार्केट में अग्रणी ब्रांड, नवरत्न इस गर्मी में एक लाफ्टर चैलेंज लेकर आया है, जिसमें कपिल शर्मा अपने लाफ्टर फैमिली मेंबर्स किकू शारदा, गौरव गेरा और सुमोना चक्रवर्ती के साथ ब्रांड में शामिल हुए हैं। टीवी विज्ञापनों और डिजिटल कंटेंट की एक नयी श्रृंखला में, नवरत्न तेल ने कपिल शर्मा और उनके सह-कलाकारों के साथ तेल को ठंडक का बादशाह, राहत का राजा के रूप में प्रस्तुत किया है जो आम आदमी के सामने आने वाले दैनिक तनावों और चुनौतियों से निपटने में मदद करता है। नवरत्न तेल की दो मिनट की चंपी (सिर की मालिश) राहत और आराम देती है और ठंडा ठंडा कूल कूल करती है। हर्षा वी.अग्रवाल, वाइस चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, इमामी लिमिटेड, ने इस यूनिक एंडोर्समेंट एसोसिएशन पर टिप्पणी करते हुए कहा, हमें अपने ब्रांड नवरत्न आयुर्वेदिक तेल के लिए कपिल शर्मा और उनकी अनोखी टीम के साथ जुड़कर खुशी हो रही है। हँसी मजाक तनाव दूर करने के लिए जाना जाता है और कपिल अपने अलग अंदाज में एक दशक से भी अधिक समय से लोगों को हंसा रहा है। नवरत्न, भारत का नंबर 1 ठंडा तेल है जो अपने लाखों ग्राहकों को दैनिक तनाव से राहत देता है, और कपिल शर्मा और उनकी टीम के बीच में एक प्राकृतिक सहजता है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि ब्रांड मैसेजिंग का यह नया दृष्टिकोण दर्शकों को हमारी और आकर्षित करने के लिए प्रभावी ढंग से काम करेगा। इस मौके पर कॉमेडियन, एक्टर, सिंगर और एंकर कपिल शर्मा ने कहा, नवरत्न आयुर्वेदिक तेल रोजमर्रा जीवन की चुनौतियों के कारण होने वाले सिरदर्द और तनाव संबंधी समस्याओं से प्रभावी राहत देता है। मेरी टीम और मैं तनाव से राहत, जीवन की कठिनाइयों और संकटों से मुक्ति के लिए हँसी मजाक को एक शक्तिशाली उपाय के रूप में उपयोग करने का प्रयास करते हैं। नवरत्न और हम हँसी मजाक के माध्यम से जो राहत देने की कोशिश कर रहे हैं, उसमें एक स्वाभाविक तालमेल है, जो हमारे सहयोग के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। मुझे दुनिया के नंबर 1 कूल तेल नवरत्न के साथ जुड़कर खुशी हो रही है। इस गर्मी में हम सब मिलकर हर भारतीय को ठंडा-ठंडा कूल-कूल बनाएंगे।

# फिटजी के छात्रों ने जेईई मेन 2024 में ऑल इंडिया रैंक 3, 13 और 16 के साथ हासिल की शानदार सफलता

पायनियर संवाददाता ⟨ भिलाई
www.dailypioneer.com



नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी ने जॉइंट एंट्रेंस एक्जाम मेन 2024 के परिणामों की घोषणा कर दी है। जेईई मेल का आयोजन 2 सत्रों में हुआ। पहले सत्र 28 जनवरी 2024 से 1 फरवरी 2024 के बीच हुआ और दूसरा सत्र 4 अप्रैल, 5 अप्रैल, 6 अप्रैल, 8 अप्रैल और 9 अप्रैल 2024 को हुआ। दोनों सत्रों में सर्वश्रेष्ठ दो एनटीए स्कोर्स के अधार पर उम्मीदवारों की रैंकिंग जारी की गई है। एनटीए द्वारा घोषित जेईई मेन 2024 के परिणामों के साथ इंजीनियरिंग एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में भारत के प्रमुख संस्थान फिटजी अपने छात्रों की शानदार सफलता का जश्न मनाने के लिए तैयार है। आर एल त्रिखा, डायरेक्टर, फिटजी ग्रुप ने कहा यह वास्तव में फिटजी के लिए गर्व का समय है। हम अपने छात्रों के परफोर्मेन्स को लेकर उत्सुक हैं तथा छात्रों, उनके अभिभावकों एवं फिटजी के फैकल्टी और स्टाफ को बधाई देते हैं। यह उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का ही परिणाम है। हमारे देश में सैकण्डरी एजुकेशन छात्रों के एनालिटिकल स्किल्स को बेहतर बनाने में सक्षम नहीं है, यही कारण है कि स्कूल में अच्छा परफोर्मेन्स देने वाले छात्र अक्सर प्रतियोगी परीक्षा में पिछड़ जाते हैं। इसलिए छात्रों में एनालिटिकल क्षमता को विकसित करना ज़रूरी है, फिटजी कुछ ऐसा ही करता है। हम छात्रों की अवधारणात्मक सूझ-बूझ पर ध्यान केन्द्रित करते हैं और उनके आईक्यू एवं एनालिटिक कौशल तथा समस्याओं के समाधान की क्षमता में सक्षम बनाते हैं। जेईई में फिटजी के छात्रों की सफलता उनके पढ़ाने के तरीकों की प्रभाविता की पुष्टि करती हैं अब जेईई अडवान्स्ड अगली उपलब्धि है और हम अपने छात्रों को जेईई अडवान्स्ड में सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हैं। आरव भट्ट, एआईआर 3, जेईई मेन 2024 ने कहा जेईई मेन 2023 में मैंने जो स्कोर हासिल किया है, उसे लेकर मैं बेहद उत्सुक हूं। इस लक्ष्य के लिए मैंने कड़ी मेहनत की है। मेरे परिणाम का श्रेय फिटजी के कोचिंग के तरीकों को जाता है। फिटजी की विशेषज्ञ फैकल्टी ने मुझे अवधारणाओं को समझने में मदद की, हर बार मेरे सभी सवालों को हल किया। अब मैं नए फोकस के साथ जेईई अडवान्स्ड की तैयारी करूंगा। श्रियशस मोहन कल्लुरी, एआईआर 13, जेईई मेन 2024 ने कहा यह मेरे लिए सपना सच होने की तरह है।

## न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव

### मामले की श्रेणी-राजस्व

संदर्भः- जिला-**राजनांदगांव** तहसील-**राजनांदगांव** प.ह.नं.- **00036 पेन्ड्री** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक :- **CT202324420538500026**

**// ईश्तहार //**

तहसील राजनांदगांव के प.ह.न. 00036 के अंतर्गत ग्राम पेन्ड्री के वर्तमान भूमिस्व सुदर्शनकुमारपिता/पति-नाबाजगतरामवली मातानीलुबाई पता-सादेह, नीलुबाई पिता/पति-धपजगतरामपता-सादेह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 412(0.0200), 500/1(0.2870), 357(0.0650), 404(0.0120) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता-सुदर्शन, पिता/पति-जगतराम पता-, नीलू पिता/पति-जगतराम पता- निर्भयसाहू, पुरनलालसाहू, महेशसाहू, नरेन्द्रसाहू पिता/पति-स्वसंतुराम साहू, पता- गोमतीबाई पिता/पति-स्वआनंदरामसाहू, पता- जगतराम, भक्तुराम, गोपालराम, रुखमनी पिता/पति-स्वआनंदरामसाहू, पता-रामकुंवरबाई पिता/पति-स्वसंतुरामसाहू, पता- बुधियारिनबाई पिता/पति-स्वआनंदरामसाहू पता- के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खंड विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/05/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार

प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/05/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

न्यायालय तहसीलदार
राजनांदगांव

# साइको किलर जिसने 9 साल पूर्व अपने हाथ में गोदना से लिख दिया था कि वैष्णव परिवार मेरा जानी दुश्मन

## बम विस्फोट मामले में इलेक्ट्रिशियन युवक गिरफ्तार, फॉर्महाउस में हुआ था ब्लॉस्ट, मजदूर की हुई है मौत, मोटर स्टार्टर पैनल के वायर से मिला अहम सुराग

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव/डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

डोंगरगांव नगर के सन्निकट जामसरार स्थित फॉर्महाउस में 28 अप्रैल को बम विस्फोट मामले का पुलिस ने पदार्फाश कर दिया है। स्टार्टर पैनल के वायर से मिले सुराग के आधार पर एक इलेक्ट्रिशियन युवक आरोपी के तौर पर सामने आया है। आरोपी ने मोटरपंप के स्टार्टर पैनल में वायर कनेक्ट कर घटना को अंजाम देना कबूल किया है। उल्लेखनीय है कि पुलिस मुख्यालय नगर से लगभग 5 किमी दूर जामसरार स्थित पूर्व जिला पंचायत सभापति संतोष वैष्णव के फॉर्महाउस में गत 28 अप्रैल को सुबह 6 से 7 बजे के मध्य बम विस्फोट हो गया था। घटना में फार्म के मनेरी निवासी मजदूर नरेश पिता धीरपाल ओटी की विस्फोट से दर्दनाक मौत हो गई थी। विस्फोट जगह पर 2 फिट गहरा हो गया था। मृतक युवक विस्फोट स्थल से उड़ कर 25 फिट दूर जा गिरा था, विस्फोट के धमाके से युवक के सिर के चिथड़े उड़ गए थे। शरीर लगभग क्षत विक्षत हो गया था। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना डोंगरगांव मे अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 302 व विस्फोटक पदार्थ अधिनियम धारा 3, 5 अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया है।



### फिल्मी स्टाईल में घटना को अंजाम

गिरफ्त में आया आरोपी बिजली मिस्त्री है। बिजली विभाग में भी अस्थाई तौर पर ठेकेदारी में बिजली मिस्त्री का काम करता है। आरोपी के द्वारा पूर्व से ही दिवाली में फोडने वाला बम पटाखे को लाकर अपने घर की बाड़ी में छोटा बम तैयार कर सेल बैट्री के माध्यम से फोडा था। इसमें सफल होने पर दीवाली के समय से अत्याधिक मात्रा में बम पटाखा का बारूद ईकठ्ठा कर एक प्लास्टिक का डिब्बा में बारूद भर कर वायर कनेक्शन कर बम तैयार कर अपने घर में छुपा कर पूर्व



से रखा था। बम फोड़ने के लिये कनेक्शन के लिये बिजली दुकान से वायर पूर्व से खरीद कर रखा हुआ था। पुलिस की माने तो आरोपी जानता था कि पानी मोटरपंप बोर्ड को रोज सुबह सुनील वैष्णव आकर चालू करता है। आरोपी 28 अप्रैल की रात्रि करीब डेढ़ बजे बेटी को डाक्टर को दिखाकर व शादी से बेटी को लेकर पत्नि के साथ वापस ग्राम जामसरार आया, तो देखा की संतोष वैष्णव के फार्म हाउस का लाईट बंद था। जिससे उसने अंधेरे में फार्म हाउस के अंदर जाकर रात्रि करीब 2 बजे सिढी के नीचे रखे सब्बल से खुदाई कर बम शिफ्ट करके वायर निकाल कर समीप ही मोटरपंप के स्टार्टर से कनेक्ट कर दिया और घर में जाकर सो गया। दूसरे दिन जैसे ही फार्म के मजदूर ने स्विच दबाया, तो विस्फोट हो गया। विस्फोट से मजदूर की मौत हो गई।

### आपसी रंजिश बनी हत्या की वजह

पुलिसिया जांच के दौरान ज्ञात हुआ कि जामसरार के कुमान पिता नरेंद्र कंवर, 38 वर्ष का पूर्व से वैष्णव परिवार से रंजिश होना व पूर्व अपराधिक रिकार्ड होना पाया गया। कुमान कंवर का वैष्णव परिवार के साथ छोटी-छोटी बातों पर पूर्व से विवाद होते रहना व सन 2015 में चुनावी माहौल में वैष्णव परिवार व आरोपी के मध्य वाद विवाद हुआ था। पूर्व में आरोपी के पूर्वज के द्वारा पैतृक जमीन को वैष्णव परिवार को बेचा गया था। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। नवंबर दिसबंर 2023 में भी सुनील वैष्णव उर्फ पप्पू के साथ फसल कटाई के संबंध में पूनः वादविवाद हुआ था, जिससे आरोपी के मन में वैष्णव परिवार के प्रति बदला लेने और आक्रोश की भावना आ गई थी।



### सालों पहले हाथ में गुदवाया गोदना वैष्णव परिवार मेरा जानी दुश्मन

गिरफ्तार युवक को यदि साइको किलर भी कहा जाए तो कोई बड़ी बात नहीं होगी। गौरतब है कि पिछले नौ सालों ने युवक ने अपने हाथो में गोदना गुदवा रखा है कि वैष्णव परिवार उसका जानी दुश्मन है । पिछले कई माह से हत्या की सुनियोजित योजना बना कर काम कर रहे आरोपी को अंततः पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है ।



### फॉर्महाउस मालिक का भाई टारगेट

आरोपी कुमान ने पहले पुलिस को गुमराह की कोशिश की, लेकिन घटना स्थल में एफएसएल टीम व पुलिस टीम को मौके पर मोटर पंप पैनल कनेक्शन में प्रयुक्त अतिरिक्त कॉले रंग के एक एमएम के वायर से अहम सुराग मिला और उक्त वायर तलाशी पर कुमान कँवर के घर से बरामद किया गया। अंततः कड़ाई से पुछताछ करने पर आरोपी ने पुरानी रंजीश के चलते सँतोष दाऊ के भाई सुनील वैष्णव पप्पू को मारने के लिये बम शिफ्ट करना कबूल किया।

## जबरदस्ती करवाए गए बाल विवाह को शून्य घोषित किया जा सकता है

पायनियर संवाददाता < मोहला
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत बाल विवाह को रोकने के लिए अपील की है। कलेक्टर ने कहा कि जिले के अंतर्गत यदि कहीं बाल विवाह का आयोजन होता है, तो इसे रोकने के लिए आगे आयें। जिले के कोई भी नागरिक बाल विवाह को रोकने के लिए जिला प्रशासन या महिला बाल विकास विभाग को सूचना दे सकते हैं। कलेक्टर ने जिले के सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सभी परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, सभी खंड शिक्षा अधिकारी, नगर पंचायत अम्बागढ़ चौकी के मुख्य नगर पालिकाधिकारी को बाल विवाह रोके जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता-पिता, सगे संबंधी, बाराती व पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। यदि वर या कन्या विवाह पश्चात, बाल विवाह को स्वीकार नहीं करते हैं तो बालिग होने के पश्चात विवाह कों शून्य घोषित करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिले के अंतर्गत कहीं पर बाल विवाह होने की स्थिति में, बाल विवाह को रोके जाने के लिए तत्काल इसकी सूचना जिला प्रशासन या महिला बाल विकास विभाग को दे सकते हैं।

**अक्षय तृतीया पर मिलती है बाल विवाह की शिकायतें :** उल्लेखनीय है कि 10 मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर बड़ी संख्या में विवाह होने की आशंका बनी रहती है। इस अवसर पर जिला प्रशासन और महिला बाल विकास विभाग के द्वारा बाल विवाह को रोकने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। विवाह करने के लिए वर की आयु 21 वर्ष एवं वधू की आयु 18 वर्ष होना आवश्यक है। इससे कम उम्र में विवाह करना प्रतिषेध एवं दंडनीय है। विभागीय मैदानी अमला, जनप्रतिनिधियों एवं स्वसहायता समूह की महिलाओं, समाज के मुखिया, ग्राम पंचायत के पटेल से इस संबंध में सहयोग अपेक्षित करते हुए बाल विवाह रोके जाने हेतु जन जागरूकता लाने कहा गया है।

## आत्मानंद स्कूलों में दो माह से शिक्षकों को नहीं मिला वेतन

- पैरेंट्स एसोसियेशन ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जताई नाराजगी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद स्कूलों के शिक्षक आर्थिक तंगी से बेहाल हैं। दरअसल, बीते कुछ माह से इन्हें वेतन ही नहीं जारी किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पूछा है कि क्या सरकार बदलते ही बदले की भावना से इस योजना को बंद करने की योजना बनाई जा रही है, क्योंकि शिक्षको को दो माह से वेतन नही दिया जा रहा है। पॉल ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी योजना स्वामी आत्मानंद स्कूलों की स्थिति बेहद चिंताजनक है। जिन संविदा कर्मचारियों की नियुक्ति की गई, उन्हें वेतन नहीं दिया जा रहा हैऔर जहां-जहां नए स्वामी आत्मानंद स्कूल आरंभ किया गया, वहां कर्मचारी नहीं दिया जा रहा है। स्कूलों के संचालन के लिए बनाई गई समिति के कलेक्टर अध्यक्ष हैं। इसके बावजूद अब इस योजना का भगवान ही मालिक है। पूर्व में डीएमएफ फंड से संविदा कर्मचारीयों को वेतन दे दिया जाता था, लेकिन अब ऐसा नही किया जा रहा है। क्रिष्टोफर ने बताया कि कुछ माह पूर्व तक अधिकारी और नेता इस योजना की तारीफ करते नहीं थक रहे थे, अब बात करने से भी कतरा रहे है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल के शिक्षकों को दो महीने से वेतन वेतन नहीं मिलने से संविदा शिक्षकों की आर्थिक स्थिति बहुत खराब हो गई। संविदा कर्मचारियों के वेतन के लिए दिनांक 24.05.2023 को पूर्व की सरकार ने 207 करोड़ 50 लाख रुपये का बजट आर्वटित किया गया था, लेकिन फंड कहां गया यह जांच का विषय है। वेतन नहीं मिलने से घर चलाना, बच्चों की फीस और बैंक का लोन इन बातों को लेकर संविदा कर्मचारी परेशान हैं। लेकिन कोई जिम्मेदार अधिकारी उनकी समस्या का समाधान करने तैयार नजर नहीं आ रहा है। कुल मिलाकर यह योजना भी अब अपनी अंतिम सांस ले रही है।

### संचालनालय के नाम से सोशल मीडिया पर भ्रामक पत्र वायरल

**राजनांदगांव।** लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ के नाम से सोशल मीडिया पर भ्रामक पत्र वायरल हुआ है। वायरल भ्रामक पत्र में उच्चतम न्यायालय के आदेश के परिप्रेक्ष्य में छत्तीसगढ़ के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को संबोधित करते हुए सीधी भर्ती 2019 एवं 2024 में नियुक्त ऐसे सहायक शिक्षक जिनकी व्यावसायिक योग्यता केवल बी.एड. है, उन शिक्षकों को छः माह का प्रशिक्षण कराकर उनकी योग्यता डी.एल.एड के समकक्ष करने हेतु निर्देशित किया गया है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संबंध में कोई पत्र जारी नहीं किया गया है, यह पत्र पूरी तरह से फर्जी है।

### परीक्षा परिणाम के भय से तनाव एवं दबाव महसूस न करें बच्चे : कलेक्टर

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल की उपस्थिति में परीक्षा परिणाम से बच्चों के मन में उत्पन्न निराशा और तनाव को दूर करने शिक्षकों एवं पालकों के लिए जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में जिला पंचायत के सभाकक्ष में दक्षता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरुचि सिंह, डीएफओ आयुष जैन, मुख्य वक्ता सचदेवा न्यू पीटी कॉलेज भिलाई के चिरंजीव जैन एवं संदीप जैन उपस्थित थे। दक्षता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम से जिले के विभिन्न स्कूलों एवं विकासखंड शिक्षा कार्यालय से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से शिक्षक, पालक जुड़े रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों, पालकों एवं बच्चों की जिज्ञासाओं एवं उनके प्रश्नों का समाधान मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया।

## गांवों में न हो पेयजल की समस्या, योजनाबद्ध तरीके से काम करें : कलेक्टर

- गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए कम पानी वाली फसल लेने के लिए किसानों को करें प्रेरित

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर संजय अग्रवाल ने समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले की बेहतरी के लिए सभी विभाग अपना उत्कृष्ट कार्य करें, इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की जरूरत है। सहकारिता विभाग किसानों की सुविधाओं के दृष्टिगत एटीएम सुविधा बढ़ाने की दिशा में कार्य करें।

उन्होंने कहा कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए पेयजल की समस्या ग्रामों में नहीं होना चाहिए। इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। सिंचाई विभाग किसानों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही खेती का रकबा बढ़ाने के लिए कार्य करें। जिले में सबसे ज्यादा मनरेगा श्रमिकों ने कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग जनहित में उत्कृष्ट कार्य करने की दिशा में कार्य करें। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि डीएमएफ मद से जनहित के कार्यों के लिए सभी विभाग प्रस्ताव भेजें।

**बच्चों को तनाव से दूर रखें :** कलेक्टर ने कहा कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम आने वाले हैं। इसे ध्यान में रखते हुए अभिभावकों का यह दायित्व है कि वे अपने बच्चों को तनाव से दूर रखें और उनका ध्यान रखें। किसी भी बच्चे की तुलना अन्य बच्चों से नहीं करें। अभिभावक अपने बच्चों के प्रति सजग रहें और उनके लिए सकारात्मक माहौल बनाएं।

**कम पानी वाली फसल के लिए प्रेरित करें :** कलेक्टर ने कहा कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में किसान धान की खेती करते हैं, जिसके लिए अधिक पानी की आवश्यकता होती है। इसके कारण ट्रांसफार्मर पर लोड पड़ता है और लो-वोल्टेज की समस्या उत्पन्न होती है। उन्होंने उप संचालक कृषि से कहा कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए कम पानी वाले फसल लेने के लिए किसानों को प्रेरित करें। इसके साथ ही उद्यानिकी विभाग अंतर्गत ऐसी फसलें, जिनमें कम पानी की जरूरत होती है, किसानों को बताएं।

## अर्जुनी में देविका, दक्ष व दीपिका ने मारी बाजी

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में संचालित राइट गुरुकुल हायर सेकेंडरी स्कूल की शाखा इंग्लिश मिडियम अर्जुनी के परीक्षा परिणाम की घोषणा हुई। डोंगरगांव नगर के प्राचार्य लोकेश्वर साहू, संस्था की प्रधान पाठिका मंजू साहू, शिक्षक सुमीत साहू, शिक्षिका सरोज धनपाल व करिश्मा साहू ने पालकों की मौजूदगी में परिणाम की घोषणा की। उत्कृष्ट अंकों के लिए पदक से सम्मानित किए गए। राइट गुरुकुल हायर सेकेंडरी स्कूल डोंगरगांव नगर के प्राचार्य लोकेश्वर साहू से प्राप्त जानकारी मुताबिक कक्षा नर्सरी में भव्य देवांगन 94 फीसदी प्रथम, भुआंश देवांगन 93 फीसदी द्वितीय, ट्विंकल साहू 91 फीसदी तृतीय स्थान पर रहे। केजी 1 में हितांशी साहू 97 फीसदी



प्रथम, रुद्राक्षी साहू 96.5 फीसदी द्वितीय, भावेश गोंड 96.3 फीसदी तृतीय स्थान पर रहे। केजी 2 से भाविका राजपूत एवं वाणी ठाकुर 99 प्रथम प्रथम, अरमान साहू व विनायक साहू 97 फीसदी द्वितीय, हंसिका, गुंजिका व हार्दिक देवांगन 96 फीसदी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 1 से चहक व अभिषेक 98.5 फीसदी प्रथम, पूर्वी 97.5 फीसदी द्वितीय, योगांशी 95 फीसदी तृतीय। कक्षा 2 से छाया 98.5 फीसदी प्रथम, नाम्या व अनुष्का 97.5 फीसदी द्वितीय, वेणु 95.5 फीसदी तृतीय। कक्षा 3 से छायांश 94.6 फीसदी प्रथम, तुषांत 93.6 फीसदी द्वितीय, दीक्षा 91.3 फीसदी तृतीय। कक्षा 4 से हुमेश 95.6 फीसदी प्रथम, गीतांश 95 फीसदी द्वितीय, शैलेंद्र 93.6 फीसदी तृतीय। कक्षा 5 से देविका 93 फीसदी प्रथम, दक्ष 91 फीसदी द्वितीय, दीपिका 89 फीसदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किए।

### नवाज ने कहा - अध्यक्ष पद पर सचिन बघेल की नियुक्ति ही अवैध

## गंभीर आरोपों से घिरे नवाज खान ने पखवाड़े भर बाद मीडिया के सामने अपना पक्ष रखा

- छापेमारी की बता पर खा जब कोई मामला ही दर्ज नहीं तो छापेमारी किस बात की
- कानूनी सलाह लेकर पुलिस विभाग को मानहानि का नोटिस देने की तैयारी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान ने वर्तमान बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल की नियुक्ति को अवैध बताया। कहा कि पिछले कार्यकाल में सचिन बघेल को उसके कार्यकाल के 19 माह पहले निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद सत्ता में आते ही उसे फिर से अध्यक्ष पद पर नियुक्ति कर दिया गया है। नवाज ने पत्रवार्ता में कहा कि बघेल की नियुक्ति पंजीयक के आदेश के बिना हुई है और यह नियम के विपरीत है। उन्होंने इस मामले में न्यायालय में प्रतिवेदन लगाने की बात कही। लोकसभा चुनाव के दौरान जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने प्रेसवार्ता लेकर पूर्व अध्यक्ष नवाज पर अपने कार्यकाल में जिला सहकारी बैंक में पौने दो करोड़ रुपए के घोटाला करने का आरोप लगाया था। बघेल ने नवाज पर बिना कोई सेटअप के सहकारी बैंक में 51 दैनिक वेतन भोगी कर्मियों की फर्जी तरीके से भर्ती का भी आरोप लगाया था। पखवाड़े भर बाद सफाई देने पहुंचे नवाज ने अपने उपर लगाए गए सभी आरोपों को निराधार व गलत बताया। कहा कि 51 कर्मियों की भर्ती पुराने सेटअप व नियमों के आधार पर की गई थी। जिसमें सत्ता आने के बाद कर्मियों को हटा दिया गया। कहा कि सचिन बघेल के कार्यकाल में इसी नियम के तहत 26 कर्मियों की भर्ती हुई थी, लेकिन इन कर्मियों को नहीं हटाया गया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे के ठेकवा स्थित कार्यक्रम और भरेगांव के किसान सम्मेलन में बैंक के लाखों रुपए खर्च करने के संबंध में बताया कि ठेकवा व भरेगांव के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के शामिल होने से यह कार्यक्रम सरकारी होने पर बैंक से राशि खर्च की गई।

### भाजपा शासनकाल में हुई 26 कर्मचारियों की भर्ती, जांच की मांग

नवाज खान ने कलेक्टर पर भी सवाल उठाते कहा कि उनके द्वारा बिना पंजीयक के आदेश बैंक अध्यक्ष का पदभार सचिन बघेल को दिलाना गलत है। भर्ती के मामले पर उन्होंने खा कि भाजपा की प्रदेश में सरकार के दौरान कर्मचारियों की भर्ती इसी प्रकार से की गई थी। उन्होंने कहा यदि 51 कर्मचारियों को रखना नियम विरुद्ध है तो उन 26 कर्मियो को रखना भी सही नही है। नवाज ने कहा कि इस मामले में विधानसभा में सवाल लगवाएंगे और निष्पक्ष जांच की मांग करेंगे।

### सत्ता के दबाव में पुलिस मेरी छबि धूमिल कर रही, जल्द मानहानि का जाएगा नोटिस

नवाज खान ने कहा कि सत्ता के दबाव में पुलिस विभाग ने उनकी छबि को धूमिल किया है । उन्होंने कहा कि जब मुझ पर कोई मामला ही दर्ज नहीं है तो पुलिस द्वारा मीडिया को बार बार यह बयान क्यों दिया जाता रहा कि हम जगह जगह छापेमारी कर रहे हैं, नवाज खान को तलाश रहे हैं । नवाज खान ने कहा कि वह कानून के जानकारों से सलाह ले कर जल्द ही पुलिस विभाग को मानहानि का नोटिस भेजेंगे ।

### मंजू खोखरिया बनी अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष



**राजनांदगांव।** स्थानीय अग्रवाल समाज की महिला मंडल का मंगलवार दिनांक 30 अप्रैल 2024 को संपन्न हुए चुनाव में मंजू दुर्गा खोखरिया विजय हासिल की। अग्रवाल महिला मंडल के द्विवार्षिक कार्यकाल (2024-26) के लिए अग्रसेन भवन में आयोजित चुनाव में श्रीमती मंजू दुर्गा खोखरियां ने सीधी टक्कर में सुनीता लोहिया को हरा कर अध्यक्ष पद पर विजयी हुई। उनके अध्यक्ष बनने पर अग्रवाल महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष अनुराधा लोहिया, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्षित अग्रवाल ने बधाई एवम् शुभकामनाएं प्रेषित की। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती मंजू ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि वे सभी का साथ ले अग्रवाल समाज का नाम आगे बढ़ाऊंगी।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने भखारा नगर पंचायत में निकाला हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य शोभा यात्रा

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल धमतरी द्वारा पूरे जिले में अलग अलग समय पर हनुमान जन्मोत्सव मनाया जा रहा। जिले भर मे बजरंग दल की ताकत लगातार बढ़ रहा है जिससे हिंदुत्व शंखनाद, धर्म रक्षा और सामाजिक सद्भावना के साथ आत्मीयता का भाव बढ़ रहा है। बजरंग दल आरहमेशा सेवा सुरक्षा और संस्कार के ध्येय को लेकर समाज में सेवा और राष्ट्र जागरण का कार्य किया है। इसी तारतम्य में आज विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल भखारा मे हनुमान जन्मोत्सव पर सैकड़ो बजरंगियो ने धूमधाम, हर्षोल्लास से भखारा नगर पंचायत के अंदर विशाल शोभा यात्रा निकाला जिसमे जोश और उत्साह उमंग भरने विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल धमतरी के जिला पदाधिकारियों के साथ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी मोहन साहू भी पहुंचे। जहां नगर के बीच धूमधाम से यात्रा बस्ती में होते हुए गुजरी नगर वासियों ने खुशियां जाहिर की और हनुमान जी प्रतिमा झांकी की पूजा आरती की,नगर के मध्यम जिले के पदाधिकारियों का



उदबोधन प्राप्त हुआ जिला मंत्री विश्व हिंदू परिषद रामचंद देवांगन ने सभी बजरंगी कार्यकर्ता एवम् नगर वासियो को हनुमान जन्मोत्सव की बधाई दी और राम मंदिर के निर्माण में बजरंगियों के प्राक्रम और शौर्य को याद किया और साथ ही भगवान श्री कृष्ण की जन्मभूमि मथुरा में कृष्ण जी की भव्य मंदिर निर्माण करने का आह्वान किया। जिलाकार्याध्यक्ष दीपक ठाकुर ने हनुमान जन्मोत्सव की बधाई देते हुए भगवा ध्वज के लिए दिए गए शौर्य बलिदान के बारे मे बताया और भगवा ध्वज के सम्मान के प्रति जागरूक किया तथा अलग अलग मजहब पंथ के विधर्मियो के द्वारा की जा धर्मांतरण, मतांतरण के बारे में जागरूक किया साथ ही मतांतरण करने वाले मिशनरियों को सख्त चेतावनी दी है कि जिले में कहीं भी मतांतरण की घटना पाई जाती है तो अंजाम बहुत बुरा होगा । मतांतरण करने वाले मिशनरी सुधर जाए नही तो बजरंग दल सुधारना जानता है। प्रांत पदाधिकारी मोहन साहू ने राष्ट्र धर्म सर्वोपरि की बात कहते हुए युवाओं को अनुशासित और प्रशिक्षित होने के लिए संगठन द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने का आह्वान किया। और हनुमान जन्मोत्सव की बधाई दी। नगर के इस भव्य हनुमान जन्मोत्सव शोभा यात्रा में प्रांतीय पदाधिकारी मोहन साह, जिला कार्याध्यक्ष दीपक ठाकुर, जिला मंत्री विहिप रामचंद देवांगन जी जिला सह संयोजक डाकेश्वर साहू नगर संयोजक चित्रेश साहू, रोहित अमित सोना प्रखंड मंत्री दीपक सोनी, प्रखंड संयोजक कुंज बिहारी साहू, प्रखण्ड सह संयोजक महेंद्र ध्रुवंशी, मंडल कारवाह पुरषोत्तम निषाद, धनराज यादव,राजा साहू, भीष्म कुमार साहू माल, युगेश धीवर, डुमेंद्र गंगबेल, सोमेंद्र साहू, जितेंद्र देवांगन, जय कुमार, आदित्य, देवेंद्र साहू, कुंजबिहारी साहू, महेंद्र साहू, पीयूष साहू, तेलासी, खिलेश्वर, गौरव, चित्रसेन, दुर्गेश, युगल, तेजराम, अंकित, आयुष, लीलेश, रूपेश, कामेश, जयंत, अतुल, सागर ,हरीश, रेनु, कुलदीप, भूपेन्द्र, राहुल, मोनू , राघेन्द्र, निखिल, केशु, दक्ष, वेदप्रकाश, गुलशन, पंकज, प्रतीक, कुलदीप, देवेन्द्र, दानेश, महेश, साहिल, विकास, छात्र मिथिलेश, ओमशंकर, चेतन, राजू, उत्तम, खेमलाल, कुलेश्वर, प्रवीण, अरुण, लुकेन्द्र, निखिल, टेकराम, होमेश ,संजय , संतोष, हाकेश, ऐश्वर्य,गिरधारी, पारस किशोर, मोंटू के साथ समस्त बजरंगी भाई और नगर वासी शामिल हुए।

# महिला शक्ति का सम्मान सिर्फ भाजपा ही कर सकती है: प्रिया सिंह

## चुनावी मैदान में भाजपा की महिला मोर्चा ने सम्हाला कमान



पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

महिलाओं का सम्मान और आर्थिक सशक्तीकरण सिर्फ भाजपा ही कर सकती है। भाजपा जो कहती उसे करके दिखाती है। विधानसभा चुनाव के दौरान,प्रदेश की महिला शक्ति से महतारी वंदन की योजना का जो वायदा,भाजपा ने किया था,उसे चार माह की अल्प अवधी में ही पूरा कर दिखाया है। नगरपालिका की पूर्व उपाध्यक्ष प्रियवंदा सिंह जूदेव ने उक्त बातें कही। वे दोकड़ा में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रही थी। पूर्व उपाध्यक्ष प्रियवंदा सिंह जूदेव बीते एक सप्ताह के दौरान एक दर्जन से अधिक जनसभाओं में शामिल हो चुकी है। उनके साथ नगरपालिका जशपुर की पूर्व अध्यक्ष रजनी प्रधान भी मतदाताओं की बीच सीधा संवाद कर रही है। पालिका उपाध्यक्ष प्रियवंदा सिंह जूदेव महतारी वंदन लाभार्थी अभिनंदन के साथ नुक्कड़ सभा,चाय पर चर्चा जैसे पार्टी के प्रचार कार्यक्रम में शामिल हो कर,सीधे मतदाताओं व लाभार्थियों से चर्चा कर रही है। वहीं,दूसरी ओर जशपुर की विधायक रायमुनि भगत और पत्थलगांव की विधायक गोमती साय भी धुआंधार प्रचार में जुटी हुई है। रायगढ़ लोकसभा की सांसद का दायित्व सम्हाल चुकी,गोमती साय,जशपुर के साथ रायगढ़ और सारंगढ़ जिले में भी प्रचार करने में जुटी हुई है। जिला पंचायत जशपुर की अध्यक्ष शांति भगत,जनपद पंचायत जशपुर की पूर्व अध्यक्ष शारदा प्रधान,डीडीसी रीना बरला जैसी महिला नेत्रियों ने घर घर पहुंच कर,महिलाओं व परिवार के बीच बैठ कर,केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों की जानकारी देकर,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए वोट मांग रही है।

# भारत के नवनिर्माण में मजदूरों की अहम भूमिका : उमेश साहू



पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

मजदूर दिवस के अवसर पर भाजपा गंगरेल मंडल धमतरी के अध्यक्ष उमेश साहू के टीम के द्वारा मजदूर दिवस मनाया गया। गंगरेल में काम कर रहे महिला और पुरुष मजदूर भाई बहनों को पानी बोतल और श्रीफल देकर उनका सम्मान किया गया। उमेश साहू ने मजदूर भाई बहनों से बात करते हुए कहा कि यह भाजपा की परंपरा है भाजपा सिर्फ वोट मांगने चुनाव के समय नहीं आती है बल्कि समाज के विभिन्न आयोजनों में भाजपा के कार्यकर्ता बाद-चढ़कर भाग लेते हैं और लोगों के बीच में रहकर सेवा कार्य करते हैं । उन्होंने आगे कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की तरफ से अंतिम पंक्ति पर बैठे व्यक्तियों के लिए आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं सरकार के द्वारा चलाई जा रही है जिसकी जानकारी लेकर अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए और कहीं पर कोई भी प्रकार का समस्या होने पर भाजपा के कार्यकर्ताओं से जन प्रतिनिधियों से मिलकर समाधान करनी चाहिए। इस मौके पर पिंकू जागेंद्र साहू जनपद सदस्य ने भी सरकार के अनेक योजनाओं के बारे में बातचीत किया। उपस्थित रूपाली ध्रुव जनपद सदस्य ने भी सभी मजदूर भाई बहनों को मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दिए । उपस्थित कीर्तन साहू और धीरेंद्र सिंह अजय गार्डिया राहुल के द्वारा भी सबको शुभकामनाएं दी गई।

# कर मेहनत को सलाम हम मजदूर है मजबूर नहीं

पायनियर संवाददाता ‹ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, मनेंद्रगढ़ शिक्षा के साथ अपनी सभ्यता और संस्कृति का भी रखता है पूरा ख्याल। मौका था मजदूर दिवस का और उपरोक्त वर्णित उक्तियों को चरितार्थ करते हुए मनेंद्रगढ़ के सुप्रसिद्ध दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल परिवार ने पूरे साल छात्र-छात्राओं के लिए विद्यालय परिसर को सुरक्षित और स्वच्छ रखने में उनके अथक परिश्रम के लिए सभी सहायक कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। विद्यालय के माध्यमिक कक्षाओं की समन्वयक रश्मिन्दर कौर चावला ने कहा कि हमारा मानना है कि हमारे विद्यालय सहायक-सहायिकाओं की अपनी गरिमा और उनका अपना विशेष महत्व है। डीडब्ल्यूपीएस ने उनके सम्मान में श्रम दिवस मनाया। सहयोगी कर्मचारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विद्यालय के प्राथमिक कक्षाओं की समन्वयक पूनम तिवारी ने भी सभी को सहर्ष धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि ÷इतने कठिन परिश्रम के बाद भी इनकी मुस्कान बनी रहती है जिसे देख हमारा भी मनोबल बढ़ता है। हमारा मानना है कि सबसे बड़ी प्रशंसा शब्दों में नहीं बल्कि उनके अनुसार जीना है। प्राचार्य डॉ. बसंत कुमार तिवारी द्वारा मजदूर दिवस का महत्व बताया गया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के योगदान के बिना विद्यालय और छात्रों की प्रगति संभव नहीं है। उनका धन्यवाद ज्ञापन करते हुए विद्यालय की निदेशिका पूनम सिंह ने कहा कि इनके बिना विद्यालय की हम कल्पना भी नहीं कर सकते सबसे पहले आना और अंत में जाना, ये विद्यालय के रक्षक हैं। इसके बाद जहां एक ओर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने सहायक कर्मचारियों को पुष्पगुच्छ तथा मिठाई देकर सम्मानित किया वहीं दूसरी ओर विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने अपने जेब खर्च से अपने अपने घरों में कार्यरत घरेलू सहायक-सहायिकाओं को उपहार देकर उन्हें अपनेपन का हार्दिक अहसास कराया। गौरतलब है कि बढ़ती गर्मी को मद्देनजर रखते हुए आकस्मिक विद्यालय अवकाश के शासकीय आदेश का अनुपालन करने हेतु वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की कक्षाएं आनलाईन ही संचालित हो रही हैं।

# सेवानिवृत्ति के दिन ही प्रधानपाठक को मिला पेंशन अदायगी आदेश'




**मुंगेली।** लोरमी विकासखण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेमरसल के प्रधानपाठक विश्वनाथ योगी के सेवानिवृत्त के दिन ही पेंशन अदायगी आदेश पी.पी.ओ./ जी.पी.ओ. दिया गया। शिक्षा विभाग द्वारा त्वरित पहल करते हुए उन्हें यह आदेश लेटर प्रदान किया गया। जिला शिक्षा योगी के सुखद और दीर्घायु जीवन की कामना की। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य दीपक ध्रुव, शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## बिजली तार की चपेट में आने से बच्चे की मौत

**धमतरी।** घर के छत में पानी डालते वक्त वहां से गुजर रहे बिजली तार की चपेट में आने से 15 साल के बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। अस्पताल पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खर्रा थाना गुरुर में राहुल कुमार साहू 15 वर्ष पिता एवेंद्र साहू कक्षा 9वी का छात्र था। 30 अप्रैल की शाम अपने घर के नए छत में पानी डालने के लिए चढ़ा हुआ था। इसी दौरान अचानक वह अनियंत्रित हो गया। जैसे ही अनियंत्रित हुआ उसने वहां से गुजर रहे बिजली तार को पकड़ लिया।

# कोच सरोजिनी को गोल्ड मेडल व शील्ड से किया सम्मानित

## प्रतिभागियों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

इंटर स्टेट टोंग इल मो डू चैंपियनशिप का शानदार आयोजन विगत दिनों पाइकमाल उड़ीसा में हुआ जिसके मुख्य अतिथि पदमपुर विधायक बरसा सिंह बरिहा थे। प्रतियोगिता के दौरान टोंग इल मो डू फेडरेशन दिल्ली के कोषाध्यक्ष किरण मैडम, छत्तीसगढ़ सचिव उपेन्द्र प्रधान, कार्यक्रम प्रभारी जगन्नाथ साहू, प्रदेश अध्यक्ष मीरा पंडा उपस्थित रही। प्रतियोगिता में 17 जिलों के करीब 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। महासमुंद जिले के कोच सरोजनी खटकर को आयोजकों की तरफसे गोल्ड मेडल और शील्ड प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता में ग्राम सुखापाली के प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिनमें नोनीबाई रत्नाकर एवं हेमंत ठाकुर ने गोल्ड मेडल, गायत्री रत्नाकर एवं चंद्रमणि रत्नाकर ने सिल्वर मेडल, हितेश रत्नाकर एवं सागर लहरे ने ब्रांज मेडल हासिल की। इस उपलब्धि पर छग सचिव उपेन्द्र प्रधान ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया। क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद, रायपुर बरगढ़ रेल लाइन निर्माण समिति के अध्यक्ष अमर बग्गा, संयोजक दिलीप गुप्ता, अग्र शिरोमणि संस्था के मनोज अग्रवाल, पवन अग्रवाल, हाई स्कूल रोहिना प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार जायसवाल, व्याख्याता कमलेश साहू, क्रांति कुमार साहू, रोहिना सरपंच जज्ञसिनी चूड़ामणि साहू आदि ने बधाई दी है।

# पूर्व प्रदेश सचिव आनंद पवार ने बोरे बासी खाकर 1 मई को बोरेबासी दिवस मनाया

■ छत्तीसगढ़ की परंपरा व दिनचर्या में बोरेबासी का है विशेष महत्व - आनंद पवार

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ की पिछली कांग्रेस सरकार में छत्तीसगढ की परंपरा और त्योहारों को विशेष महत्व दिया गया था। जिसमें छत्तीसगढ की संस्कृति और रीतिरिवाजों को बडे स्तर पर प्रोत्साहित और प्रचारित करने का काम किया गया। इस सरकार ने 1 मई श्रमिक दिवस को बोरे बासी दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था और धूमधाम से मनाया था। जिसमें छत्तीसगढ में गर्मियों के दिनों में खाया जाने वाला बोरे और बासी के महत्व और इससे मिलने वाले पोषण के बारे में काफी चर्चा हुई। छत्तीसगढ कांग्रेस द्वारा शुरू की गई परम्परा को आगे बढाते हुए पूर्व प्रदेश सचिव आनंद पवार ने बोरे बासी खाकर 1 मई को बोरेबासी दिवस मनाया। उन्होंने कहा कि बोरेबासी हम छत्तीसगढ वासियों के लिए एक महत्वपूर्ण आहार है। उन्होंने बताया की गाँव मे अपना सुबह का काम करने के बाद दोपहर में जब किसान घर लौटते है तो यही उनका मुख्य भोजन होता है। इसके साथ पताल चटनी, छत्तीसगढ में पाई जाने वाली भाजियां और अन्य छत्तीसगढी व्यंजन खाएं जाते है, यहाँ तक दिन भर धूप में खेलकर आने वाले बच्चों को भी माताएं यही खाने को देती है। गर्मी और लू से बचने के लिए भी यह व्यंजन बहुत सहायक है।

उन्होंने सभी छत्तीसगढवासियों से अपील की है हमारे श्रमिकों के सम्मान में सभी बोरेबासी खाकर इस दिन को मनाएं और अपने छत्तीसगढी होने पर गर्व करें।

# ग्राम धमनी में "आओ मिलकर अलख जगाएं, शतप्रतिशत मतदान कराएं" थीम पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर पथरिया विकासखंड के ग्राम धमनी (रामबोड़) में ''आओ मिलकर अलख जगाएं, शतप्रतिशत मतदान कराएं'' थीम पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रमिकों ने ''शतप्रतिशत मतदान, मुंगेली जिले का अभिमान, छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करो मतदान'' नारे लगाते हुए चुनाव में सहभागिता के लिए संकल्प लिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन श्रमिकों की मेहनत, सामर्थ्य और अधिकारों को पहचानने का दिन है। श्रमिक संगठित हो या असंगठित वह मेहनत से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि संविधान ने हमें मतदान करने का अधिकार दिया है। हमें अच्छे जनप्रतिनिधि का चुनाव करने के लिए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष होकर मतदान करना चाहिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पलायन किए मतदाताओं को वीडियो काल मतदान के लिए प्रेरित करने की जानकारी दी और बताया कि इसकी सराहना निर्वाचन आयोग ने की है व पूरे राज्य में इसे लागू कराया गया है। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजकों सहित श्रमिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने रंगोली व क्विज प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। साथ ही 18 वर्ष पूर्ण कर नव मतदाताओं को सम्मानित किया। स्वीप के नोडल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने श्रमिक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि 07 मई को सभी श्रमिकों को मतदान अवश्य करना है। ''शत प्रतिशत मतदान, मुंगेली जिले का अभिमान'' के उद्देश्य को सफल बनाना है। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की सुविधा के लिए पर्याप्त पेयजल, छाया, विश्राम कक्ष, गर्भवती महिलाओं, दिव्यांगजनों और वरिष्ठजनों के लिए अलग से लाईन की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही प्रत्येक मतदान केन्द्र में मतदाता संगवारी की भी ड्यूटी लगाई जा रही है, ताकि कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित न हो। उन्होंने श्रमिकों से कहा कि स्वयं मतदान करें और अपने गांव के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। एसडीएम पथरिया भरोसा राम ठाकुर ने कहा कि आपका वोट बहुमूल्य है, इससे स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण होता है। इस महत्व को समझते हुए 07 मई को आप सभी को मतदान अवश्य करना है।

## जांच के दौरान बिना नंबर की गाड़ियों और शराब तस्करों पर कार्रवाई

# एसपी मोहन ने चलाया विशेष आभियान, 500 पुलिस जवानों ने की कांबिंग गश्त, गुंडा बदमाशों की हुई चेकिंग

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात एसपी शशि मोहन सिंह के दिशा-निर्देशन पर जिले के समस्त थाना/चौकी द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में रात्रि 10 बजे से प्रातः 05 बजे तक कांबिंग गश्त चलाया गया, उक्त गश्त में संबंधित अनुविभाग के पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भी सम्मिलित रहे, गश्त में रवाना करने के पूर्व सभी को बारीकी से ब्रीफ किया गया, इस दौरान पूरे जिले में 500 से अधिक अधि./कर्मचारियों द्वारा एक साथ अभियान चलाया गया। चेकप्वाइंट तथा गश्त दौरान पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा प्रत्येक वाहनों की बारीकी से जांच कर आवागमन के कारण के साथ उनके आने-जाने का कारण एवं पहचान पत्र की तस्दीक गया, इस दौरान कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही किया गया है।

**इन प्रकरणों पर हुई कार्रवाई** - जशपुर अनुविभाग के थाना सिटी कोतवाली जशपुर द्वारा 107, 116(3) के तहत-38, चौकी मनोरा द्वारा 04, चौकी आरा-01, थाना आस्ता-15, थाना दुलदुला-10 कुल-68 प्रकरणों में कार्यवाही की गई है। थाना सिटी कोतवाली जशपुर द्वारा धारा 151 द.प्र.सं. में 02, धारा 109 सी.आर.पी.सी. के तहत् 24 प्रकरणों में कार्यवाही की गई है। थाना आस्ता द्वारा आबकारी एक्ट के तहत् कुल 03 प्रकरणों में कार्यवाही की गई है।

**जशपुर में आर्म्स एक्ट में चार गिरफ्तार**- थाना सिटी कोतवाली जशपुर द्वारा अवैध रूप से तलवार लेकर डराने-धमकाने के मामले में आर्म्स एक्ट के तहत् 04 प्रकरणों में आरोपी 1-कुणाल गुप्ता उम्र 32 साल निवासी सरनाटोली जशपुर, 2-निजाम खान उम्र 30 साल निवासी चीरबगीचा, 3-विनीत एक्का उम्र 27 साल निवासी करमटोली गिरांग, 4-अनुज प्रधान उम्र 34 साल निवासी खरसोता* के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

**लोदाम में नशीली दवा की खेप बरामद**- थाना लोदाम द्वारा नशीली दवा का झारखंड तरफ से तस्करी करते आ रहा आरोपी नौशाद खान उम्र 26 साल निवासी साईटांगर टोली के कब्जे से 50 नग कोरेक्स सिरप एवं 400 नग कैप्सूल कीमती 11 हजार रू. एवं मोटर सायकल जप्त कर उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत् न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

**कुनकुरी थाना की कार्रवाई** - कुनकुरी अनुविभाग के थाना कुनकुरी द्वारा 01 स्थाई वारंट, 107, 116(3) के तहत-51, थाना तपकरा द्वारा 08, धारा 109 सीआरपीसी के तहत् थाना कुनकुरी 35 प्रकरण, थाना तपकरा द्वारा 02, धारा 110 सीआरपीसी के तहत् थाना कुनकुरी 01 प्रकरण, थाना तपकरा द्वारा 01, धारा 151 के तहत् कुनकुरी द्वारा 03, आबकारी एक्ट के 02, एवं एमव्ही एक्ट के 25 प्रकरणों में कार्यवाही की गई है। थाना कुनकुरी द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत् 02 प्रकरण 1-नेल्सन कुजूर उम्र 31 साल निवासी गिनाबहार, 2-अमित किण्डो उम्र 44 साल निवासी हर्राडांड़ के तहत् कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। **बगीचा थाना की कार्रवाई**-बगीचा अनुविभाग के थाना बगीचा द्वारा 107, 116(3) के तहत-15, धारा 109 सीआरपीसी के तहत-05, धारा 151 जा.फौ. के तहत् 01, आबकारी एक्ट के 02 प्रकरणों में कार्यवाही की गई है। साथ ही क्षेत्र के निगरानी, गुण्डा बदमाशो की चेकिंग कर उन्हें थाना हाजिर के निर्देश दिये गये हैं।

**पत्थलगांव थाना की कार्रवाई**- अनुविभाग के थाना पत्थलगांव द्वारा 107, 116(3) के तहत-12, थाना बागबहार द्वारा-05, थाना तुमला द्वारा 01, धारा 109 सीआरपीसी के तहत् थाना पत्थलगांव बागबहार द्वारा 02-02 प्रकरण, धारा 110 सीआरपीसी के तहत् चैकी कोतबा 01 प्रकरणों में कार्यवाही की गई है। आबकारी एक्ट के तहत् थाना बागबहार द्वारा 01 प्रकरण में कार्यवाही की गई है। साथ ही क्षेत्र के निगरानी, गुण्डा बदमाश की चेकिंग कर उन्हें थाना हाजिर के निर्देष दिये गये हैं।

# दस साल तो अभी मोदी का ट्रेलर था, असली पिक्चर तो अब शुरू होगी : सीएम विष्णुदेव साय

## जशपुर में गरजे सीएम, कहा प्रदेश में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं जीतने देंगे

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुर नगर
www.dailypioneer.com



जशपुर के पण्डरापाठ (चुन्दापाठ) में आयोजित विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह चुनाव देश की तकदीर बदलेगा। नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का यह चुनाव है। मोदी गरीब के बेटे हैं। गरीब का दर्द गरीब ही समझ सकता है। वह 140 करोड़ भारतीयों की चिंता करते हैं। एक तरफ पिकनिक मनाने वाले कांग्रेस के युवराज हैं दूसरी ओर पीएम मोदी हैं जो 24 घंटे में 18 घंटा वह काम करते हैं। पिछले दस साल से देश में गरीबों को घर, गैस सिलेंडर, हर घर साफ पानी, शौचालय और जनधन खाता खोलने का काम किया गया है। पांच साल तक प्रदेश में राज करने वाली कांग्रेस पार्टी ने केंद्र की योजनाओं को रोकने का काम किया, सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार किया। मोदी के कार्यकाल में दो विधान दो निशान वाले अनुच्छेद 370 को समाप्त किया गया है। उन्होंने कहा कि 7 मई को तीसरे चरण के चुनाव में रायगढ़ से भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया को भारी मतों से विजयी बनाकर दिल्ली भेजना है। साय ने कहा कि मोदी भी कह चुके हैं कि दस साल तो ट्रेलर था, पिक्चर तो अभी बाकी है। इसलिए आप भाजपा को वोट देकर मोदी को मजबूत बनाएं, जिससे वह देश को आगे लेकर जा सकें। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपमानित करना कांग्रेस की कार्यशैली है। उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए साय ने कहा कि सरगुजा की सभी 14 सीट पर जिस तरह विधानसभा चुनाव में भाजपा को जीताया है वैसे ही लोकसभा में कांग्रेस को सबक सीखाना है।

### राय ने कहा 400 पार करेंगे

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिलासपुर संभाग क्लस्टर के सह प्रभारी कृष्ण कुमार राय ने कहा कि प्रदेश में अबकी बार 400 पार विकसित भारत का एक उद्घोष बन गया है। पूर्व राज्यसभा सांसद रणविजय सिंह जूदेव ने कहा, आप सभी का एक-एक वोट देश, छत्तीसगढ़ और रायगढ़ के विकास को समर्पित होगा।

### कांग्रेस हार का बहाना ढूंढ़ ले : प्रबल

इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रदेश मंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने कहा, इस चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस एक बार फिर हार के लिए बहाना खोज ले। कांग्रेस पार्टी के झूठ की दुकान अब नहीं चलेगी। इस अवसर पर जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने कहा मातृशक्ति ने तीसरी बार पीएम मोदी के हांथ देश की बागडोर सौंपने का मन बना लिया है।

### उत्साह बता रहा है जीत को : गोमती

वहीं पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने भी चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा इस प्रचण्ड गर्मी में आपकी विशाल उपस्थिति चुनाव परिणाम का संकेत दे रही है।

# कांग्रेस चुनाव नहीं बल्कि अपने अस्तित्व को बचाने की लड़ाई लड़ रही



पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा विधायक धरम लाल कौशिक और पार्टी के महामंत्री, प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि 58 साल कांग्रेस ने तुष्टिकरण की नीति पर सरकार चलाई और अभी भी वह तुष्टिकरण की राजनीति कर रहीहै। जिसका प्रमाण कांग्रेस का घोषणा पत्र है। राहुल गांधी यह बताए कि इंदिरा गांधी और राहुल गांधी के कार्यकाल में जातिगत जनगणना की बात क्यों नहीं हुई और अब जातिगत जनगणना पूरे देशमें करने की बात कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी कर्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा नेताओ ने कहां कि कांग्रेस अब देश में अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है इसलिए अपने घोषणा पत्रमें एक वर्ग विशेष को तमाम सुविधा देने की बात कर रही है। कांग्रेस के कई हिडन एजेंडा भी है। कांग्रेस मोदी सरकार पर संविधान को तोड़ने का बे बुनियाद आरोप लगा रही है जबकि भारतीय जनता पार्टी संविधान को स्थापित करने वाली पार्टी है ना कि समाप्त करने वाली पार्टी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस हमेशा से वोट बैंक की राजनीति करते आई है और इस बार भी वह यही कर रही है जिसको वह अपने घोषणा पत्र में के रूप में सामने लाई है। कांग्रेस झूठ, षड्यंत्र और दादागिरी के माध्यम से सरकार बनाने का सपना देख रही है। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस घोषणा पत्र से आदिवासी, ओबीसी विरोधी चेहरा उजागर हो गया है। कांग्रेस के घोषणा पत्र से अन्य सभी वर्गों में नाराजगी देखी जा रही है। कांग्रेस का घोषणा पत्र अल्पसंख्यक वर्ग तक ही सीमित हो गया है, जबकि मोदी सरकार के10 साल के कार्यकाल में सभीवर्गों को महत्व दिया गया। अटल बिहारी वाजपेई की सरकार ने अल्पसंख्यकों के लिए अलग से मंत्रालय बनाया था वर्ष 2014 के पहले जिसके बजट में 28000 करोड रुपए का प्रावधान था जिसे मोदी सरकार ने 128000 करोड रुपए कर दिया था। कांग्रेस को संविधान पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है क्योंकि संविधान के खिलाफ जाकर इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगाई थी जबकि उसे कोर्ट के आदेश अनुसार प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए था। भाजपा नेताओ ने कहा कि संविधान और आरक्षण में भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार कभी कोई छेड़छाड़ नहीं करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# राहुल गांधी के खिलाफ अपशब्द कहने वालों के खिलाफ चुनाव आयोग से उचित कार्यवाही की मांग

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा सोशल मीडिया में कांग्रेस नेता एवं सांसद राहुल गांधी के फोटो सहित हिन्दुओं की संपत्ति छिनकर मुसलमानों को देने का सपना देखने वाला राहुल बाबा और संपत्ति चोर राहुल जैसे अपशब्दों से संबोधित करते हुए सोशल मीडिया में अपडेट करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध उचित कानूनी, समुचित कार्यवाही किये जाने की शिकायत कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त से किया। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान समय में सम्पुर्ण भारत में आदर्श आचार संहिता लागू है ऐसी स्थिति में भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा सोशल मीडिया में कांग्रेस नेता एवं सांसद राहुल गांधी के फोटो सहित हिन्दुओ की संपत्ति छिनकर मुसलमानों को देने का सपना देखने वाला राहुल बाबा और संपत्ति चोर राहुल जैसे अपशब्दो से संबोधित करते हुये सोशल मीडिया में अपडेट किया गया है। जिसका प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग घोर आपत्ति शिकायत करती है। अतः निवेदन है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा धर्म के नाम पर उक्त प्रकार से हिंसात्माक और जाति और धर्म के नाम पर झूठा प्रचार सोशल मीडिया में की जा रही है जो कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 125 के अंतर्गत दण्डनिय अपराध की श्रेणी में आता है। अतः निवेदन है कि उपरोक्त फोटो को सोशल मीडिया से तत्काल हटाया जाये और सोशल मीडिया में प्रकाशित करने वाले भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के द्वारा धार्मिक भावनाओं को प्रभावित करने और शांति व्यवस्था तथा संप्रदायिक भावनाओ को भड़काने वाले के विरूद्ध शीघ्र ही उचित कानूनी समुचित कार्यवाही किये जाने की कृपा की जाये। उक्त कार्यवाही से हमें अवगत करने की कृपा करें। ज्ञापन सौंपने वाले में कांग्रेस विधि विभाग प्रदेश अध्यक्ष डॉ. देवा देवांगन, नंदकुमार पटेल, मोइनुद्दीन कुरैशी, अंकित कुमार मिश्रा, राम शंकर सोनकर, ज्ञानेश्वर यदु आदि उपस्थित थे।

# श्रमिकों के साथ बोरे-बासी खाकर सीएम साय ने मनाया मजदूर दिवस

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एक मई को श्रमिक दिवस पर राजधानी के गांधी चौक में आयोजित कामगारों का सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने श्रमिकों के साथ बोरे बासी का स्वाद चखा। सीएम साय ने श्रमिक दिवस की सभी श्रमिकों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मजदूर दिवस पर श्रमिकों के साथ भोजन करने का मौका मिला है। सीएम साय ने समारोह में संबंधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में दो साल राज्य श्रम मंत्री के रूप में काम किया। इस अवसर पर विधायक मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, पुरंदर मिश्रा और कवि सुरेन्द्र दुबे समेत अन्य भाजपा नेता-कार्यकर्त्ता समेत श्रमिक शामिल थे।

# कॉलोनी में चल रहे सेक्स रैकेट का पुलिस ने किया भंडाफोड़, दलाल सहित 16 लोग गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

शहर से लगे गोकुलधाम में किराए का मकान लेकर दलाल बाहर से लड़कियों को बुलाकर उनसे देह व्यापार करवा रहा था जिससे कॉलोनी के आसपास का माहौल खराब हो रहा था, मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी घेराबंदी कर मंगलवार को देह व्यापार में लिप्त दलाल सहित 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शहर में चल रहे सबसे बड़े सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दलाल सहित 14 युवतियों और 7 युवकों को पकड़ा है। उनके कब्जे से दो कार, नकद व आपत्तिजनक सामान बरामद किया गया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है सकरी पुलिस को सूचना मिली कि अमेरी गोकुलधाम के पास एक कालोनी में किराए के मकान में बड़ा सेक्स रैकेट चलाया जा रहा है। एक युवती स्कूटी लेकर अमेरी चौक नेहरू नगर रोड पर ग्राहक के आने का इंतजार करते हुए खड़ी हुई है। सूचना पर उच्च अधिकारियों ने अलग अलग थानों की टीम बनाकर अमेरी चौक में दबिश देकर युवती को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर उसने दलाल के कहने पर ग्राहक से मिलने आना स्वीकार कर लिया। उसके निशानदेही पर गोकुलधाम के पास किराए के मकान में दबिश देकर दलाल युवक सहित 4 युवतियों व युवकों को पकड़ा गया।

### कांग्रेस सरकार बनने पर कर्ज माफी के साथ एमएसपी कानून बनेगा : विकास



**रायपुर।** रायपुर लोक सभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने अभनपुर विधानसभा में धुआंधार प्रचार किया, अभनपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ऊपरवारा भेलवाडीह पचेड़ा कठिया तामाशिवनी तोरला पारागांव नवागांव तर्री पटेवा कुर्रा हसदा में जन आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से लोगों तक पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गांव गांव में सभाएं भी ली, विभिन्न समाज के लोगों से मुलाकात कर उनका समर्थन मांगा। साथ ही विभिन्न स्थानों पर हो रहे शादी समारोह में भी शामिल हुए हैं और वर वधु को आशीर्वाद दिया।

# बृजमोहन के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब जन्मदिन पर मिला जीत का आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने राजधानी रायपुर दक्षिण में रोड शो कर जनता से समर्थन मांगा। रोड शो लाखे नगर मंडल, पुरानी बस्ती मंडल, सदर मंडल, सिविल लाइन मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में किया गया। इस दौरान जगह जगह पुष्पवर्षा, माला पहनाकर और जोरदार आतिशबाजी कर बृजमोहन अग्रवाल का स्वागत किया गया। बृजमोहन का जन्मदिन होने के कारण स्थानीय जनता की खुशी कई गुना बढ़ गई थी। बृजमोहन अग्रवाल ने भी जनता को निराश नहीं किया और जगह जगह उनको संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह रायपुर दक्षिण की जनता का प्यार ही है कि लगातार आठ बार से वह यहां से विधायक चुने गए हैं और पांच बार मंत्री भी बने हैं उन्होंने कहा कि मैं जो कुछ भी हूं अपनी जनता के कारण ही हूं। मैं कोई चुनाव नहीं लड़ता मेरा चुनाव जनता लड़ती है। उन्होंने कहा कि आपकी मेहनत का ही नतीजा है कि आज हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुझे लोकसभा चुनाव में उतारकर दिल्ली में रायपुर का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया है। मुझे पूरी उम्मीद है कि इस बार भी रायपुर की जनता की विजय होगी और दिल्ली में रायपुर का डंका बजेगा।

### बृजमोहन ने कार्यकर्ताओं-शुभचिंतकों संग मनाया जन्मदिन

मजदूर दिवस के दिन जनसेवा में लगे रहने वाले जननेता मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का जन्मदिन है। बीती रात से ही उनके निवास पर जन्मदिन की बधाई देने भाजपा कार्यकर्ताओं, उन्हें चाहने वाले नागरिकों, पारिवारिक लोगों का तांता लगा रहा। इस दौरान दर्जनों केक काटे गए। भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी तरल सोलंकी की तरफ से 65 केक कटवाए गए। मिठाईयां बांटी गई और बृजमोहन अग्रवाल को बधाईयां दी जाती रही। इतना ही नहीं बृजमोहन अग्रवाल के चाहने वालों ने राजधानी रायपुर में जगह जगह विशेष आयोजन किए। चंगोराभाठा में बृजमोहन अग्रवाल को लड्डुओं से तौला गया। तो वहीं सिविल लाइन मंडल के अंतर्गत पं. भगवती चरण वार्ड के बैरनबाजार हनुमान मंदिर के पास बृजमोहन अग्रवाल के जन्मदिन पर शरबत वितरण किया गया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजू नारायण सिंह ठाकुर के नेतृत्व में आकाशवाणी काली मंदिर में उनकी दीर्घायु जीवन के लिए हवन पूजन किया गया।






सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403